e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 15
बुधवार
15.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
किसी की सलाह से रास्ते जरुर मिलते है पर मंजिल तो खुद की मेहनत से ही मिलती है!

## क्विक न्यूज

### मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए वोटर बीट्स 2025 संगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में मंगलवार को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मतदाता जागरूकता बढ़ाने और भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सुंदर नर्सरी में संगीत कार्यक्रम 'वोटर बीट्स 2025' का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने इन पहलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य सभी मतदाताओं को चुनावों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सीईओ ने कहा,युवा मतदाता हमारे लोकतंत्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपका वोट आपकी आवाज है। मैं युवा मतदाताओं से आग्रह करती हूं कि वे आगे आएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। अपने वोट डालकर, युवा नागरिक नीतिगत निर्णयों को सीधे प्रभावित कर सकते हैं और एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली में योगदान दे सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने पतंग उड़ाकर कर्मशील बनने का दिया संदेश

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व पर जल महल की पाल पर पतंग उत्सव (काइट फेस्टिवल) का जुब्बारे एवं पतंग उड़ाकर शुभारंभ किया। मकर संक्रांति के पर्व पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कर्मशील व दानशील बनने का संदेश देते हुए जरूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पतंगों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### आदित्य ने दिल्ली में राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**अररिया :** दो दिवसीय राष्ट्रीय शोतोकान कराटे चैंपियनशिप का आयोजन तालकटोरा इंदौर स्टेडियम दिल्ली में 12 और 13 जनवरी को किया गया। जिसमें फारबिसगंज के रिटायर्ड ऊपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वशिष्ठ प्रसाद सिंह माता किरण देवी के लाल आदित्य ठाकुर ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने जिला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। रेंशी संजीव गुप्ता एवं रमेश सैनी ने पदक देकर सम्मानित किया। मौके पर टीएमएए-शोतोकान भारत शाखा के संचालक हांशी टाइगर नसीम खान एवं अररिया जिला कराटे एसोसिएशन के रेंशी शमसाद अंसारी मौजूद थे।जिन्होंने आदित्य के कामयाबी पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कोण्डागांव में नक्सलियों के 14 भरमार बंदूक,16 टिफिन कूकर बम और अन्य सामग्री बरामद

**कोंड़ागांव :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला कोंडागांव में पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियार, टिफिन बम विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की गई है।कोंडागांव पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह कोंडागांव जिला रिजर्व पुलिस बल और बस्तर फाइटर के जवान थाना पुंगारपाल क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर ग्राम कुदूर, दीपाकोड़ेनार, तुमड़ीवाल के आस-पास जंगल-पहाड़ी क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। जहां जिला रिजर्व पुलिस बल और बस्तर फाइटर के संयुक्त टीम ने कुंदर तुमड़ीबाल के जंगल-पहाड़ों पर नक्सलियों द्वारा छिपाये गए भरमार बंदूक 14 नग, टिफिन बम 14 नग, कुकर बम 2 नग, रस्सा 1 बण्डल, नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया गया। बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामदगी के साथ ही जवानों का अभी भी लगातार उसके आस-पास के इलाकों में गस्त-सर्चिंग अभियान जारी है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

**प्रयागराज :** त्रिवेणी के तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# 3.50 करोड़ लोगों ने किया पहला अमृत स्नान

एजेंसी

**प्रयागराज :** प्रयागराज में प्रथम महाकुम्भ अमृत स्नान के अवसर पर 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संगम में पवित्र स्नान किया। श्रद्धेय संतों की पावन उपस्थिति में महाकुम्भ क्षेत्र का संपूर्ण वातावरण और अधिक दिव्य एवं अलौकिक हो गया।इस मौके पर सीएम योगी ने सभी संतों और श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम महाकुंभ-2025, प्रयागराज में पावन मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। महाकुम्भ नगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। हर मार्ग पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की गहन जांच की गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहा। डीआईजी कुम्भ मेला वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी समेत पुलिस टीम ने घोड़े के साथ मेला क्षेत्र में पैदल मार्च किया और अमृत स्नान जा रहे अखाड़ा साधुओं का मार्ग प्रशस्त किया। 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले स्नान घाटों पर हर हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष सुनाई दिए। साधुओं के अमृत स्नान के साथ ही आम श्रद्धालुओं ने भी अपनी आस्था की डुबकी लगाई। संगम के आसपास गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ चारों ओर से देखी गई। इस दौरान सभी ने हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों से संगम क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।सोमवार शाम से ही महाकुंभ नगर में जन ज्वार आने लगा था, जिसका क्रम देर रात तक चलता रहा। सोमवार को हुए पौष पूर्णिमा पर डुबकी लगाने वाले ज्यादातर श्रद्धालु भी अमृत स्नान करने रुक गए।

### प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को बधाई दी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मकर संक्रांति के महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर महाकुंभ की झलकियां साझा करते हुए लिखा,महाकुंभ में भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम। मकर संक्रांति महापर्व पर महाकुंभ में प्रथम अमृत स्नान में शामिल सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुम्भ का शुभारंभ हो गया है। कुम्भ के दूसरे दिन मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर दोपहर तक संगम में 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है।

### पहले अमृत स्नान पर पूरा ब्रह्माण्ड ही संगम पर बस गया : श्रीमहंत नारायण गिरि

**महाकुम्भ नगरः** प्रयागराज महाकुम्भ में पहला अमृत स्नान मंगलवार को मकर संक्रांति पर हुआ तो ऐसा लगा कि मानो पूरा ब्रह्माण्ड ही संगम पर बस गया। जिधर भी नजर जाए उधर ही करोड़ों ऋषि मुनि, साधु-संत व भक्त नजर आ रहे थे। मंगलवार को सभी 13 अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सबसे पहले महानिर्वाणी व अटल अखाड़ा के साधु-संतों ने स्नान किया। महानिर्वाणी व अटल अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी ने प्रातः 5.15 बजे शिविर से प्रस्थान किया और 6.15 बजे संगम पर पहुंची।



### श्रृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की लगाई डुबकी

नख से शिख तक भभूत। जटाजूट की वेणी, आंखों में सूरमा, हाथों में चिमटा, होठों पर सांब सदाशिव का नाम। भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 श्रृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई।महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में अपने इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का श्रृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

## झारखंड से महाकुंभ के लिए 10 ट्रेनों का परिचालन शुरू करेगा रेलवे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची से महाकुम्भ के लिए 19 जनवरी को स्पेशल ट्रेन खुलेगा. यह संभव हो पाया है रांची के सांसद सह देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास की बदौलत. उन्होंने रांची वासियों से बड़ी से बड़ी संख्या में महाकुंभ यात्रा करने का आह्वान किया है. स्पेशल ट्रेन के साथ-साथ रांची रेल मंडल से 10 ट्रेनों का परिचालन होगा. ये ट्रेनें अलग-अलग क्षेत्र से आकर रांची होकर गुजरेंगी. रांची से या रांची होकर अधिक से अधिक ट्रेनों का परिचालन कुंभ के लिए हो, इसके लिए रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे चर्चा की थी. उनसे आग्रह किया था कि कुंभ ट्रेनों का परिचालन रांची के रूट से किया जाए. इससे रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पुरुलिया, जमशेदपुर, सरायकेला खरसावां सहित कई जिलों के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इन ट्रेनों के परिचालन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है. संजय सेठ ने कहा कि यह पहला अवसर है जब रांची को कुंभ मेला के लिए इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों की सौगात मिली है. हर ट्रेन का परिचालन रांची स्टेशन होकर ही होगा और पर्याप्त संख्या में यहां से इन्हें सीटें भी उपलब्ध कराई जाएंगी. यात्रियों को किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो, इसे लेकर रेलवे हर प्रकार की व्यवस्था कर रहा है. इन सभी ट्रेनों में सामान्य क्लास, स्लीपर क्लास और एसी क्लास की बोगियां भी होंगी. रक्षा राज्य मंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि 12 वर्षों के अंतराल पर लगने वाले इस महाकुंभ में अधिक से अधिक सनातनियों को जाना चाहिए और सनातन के इस महापर्व में भाग लेना चाहिए.

**इससे रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पुरुलिया, जमशेदपुर, सरायकेला खरसावां सहित कई जिलों के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इन ट्रेनों के परिचालन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है.**

## गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ की दो नई बटालियन को दी मंजूरी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने एयरपोर्ट और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। नई बटालियन के गठन के साथ ही बल के कर्मियों की संख्या लगभग 2 लाख तक पहुंच जाएगी। यह फैसला न केवल सीआईएसएफ की क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करेगा। सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा,गृह मंत्रालय ने दो नई बटालियनों के निर्माण को मंजूरी देकर सीआईएसएफ के महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा,यह निर्णय, हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन के साथ मिलकर बल की क्षमता में वृद्धि करेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और 2,000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को मंजूरी मिल गई है।पिछले साल के अंत में बल के लिए एक महिला बटालियन को मंजूरी दी गई थी। बल के पास वर्तमान में 12 रिजर्व बटालियन हैं, जिनमें से प्रत्येक में 1,025 कर्मी हैं। नई बटालियन आंतरिक सुरक्षा से संबंधित तत्काल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों का एक पूल बनाकर सीआईएसएफ की बढ़ती मांगों को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण होंगी।

### आचार संहिता उल्लंघन के लिए पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कालकाजी में मुख्यमंत्री आतिशी से संबंधित सरकारी वाहन में चुनाव संबंधी सामग्री ले जाने के लिए पीडब्ल्यूडी के एक कार्यकारी इंजीनियर के खिलाफ रिटर्निंग ऑफिसर ने एफआईआर दर्ज कराई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को दक्षिण-पूर्व डिवीजनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजय कुमार के खिलाफ गोविंदपुरी थाना पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है।रिटर्निंग ऑफिसर ने शिकायत में उल्लेख किया है कि 7 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा के बाद, एक पीडब्ल्यूडी सरकारी वाहन का इस्तेमाल कथित तौर पर आआपा के चुनाव कार्यालय में प्रचार सामग्री पहुंचाने के लिए किया गया था।

## दिल्ली और कश्मीर के साथ समान व्यवहार करती है भाजपा सरकार : राजनाथ सिंह



एजेंसी

**जम्मू :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू के अखनूर इलाके में 108 फुट का राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के लोगों के दिलों के बीच की दूरी को कम करने के उनके प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली और कश्मीर के साथ समान व्यवहार करती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवें सशस्त्र बल दिग्गज दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम आज अखनूर में भूतपूर्व सैनिक दिवस मना रहे हैं। यह हम सभी के लिए बड़ा दिन है। कश्मीर के साथ पिछली सरकारों द्वारा अलग व्यवहार किया गया। जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के हमारे भाई-बहन दिल्ली से उस तरह जुड़ नहीं पाए जैसा उन्हें होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि हम कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच 'दिलों की दूरी' को पाटने का काम कर रहे हैं।रक्षा मंत्री ने कहा कि अखनूर में वेटरन्स डे समारोह यह साबित करता है कि अखनूर का हमारे दिलों में उतना ही स्थान है जितना दिल्ली का है। राजनाथ सिंह ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को याद करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में अखनूर में युद्ध लड़ा गया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के प्रयासों को विफल करने में सफलता पाई थी।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवें सशस्त्र बल दिग्गज दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम आज अखनूर में भूतपूर्व सैनिक दिवस मना रहे हैं। यह हम सभी के लिए बड़ा दिन है।**

## दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी मामले में दिल्ली पुलिस ने किया खुलासा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के 400 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. पुलिस ने जांच में पाया है कि धमकियां देने वाला कोई और नहीं बल्कि एक बच्चा है जो स्कूलों को ऐसे मेल करता था.

वहीं, जांच में ये भी सामने आया है कि आरोपी बच्चे के पिता एक एनजीओ से जुड़े हैं, जिसका कनेक्शन अफजल गुरु से है.इसको लेकर अब बीजेपी दिल्ली के सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी पर हमलावर हो गई है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक प्रेस कांफ्रेंस के जरिए कहा,ये संयोग नहीं है. जब-जब दिल्ली में चुनाव होता है, उस समय दंगे का माहौल बनाना और दिल्ली के लोगों को डराने की कोशिश करना, ये सारी योजनाएं बनने लगती हैं. हम उत्तर पूर्वी दिल्ली और शाहीन बाग के दंगे भूले नहीं हैं. नाबालिग के नाम की आड़ में एक एनजीओ का नाम सामने आ रहा है और इसका संबंध अफजल गुरु से मिलता दिख रहा है. मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी इसके घेरे में हैं.

## आम आदमी पार्टी के खिलाफ नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर दर्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के खिलाफ दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी ने बीजेपी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कई आपत्तिजनक ट्वीट किए हैं. इन ट्वीट को लेकर ही बीजेपी ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. आम आदमी पार्टी ने पीएम मोदी और अमित शाह की तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए हैं और इसी के चलते पार्टी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. आम आदमी पार्टी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पोस्ट शेयर किए हुए हैं. इनमें से कुछ पोस्ट उन्होंने बीजेपी को लेकर भी किए हैं और इन्हीं पोस्ट को लेकर एफआईआर की गई है. आम आदमी पार्टी की मुख्यमंत्री आतिशी पर भी एफआईआर दर्ज की गई है.आतिशी पर आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है. यहां आपको ये भी बता दें कि आज ही आतिशी ने कालका जी सीट से अपना नामांकन भी दाखिल किया है.



# झारखंड में उग्रवाद नियंत्रित हुआ है, समाप्त नहीं : वित्त मंत्री

## जनता के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम में आला अधिकारियों के साथ मंत्री-सांसद भी पहुंचे

दीपक दुबे @ प्रभात मंत्र

**पाटन :** पलामू जिले के अति रिमोट एरिया पाटन प्रखण्ड के कसवाखाड़ पँचायत के पहाड़ी तलहटी पर बसा गांव चेतमा पुलिस पिकेट मैदान में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू सांसद वीडी राम, पलामू डीसी, एसपी, डीडीसी सहित जिले तमाम आला अधिकारियों के साथ ग्रामीण जनता से सीधा संवाद कार्यक्रम किया। सीधा संवाद कार्यक्रम में पँचायत समिति सदस्य सबिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने सड़क,बिजली,पानी,शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा आदि समस्याओं की अनकही कहानी कहते हुए बताया की आजादी के इतने दिनों बाद भी यहां कोई सुविधा नही है। बीमार पड़ने पर डोली से इलाज कराने जाते है। रास्ते मे मरीज दम तोड़ देते है। सीधा संवाद कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य लोगो को जीवन स्तर, दुख दर्द, एवं समस्याओं को जिला प्रसाशन के सामने जानना है। ताकि शासन व प्रशासन बुनियादी सुविधाओं को समाधान करने को गम्भीर हो सके।



हेमन्त सरकार ने मंत्रियों को निर्देश दिया है की सूदूरवर्ती क्षेत्रो में जाकर गरीबी उन्मूलन योजना पहुँच रही है कि नही। इसको देखे। एसपी पलामू रिस्मा रमेशन के द्वारा यह जानकारी देने पर की केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2024 को पलामू को उग्रवाद मुक्त घोषित कर दिया है। इस पर वित्त मंत्री ने कहा की उग्रवाद नियंत्रित हुई है, समाप्त नही हुआ है। अगर पिकेट एवं सुरक्षा बल हटाये जाते तो उग्रवाद पुनः पनप जाएंगे। सभी पुलिस पिकेट पर सुझाव पेटी लगाए जाएंगे। ताकि जनता अपनी समस्याओं को पेटी के अंदर डाले तथा एक सप्ताह में आवेदनों पर करवाई सुनिश्चित होगा। यहां पर एम्बुलेंस वाहन स्थायी रूप से रखने को सिविल सर्जन को कहा। महिला संम्मान योजना महिलाओ के विकास एवं आत्म निर्भर होने की योजना है। हेमन्त सरकार की यह योजना महिलाओ के लिये कल्याणकारी है। वित्त मंत्री ने उपस्थित डीसी को इस गांव के ही रहने वाले सेविका/सहायिका तथा पारा टीचरों को पदस्थापना की सुझाव दिया। ताकि योजना का लाभ तथा शिक्षा मिल सके। इन्होंने इस गांव के पूर्व इतिहास की चर्चा करते हुये कहा कि यहाँ कभी एमसीसी का साम्रज्य था। लोकतांत्रिक ब्यवस्था में इस तरह की कार्यक्रम सम्भव नही था। परहिया जनजाति को राशन लेने के कसवाखाड़ पँचायत भवन जाने एवं डाक सेवा द्वारा राशन डोर टू डिलीवरी नही करने की शिकायत ग्रामीणों से मिलने पर इन्होंने डीसी को एमओ को हटाने को कहा। डीसी शशि रंजन ने एमओ को हटाने को सहमति कार्यक्रम में दिया। सांसद बीड़ी राम ने कहा की 2023 -24 के वजट में पीएम जन मन अंतर्गत 15 हजार करोड़ रुपया सूदूरवर्ती क्षेत्रो में बुनियादी सुविधाओ को मुहैया कराने उपलब्ध कराया गया। तिसिबार- चेतमा पिकेट सड़क की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द बनेगा। साइनबोर्ड से से तिलैया सड़क की सर्वे हो चुका है। एनओसी फॉरेस्ट विभाग से देने को प्रस्ताव दिया गया है। तिलैया-चेतमा सड़क भी बनने को प्रस्तावित है। चेतमा सहित इस क्षेत्र के रिमोट अन्य गाँवो में चापाकल उपलब्ध कराया जाएगा। पीएम जन मन योजना से कोई भी गांव सड़क विहीन नही रहेगा। उग्रवाद का प्रभाव नही है फिरभी एक दो सालों तक पिकेट अथवा सुरक्षा बल नही हटाना चाहिए इसके लिये मैं आवाज उठाऊंगा। कार्यकम में डीसी शशिरंजन, एसपी रिस्मा रमेशन, डीडीसी सब्बीर अहमद, एसडीएम सुलीचना मीना, मंत्री पुत्र प्रशांत किशोर, बीडीओ अमित झा, सीओ राकेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम बातों को रखा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन अनिल कुमार, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया सुमन गुप्ता, मनोज राम,शंकर प्रसाद, ईश्वरी पाण्डेय, अरुण सिंह, जैनुअल सिद्दीकी, बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर, अखिलेश पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# हैदरनगर में सीएसपी से एक लाख की लूट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हैदरनगर :** पलामू जिले के हैदरनगर में अपराधियों ने कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दिनदहाड़े शिवप्रसाद के सीएसपी से 1 लाख रुपये लूट लिए। बाबंदिह रोड स्थित इस सीएसपी में घटना उस समय हुई जब कुंदन कुमार, सीएसपी संचालक, ग्राहकों की सेवा में व्यस्त थे।

**कैसे हुई लूट की वारदात?**

घटना के संबंध में बताया गया है कि तीन अपराधी बाइक पर सवार होकर आए। इनमें से दो अपराधी हेलमेट पहनकर सीएसपी के अंदर घुसे, जबकि तीसरा बाहर बाइक के पास निगरानी करता रहा। जैसे ही दोनों अपराधी अंदर पहुंचे, उन्होंने शटर गिरा दिया और कुंदन कुमार की कनपटी पर पिस्टल तान दी। गाली-गलौज करते हुए अपराधियों ने कैश काउंटर खोलने को मजबूर किया। डर के मारे सीएसपी स्टाफ ने दराज में रखे 1 लाख रुपये उनके हवाले कर दिए।

**घटना स्थल पर मौजूद थे ग्राहक**

वारदात के समय सीएसपी के अंदर कुछ ग्राहक भी मौजूद थे। अपराधियों ने सभी को धमकाते हुए चुप रहने को कहा। वारदात को अंजाम देने के बाद वे बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।




**पुलिस जांच में जुटी, सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा**

घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

**स्थानीय लोगों में दहशत, सुरक्षा पर सवाल**

घटना स्थल एक व्यस्त और भीड़भाड़ वाला इलाका है, लेकिन इसके बावजूद अपराधी आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। यह घटना सीएसपी संचालकों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। स्थानीय लोगों में भय का माहौल है और वे पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**प्रशासन के लिए चुनौती**

पलामू में बढ़ती आपराधिक घटनाएं प्रशासन के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस कब तक इन अपराधियों को गिरफ्तार कर पीड़ित को न्याय दिला पाती है।

# मकर संक्रांति के उपलक्ष में मेले का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मकर संक्रांति के उपलक्ष में विभिन्न जगह मेले का आयोजन किया गया क्षेत्र के बतरे नदी के किनारे देवगण धाम प्राचीन मंदिर सदियों से यहाँ मेला का आयोजन होता आया है इस मंदिर परिसर में राधा कृष्ण की मूर्ति बृजमान है जहाँ महंत साकेत बिहारी दास उर्फ फलहारी बाबा पूजा अर्चना करते हैं। इनके द्वारा कई यज्ञ का आयोजन करा चुके है और वे अब यज्ञ आयोजन से संन्यास लेकर अस्थाई रूप से मंदिर की पूजा में लगे हुए हैं उन्होंने बताया कि मुगल काल के समय यहां देवभूमि के नाम से जाना जाता था जो आज देवगन गांव के नाम से प्रसिद्ध है यहां मंदिर परिसर में खुदाई में निकली प्राचीन मूर्तियों के अवशेष आज भी उपलब्ध है जहां लोग पूजा अर्चना करते हैं देवगन धाम परिसर में हर वर्ष मकर संक्रांति के दिन मेले का आयोजन होता आया है। इस वर्ष एक सप्ताह का मेले का आयोजन किया गया है जिसमें हजारों हजार लोग मेला घूमने आते हैं इस मेले में विभिन्न तरह पकवान के साथ मनोरंजन के लिए चरखी झूला, ब्रेक डांस, नाव आदि का लगने से मेले लोगों के लिए उत्साह बन जाता है जिसमें काफी संख्या में लोग मेला घूमने आते हैं। वही छतरपुर से सिर्फ तीन किलोमीटर दुरी पर पहाड़ी गांव स्थित टूई मेला का आयोजन किया जाता है इस मेले में महिला, बच्चे, नवजवान काफी संख्या में लोग आते हैं और विभिन्न तरह के मेले में मनोरंजन के लिए आयोजित कार्यक्रमों का लुफ्त उठाते हैं पहाड़ पर स्थित भोलेशंकर मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं साथी पहाड़ पर चड़कर मनोरंजन दृश्य के नजारे लेते हैं इस मेले भी काफी संख्या में लोग घूमने आते हैं।

# सीएसआर के साथ पूरा ग्रासिम परिवार सामाजिक कार्यों के प्रति सजग : हितेंद्र अवस्थी

आलोक पांडेय @ प्रभात मंत्र

**मेदिनीनगर (पलामू) :** रेहला ग्रासिम के सीएसआर द्वारा जनवरी 2025 को ज्वाय ऑफ गिविंग के रूप में मनाया जा रहा है. जिसका आधिकारिक शुरुआत मंगलवार को मंकर संक्रान्ति के अवसर पर समारोह पूर्वक किया गया.इसके लिये आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज समारोह आयोजित किया गया. जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास व आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नुरुल हक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार ने किया.ज्वाय ऑफ का गिविंग के तहत विभिन्न सरकारी विद्यालयों के लगभग डेढ़ सौ स्कूली बच्चों के बीच स्कूल किट, हाइजीन किट व खेल सामग्री का वितरण कर किया गया.इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि हम अपने सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है. उन्होंने नये



सत्र में सीएसआर के माध्यम से संचालित किए जाने वाले कई अनूठे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी.बताया कि दीदी की दुकान योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, मोबाइल मेडिकल वाहन के द्वारा आसपास के क्षेत्र में लगातार मेडिकल कैंप की व्यवस्था,शिक्षा में गुणवत्ता व उत्थान के लिये स्कूलों में पुस्तकालय सुविधा व विशेष अभियान चलाना, क्षय रोग के उन्मूलन के लिये क्षय रोगियों के निरंतर मॉनिटरिंग की आधुनिक सुविधायुक्त व्यवस्था और युवाओं के रोजगारपरक बनाने हेतु उन्हें विभिन्न विभिन्न प्रकार के कौशल विकास की गतिविधियों से जोड़ना हमारी इस वर्ष की प्राथमिकता है.उन्होंने बताया कि जॉय आफ गिविंग में 50 प्रतिशत की राशि कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों व महिला मंडल के सदस्यों द्वारा इकट्ठा की गयी है, जो यह प्रदर्शित करता है कि सीएसआर के साथ-साथ पूरा ग्रासिम परिवार सामाजिक कार्यो के प्रति सजग व संवेदनशील है. उन्होंने कहा कि वैसे तो हम सालों भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं. लेकिन यह महीना विशेष इसीलिए है कि इसमें ग्रासिम परिवार के प्रत्येक सदस्य की भागीदारी हो रही है.उन्होंने कहा कि बांटने की खुशी सब खुशियों से ऊपर है. समाज के अभावग्रस्त तबके की समस्या को साझा कर उसे दूर करने में सहायक बने तो इससे बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं हो सकता. मौके पर अनुपम मिश्रा, वंदना झा, प्रीति दास, निशा पाठक, ब्रजराज चौबे, राजेश चौबे, व्रज किशोर शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला, सीएसआर के अनिल गिरि, नागेंद्र यादव सहित जन सेवा ट्रस्ट के कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मकरसंक्रांति के अवसर पर क्षेत्र में दो जगह लगा मेला



**विश्रमपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्रामपुर प्रखंड के घरटिया स्थित झारनेश्वर शिव मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को भव्य मेला लगा. विशेष पूजा-अर्चना के लिये श्रद्धालु अहले सुबह से ही झारनेश्वर मंदिर पहुंच कर पूजा-पाठ में जुट गये थे. पूजा अर्चना का सिलसिला सारा दिन चलता रहा. मेला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. जहां स्थानीय भोजपुरी गायको ने एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत गाकर लोगो का मन मोह लिया.इधर रेहला कोयल नदी तट पर भी वार्षिक मेला लगा. यहां भी श्रद्धालु कोयल नदी में अहले सुबह से ही आस्था की डुबकी लगाने लगे थे।

# विश्रामपुर बस स्टैंड पर चूड़ा-गुड़ व तिलकुट का किया गया वितरण



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला योजना समिति सदस्य सह निवर्तमान पार्षद संजय बैठा ने मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर चुड़ा-गुड़ व तिलकुट का वितरण किया. विश्रामपुर बस स्टेंड पर स्टॉल लगाकर उन्हें टेम्पो चालको व स्थानीय लोगो के बीच चुड़ा-गुड़ तथा तिलकुट बांटा.श्री बैठा ने सभी को मकर संक्रांति की शुभ कामना देते हुये कहा कि जो लोग अभाव के चलते मकर संक्रांति नही मना पाते हैं उन्हें प्रत्येक वर्ष अपनी ओर से चुड़ा-गुड़ व तिलकुट देता हूं, ताकि ताकि अभावग्रस्त लोगों के घर मे भी पर्व मन सके.मौके पर राजेश मार्शल, मुकेश चौधरी, इश्फाक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में किया गया नुक्कड़ सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** केंद्र सरकार के कृषि व्यापार राष्ट्रीय नीति के विरोध में सोमवार की शाम संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में बालिका उच्च विद्यालय के निकट नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के दौरान कृषि व्यापार राष्ट्रीय नीति नवम्बर 2024 के मसौदा की प्रति को जन विरोधी करार देते हुये जलाया गया। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि विगत 2022 से 2023 तक लगातार 13 महीने दिल्ली वार्डर पर हुये जबरजस्त किसान आंदोलन के दबाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा माफी मांगा गया था तथा एमएस पी की गारंटी करने का आश्वासन दिया गया था जो झूठा साबित हुआ। केंद्र की भाजपा सरकार ने एमएस पी की गारंटी देने के बजाय विगत 25 नवम्बर 2024 को किसान मजदूर विरोधी कृषि व्यापार नीति का मसौदा थोप रही है। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की इस जन विरोधी नीति के खिलाफ संघर्ष तेज करने की जरूरत है। उन्होंने आम अवाम से एकजुट होकर इस नीति का विरोध करने की अपील किया। नुक्कड़ सभा को ए आई डी वाई ओ के जिला प्रभारी कयामुद्दीन अंसारी, ए आई के के एम एस के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला सचिव अजय कुमार सिंह,वरिष्ठ सदस्य शिवकुमार सिंह, अखिल भारतीय किसान महासभा के कामेश्वर विश्वकर्मा, अखिल भारतीय जन अधिकार सुरक्षा कमिटी के जिला प्रभारी विनय विश्वकर्माने सम्बोधित किया।मौके पर अखिल भारतीय किसान महासभा के दिलीप गुप्ता,राजू विश्वकर्मा, गिरधारी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय विधुत उपभोक्ता संघ के जिला प्रभारी राजेश कुमार ने किया।

# पूर्वडीहा में धर्मविलीन सुखदेवाचार्य के पुण्य स्मृति पर मेला का किया गया आयोजन

## भारत देश में सनातन धर्म को मानने वाले लोग मकर संक्रांति का पर्व मनाते हैं : के एन त्रिपाठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव में कोयल नदी तट पर पारंपरिक मेले का आयोजन धर्मविलीन सुखदेवाचार्य जी महाराज के पुण्य स्मृति में मेला का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री केंएन त्रिपाठी ने द्वीप प्रतिज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे भारत देश में सनातन धर्म को मानने वाले लोग मकर संक्रांति का पर्व मनाते हैं।सनातन परंपरा के अनुसार आज मोक्ष का दिन है। इस कार्यक्रम में मुख्य कलाकार सुपर स्टार गायक राकेश मिश्रा, शिवानी सिंह, अक्षरा



गुप्ता सभी गायक अपने गायकी अपने अपने एक से बढ़कर एक संगीत प्रस्तुत कर रहे हैं।कोयल नदी तट पर 1994 में बहुत ही भव्य और दिव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन धर्मविलीन श्री सुखदेवाचार्य जी महाराज के देखरेख में चातुर्मास व्रत के समापन के उपरांत हुआ था। जब यज्ञ के उपरांत स्वामी जी की विदाई इस गांव से हुई। आज भी ढांचाबार में उनकी समाधि स्थल तथा आश्रम अवस्थित है।इसी घटना की स्मृति में प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के दिन कोयल नदी तट पर स्थित शंकर भगवान के मंदिर के प्रांगण में पूजन के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होता आ रहा हैं।

# राजद के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक 22 को

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडों हुसैनाबाद हैदरनगर मोहम्मदगंज हरिहरगंज व पिपरा के कार्यकर्ताओं की बैठक 22 जनवरी को पुरंदर बिगहा स्थित फार्म हाउस पर आयोजित है। इस बैठक में राजद के सदस्यता अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में राजद के हुसैनाबाद अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने बताया कि बैठक में स्थानीय विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में पांचों प्रखंडों के राजद कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव संबोधित करेंगे। उन्हें अधिक से अधिक लोगों को राजद की सदस्यता दिलाने के लिए रणनीति के तहत कार्य करने के टिप्स भी देंगे। श्री अहमद ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में राजद के संगठन को और मजबूत बनाने को लेकर भी रणनीति तय की जाएगी। बैठक में सभी प्रखंडों के अलावा जिला और प्रदेश के कई पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# अंतर स्कूल जूनियर क्रिकेट में रामा साहू स्कूल बना चैम्पियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गत माह से खेले जा 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के फाइनल में सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को 34 रन से हराकर पहली बार विजेता बना। सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कार्तिक के 33 और यगीज के 19 रन के सहयोग से 98 रन बनाए। ज्ञान निकेतन की ओर से उज्जवल



ने तीन फहीन ओर शहनवाज ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। 99 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन की टीम 64 रन ही बना पाई। सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू की टीम की और से कार्तिक ने चार ओर रूपेश ने तीन विकेट प्राप्त किया। मैच के पूर्व डीएफओ अंशुमान राजहंस ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि खेल व जीवन एक-दूसरे के पर्याय है। जीवन में खेल का बहुत महत्व है। खेल में हार-जीत होती है पर हार हमें एक नई सीख देती है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कार्तिक को दिया गया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

# महायज्ञ के कार्यक्रम को लेकर पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह कर रहे हैं कैंप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। यज्ञशाला से लेकर प्रवचन स्थल की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी के पदाधिकारी तैयारी में



दिन रात जुटे हैं। कमेटी में संरक्षक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, मिथलेश पाठक, संयोजक सूर्या सिंह, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं रतन लाल, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा सहित सैकड़ों लोग मूर्ति स्थापित करने में जुटे हैं। पूर्व मंत्री सह यज्ञ कमेटी के संरक्षक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि 15 जनवरी 2025 को अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति मंदिर परिसर से भव्य जल यात्रा निकला जाएगा। जल यात्रा जपला शहर भ्रमण करते हुए देवरी स्थित सोन नदी से वैदिक मंत्रोचारण के साथ जल उठाया जायेगा। जल उठाने के बाद पुनः मां तारा शक्ति मंदिर हुसैनाबाद पहुंचेंगे। पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरुआत भी 15 जनवरी से होगी, जो 19 जनवरी तक चलेगी। 19 जनवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारा के बाद यज्ञ कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के धर्मप्रेमियों से यज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने का आह्वान किया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### जमीअतुल मोमिनीन चौरासी चुनाव को लेकर करेगी बैठक

**रांची।** इस्माईलिया उर्दू गर्ल हाई स्कूल, डोरंडा, रांची, में जमीअतुल मोमिनीन चौरासी की एक अहम बैठक हुईद्य इस बैठक में जमीअतुल मोमिनीन चौरासी की आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की गईद्य चर्चा के बाद सभी के आपसी सहमती से सभी तरह के पद के जिम्मेदारियों से मुक्त कर जल्द-से-जल्द चुनाव कराने के लिए चुनाव कन्वीनर का चयन किया गया, जो निम्नलिखित है। जुनैद आलम , मुख्य चुनाव संयोजक , नौशाद आलम , सह चुनाव संयोजक,जनाब मो जैदी ,सह चुनाव संयोजक, अकिल अख्तर, सह चुनाव संयोजक,मुख्य चुनाव संयोजक जुनैद आलम ने कहा, कि जमीअतुल मोमिनीन चौरासी चुनाव-2025 साफ-सुथरी, पारदर्शी, सभी को बिश्वास में लेकर एवं ऐतिहासिक चुनाव कराया जायेगाद्य जिसके लिए 19.01.2025 दिन रविवार को मोमिन होल, पुरानी रांची, रांची में चुनाव से सम्बंधित अहम् बैठक रखी गयी है।

### पूर्व मंत्री राजा पीटर सड़क हादसा में बाल बाल बचे

**रांची।** पूर्व मंत्री राजा पीटर सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। यह हादसा रांची-टाटा मुख्य मार्ग कांची नदी के आस पास हुआ। बताया गया कि राजा पीटर तमाड़ से बुंडू की तरफ जा रहे थे। उसी वक्त एक तेज रफ्तार से आ रही कंटेनर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद पीटर की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, बाकी सभी लोग बच गये। वहीं कंटेनर के ड्राइवर कंटेनर लेकर वहां से भाग निकला, पुलिस ने पीछा करके उसे पकड़ लिया.

# सूरमा ने बंगाल टाइगर्स को 4-1 से दी करारी शिकस्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 4-1 के शानदार स्कोर से हराया। ओलिविया शैनन (38'), शार्लेट एंगलबर्ट (42'), कप्तान सलीमा टेटे (44') और सोनम (47') ने सूरमा के लिए गोल किए, जबकि टाइगर्स के लिए हन्नाह कॉटर (7') ने पहले क्वार्टर में एकमात्र गोल किया। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की, गेंद पर नियंत्रण रखा और खेल की गति को अपनी पकड़ में रखते हुए शुरुआती मिनटों में कई गोल के मौके बनाए। हालांकि, उनके दबदबे के बावजूद, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 7वें मिनट में पहला गोल कर बढ़त बना ली। टाइगर्स को एक खतरनाक पोजीशन से फ्री हिट मिली, जिसके बाद गेंद न्यूजीलैंड की हन्नाह कॉटर के पास पहुंची, जिन्होंने गोल के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक दमदार शॉट लगाकर गेंद को पोस्ट के अंदर डाल दिया। एक गोल से पीछे चल रहे सूरमा ने 11वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता, लेकिन पेनी स्क्विब का ड्रैगफ्लिक टाइगर्स ने अच्छी तरह से डिफ्लेक्ट कर दिया। दूसरे क्वार्टर में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने मोमेंटम बनाए रखने की कोशिश की, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने डिफेंडर्स को चकमा देते हुए शॉट लगाया, जिसे सूरमा की गोलकीपर सविता ने शानदार तरीके से रोक लिया। सूरमा ने दूसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर जीते और 21वें मिनट में एक बार नेट में गेंद भी डाली, लेकिन वीडियो रेफरल में सूरमा के एक हमलावर द्वारा स्टिक इंटरफेरेंस दिखने के कारण गोल खारिज कर दिया गया।

चार मिनट बाद, शार्लेट एंगलबर्ट ने पेनल्टी कॉर्नर वेरिएशन का फायदा उठाकर सूरमा को बढ़त दिलाई। 44वें मिनट में कप्तान सलीमा टेटे ने दूरी से शानदार प्रयास कर गोल किया और तीसरे क्वार्टर के अंत तक सूरमा को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

# विधानसभा का सत्र 24 फरवरी से, तीन मार्च को पेश होगा बजट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है, जिसे राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंजूरी दे दी है। 24 फरवरी से शुरू होकर 27 मार्च तक बजट सत्र चलेगा। बजट सत्र के पहले दिन नए सदस्यों के शपथ ग्रहण के अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और शोक प्रकाश का कार्यक्रम है। बजट सत्र के पहले दिन 24 फरवरी को साढ़े ग्यारह बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। देश की दिवंगत विभूतियों को इस दिन याद कर श्रद्धांजलि देने के साथ सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बजट सत्र में कुल 20 कार्य दिवस निर्धारित हैं।

**3 मार्च को पेश होगा बजट:** राज्यपाल के अभिभाषण पर दूसरे दिन 25 फरवरी और तीसरे दिन 27 फरवरी को वाद-विवाद के साथ सरकार का उत्तर होगा। 26 फरवरी को अवकाश रहेगा। 28 फरवरी को सरकार चालू वित्त वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी। तीन मार्च को प्रश्नकाल के बाद वित्त वर्ष 2025-26 का बजट हेमंत सरकार पेश करेगी। सत्र के अंतिम दिन 27 मार्च को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्प लाए जाएंगे।

**ये रहा बजट सत्र का पूरा शेड्यूल**

24 फरवरी : नए सदस्यों की शपथ, राज्यपाल का अभिभाषण, शोक प्रकाश
25 फरवरी : प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद
26 फरवरी : अवकाश
27 फरवरी : प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, सरकार का उत्तर
28 फरवरी : प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा
01 से 02 मार्च : अवकाश
03 मार्च : वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट
04 से 07 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
08 से 09 मार्च : अवकाश
10 से 11 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
12 से 16 मार्च तक : अवकाश
17 से 21 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
22-23 मार्च : अवकाश
24 मार्चः प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक
25 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक
26 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य
27 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प

## अस्तित्व फाउंडेशन ने चूड़ा गुड, दही का किया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बढ़ती ठंड को देखते हुए अस्तित्व फाउंडेशन के द्वारा लगातार जरूरत मंदो लोगों खासकर बुजुर्ग,मजदूर के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए संस्था ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हटिया रेलवे स्टेशन के आसपास गरीबों के बीच चूड़ा, गुड, दही, तिलकूट वितरण किया गया। डॉ कीर्ति श्रीवास्तव माजी ने कहा उनका फाउंडेशन गरीबों की मदद के लिए हमेशा आगे रहेगा और ऐसे समयङ्कसमय पर उनको खाने पीने और भी जरूरत की चीजें देकर मदद करता रहेगा।

## हेमंत सरकार जनता की लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि नगर निकाय चुनावों के प्रति उदासीनता और उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर हेमंत सरकार जनता की लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने भी न्यायालय को अवगत कराया है कि हेमंत सरकार आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं कर रही है। नगर निकाय चुनावों को टालकर हेमंत सरकार प्रशासकों के माध्यम से इनके संचालन का काम कर रही है। इन प्रशासकों के संरक्षण में नगर निकायों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का बोलबाला बढ़ रहा है। बिना निर्वाचित प्रतिनिधित्व के, नागरिक हितों की अनदेखी कर हेमंत सरकार बड़े घोटाले को अंजाम दे रही है। इसके साथ मरांडी ने लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि आप सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं। सूर्य के उत्तरायण होने का यह पावन पर्व आपके जीवन में नई ऊर्जा, अपार समृद्धि और असीम उत्साह का संचार करे। साथ ही उन्होंने सभी को टुसू पर्व की भी शुभकामनाएं दी हैं। मरांडी ने कहा है कि टुसू पर्व का मुख्य उद्देश्य फसल कटाई के बाद प्रकृति तथा फसल की समृद्धि के लिए आभार प्रकट करना है। यह पर्व आदिवासी समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण है।

## जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के सौजन्य से प्रोजेक्ट राहत वींटर रिलिफ इंटीएटीव 2024-25 थीम के तहत कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन दर्सगाह इस्लामी सह अलकौशर गर्ल्सहाई स्कूल इटकी के कैम्पस में किया गया।इस में बस्ती के जरूरतमंद गरीब एवं विधवाओं के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में दर्सगाह के सचिव नुरुल हक ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमें जीवन में सिर्फ अपनी ही जरूरतों के लिए नहीं बल्कि अपने आस पास के लोगों की जरूरतों के देखभाल की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। ताकि उनकी भी जरूरतों को पूरा किया जा सके। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से स्टेट कन्वीनर सोहेल अख्तर उपस्थित रहे- प्रोग्राम को कामयाब बनाने मे इनका अहम भूमिका रहा नुरुल हक़ मुर्शीद आलम, मो सनाउल्लह, हाशिम अंसारी,इरफान अहमद, सुहैल अख्तर एवं अन्य जिम्मेदार मौजूद थे।

## लूट मामले के आरोपी सुभाष को कुडू में गोली मारकर किया घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** लोहरदगा के कुडु थाना क्षेत्र के बस स्टैंड में बाइक सवार दो बदमाशों ने ने अपराधी सुभाष जायसवाल उर्फ छोटू की गोली कर घायल कर दिया है रिम्स में इजाज़त है। सुभाष बीते दिनों राँची के पंडरा ओपी क्षेत्र में हुए 13 लाख रूपया लूट कांड और एक व्यक्ति को गोली मारने की घटना में भी शामिल था। राँची पुलिस भी उसकी तलाश कर रही थी। बताते चले कि कुडू बस स्टैंड पर खड़े एक बस एजेंट को गोली मार कर भागने की कोशिश की तो दूसरी ओर से गोलियां चलने लगीं । भीड़-भाड़ वाले इस बस स्टैंड में गोली की। आवाज से दहशत फैल गई। अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधी कुडू बस स्टैंड पहुंचे थे। वहां मौजूद बस एजेंट संतु पासवान पर एक अपराधी ने गोली चला दी। हालांकि, संतु पासवान इस गोलीबारी में बाल-बाल बच गए। वहीं, मौके पर मौजूद दूसरे अपराधी एनामुल ने पहले अपराधी के सिर में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अपराधी को तुरंत इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। इस मामले में लोहरदगा एसपी हारिश बिन ने कहा पुलिस घटना को लेकर गंभीर है और अपराधियों की तलाश में जुट गई है। वहीं कुडू थाना प्रभारी अजीम ने बताया की गोलीबारी हुई थी जिसमें सुभाष घायल है शाम तक रिम्स में भर्ती है और सांसे चल रही है, वहीं एनामुल मंगरा गिरफ्तार है।

# लापता बच्चियाँ आपकी नहीं मेरी भी बेटी है जल्द ही मामले का होगा खुलासा : डॉ इरफान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीते 80 घंटे से अधिक हो गए हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की दो सगी बहनें रहनुमा और अमरीना का लापता हुए।

दोनों बहने आधार कार्ड में सुधार करवाने के लिए लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली आई थी और यही से वे लापता हो गई है , जिसकी तलाश में रांची पुलिस जुट चुकी है। लगभग 80 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद परिजनों का हाल रो रोकर बुरा हो गया है। इन दोनों बहनें अबतक सकुशल घर नहीं लौटी तो स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सूचना मिलते ही खुद पीड़ित परिवार के घर हिंदपीढ़ी ग्वाला टोली पहुंचे और यहीं उनके परिजनों से मुलाकात की। बातचीत किये और उन्हें आश्वासन दिये कि उनकी बेटी सकुशल बरामद कर लिया जायेगा। इस सरकार में पुलिस प्रशासन गंभीर हैं और लापता बच्चियों की तलाश में जुट चुकी है।

उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है की सकुशल बच्चियों घर लौट कर आएगी। साथ ही डॉक्टर इरफान अंसारी ने यह भी कहा कि ये दोनों बच्चियाँ सिर्फ आपकी बेटी नहीं है यह हमारी भी बेटी है और सरकार जो है आपके द्वार पर आई है, हम सब आपके साथ हैं, आपकी मदद के लिए हर संभव तैयार है । इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर हसन अंसारी , कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव , कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अनवार अहमद , झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, गुलाम जावेद, तनवीर अहमद, शकील अख्तर, सन्नी, शाहीद आयुबी सहित हिंदपीढ़ी के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए आम जनता भी करे सहयोग : डॉ इरफान

रांची। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से झारखंड के सभी सांसदों, विधायकों और मंत्रियों से आगामी बजट सत्र से पूर्व सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का आगामी वित्तीय बजट सत्र शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग का बजट भी विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें, ताकि बजट में उन सुझावों का यथासंभव समावेश कर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।डॉ. अंसारी ने कहा कि एक चिकित्सक होने के नाते वे स्वास्थ्य व्यवस्था की चुनौतियों और आवश्यकताओं को भली-भांति समझते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनका यह कदम झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## इक्कीशो महादेव धाम मंदिर पुनर्निर्माण कार्य पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कान्यकुब्ज स्वर्णकार पंचायत रांची के अध्यक्ष रविन्द्र लाल ने खरवास के समाप्ति के साथ 14-1-2025 को एक अहम फैसला लेते हुए इक्कीशो महादेव धाम मंदिर चुटिया का पुनर्निर्माण कार्य पुनः प्रारम्भ करने का घोषणा करते हुए पंचायत के उत्साही एवम मंदिर निर्माण कार्य सामर्थ्यनुसार स्वेक्षा पूर्वक तन,मन और धन से सेवा का संकल्प लेने वाले पंचायत सदस्यों का एक 11 सदस्यीय टीम जो की पंचायत के मातहत कार्य करते हुए उमेश प्रासाद(संयोजक) के नेतृत्व मंदिर निर्माण कमेटी के नाम से गठित किया। जिसमे कोषाध्यक्ष पंकज प्रसाद , चुटिया एवम सदस्य के रूप में सर्वश्री, संतोष कुमार सोनी, शम्भू प्रसाद, गोपाल सोनी, दिलीप साहू लोहरा कोच, आनन्द वर्मन बाबू डॉ प्रेम वर्मन, सुमित कुमार , मुन्ना सोनी एवम 9 पंकज कुमार ,हरमू को मनोनित किया गया । इसके अलावे पंचायत के सभी सदस्य कमेटी का सदस्य अपने स्वेक्षा से कमेटी को सूचित कर बन सकते है तथा मंदिर निर्माण कार्य को आगे बढ़ा सकते है।उपरोक्त जानकारी पंचायत के प्रधान महासचिव एवम प्रवक्ता संतोष कुमार सोनी ने दिया।

### अफीम की खेती करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में बुंडू थाना कांड संख्या 06/25 12/01/2025 धारा 18 के प्राथमिकी अभियुक्त मनसा करमाली उम्र करीब 40 वर्ष पिता चाँद्रमोहन करमाली ग्राम एदलहातू थाना बुंडू जिला राँची को उसे अपने निजी खेत में अवैध रूप से अफीम की खेती करने के आरोप में गिरफ्तार कर आज न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# मकर संक्रांति पर श्री राधा कृष्ण मंदिर मे उमड़ी भारी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा- कृष्ण मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे भारी भीड़ उमड़ रही है।

ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 5 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन के बाद 10 दिनो मे 1 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में आकर श्री राधा कृष्ण के दर्शन किए। मकर- संक्रांति के अवसर पर आज विशेष पूजा- पाठ का आयोजन किया गया। आज 15 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है। मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र है। रांची का श्री राधा कृष्ण मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है झारखंड के विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे पूरे श्रद्धा भाव के साथ श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराकर प्रसाद वितरण कर रहे हैं। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण सुचारू रूप से व्यवस्था मे लगे हुए हैं।

## ई रिक्शा वाले सीपीआई गली में लगाते हैं जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यातायात व्यवस्था में सुधार हो इस पर पुलिस लगातार प्रयासरत है , लेकिन व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है। सभी चौक चौराहों में बेतरतीब तरीके से ऑटो लगे हुए मिल जाएंगे । इसके अलावा अन्य मुख्य चौक चौराहों पर भी नो पार्किंग जोन में वाहन ने खड़ी मिल जाएगी। इसी के साथ-साथ शहीद अल्बर्ट एक्का चौक जो काफी व्यस्ततम मार्ग है और इस मार्ग से लालपुर जाने वाले मार्ग और इसके बगल वाली भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एक गाली है जो मिशन चौक वाले मार्ग पर जाकर मिलती है। इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन होता है, लेकिन कुछ दिनों से ई-रिक्शा वाले कम्युनिस्ट पार्टी वाली गली में अपना ई रिक्शा खड़ी करके रखते हैं , जिस कारण से इस गली में आने-जाने वाली वाहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, कई बार लोग जाम में फंस भी जाते हैं।

इस मार्ग से आम व खास वीआईपी मोमेंट भी होती है, लेकिन इस पर ना तो ट्रैफिक पुलिस का ध्यान है , और ना ही ई रिक्शा वाले खुद में सुधार कर पा रहे हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## मंत्री शिल्पी ने मृतक के परिवार को दी आर्थिक सहायता



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के ईटाचिल्द्री गांव में पिछले दिनों लाल मनोज नाथ शाहदेव व लाल गोविन्द नाथ सहदेव की मृत्यु हो गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की सूचना मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को मिलने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के सहयोग से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नवल किशोर सिंह के हाथो मृतक के परिवार को ब्रम्हभोज के लिए आर्थिक सहयोग पहुंचाया गया। मौके पर नवल किशोर सिंह ने कहा कि मनुष्य के प्राण विधाता के हाथ में होते हैं। हम सब ईश्वर की मर्जी के समक्ष विवश हैं, लेकिन परिजनों को आर्थिक सहायता करके उनकी मदद की जा सकती है। मौके पर पंचायत अध्यक्ष विश्वनाथ लाल,पिंकू लाल खन्ना,परवीन,अरविंद गिरी,राजेश गोप,विजय सहित मृतक के परिजन मौजूद थे।

## गरीब व जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी गुलज़ार रोड स्थित अलकौसर गर्ल्स स्कूल प्रांगण में मंगलवार को सोसाइटी ऑफ ब्राइट फ्यूचर के सौजन्य से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सोसाइटी के स्टेट कन्वेनर सोहैल अख्तर ने कहा कि असहाय लोगों की मदद करना एक नेक कार्य है और यही सच्ची समाजसेवा है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में सिर्फ अपनी ही जरूरतों के लिए नहीं बल्कि अपने आस पास के जरूरतमंदों की भी देखभाल की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के सदर हाजी मुर्शिद आलम, सेक्रेटरी नुरुल हक, प्रिंसीपल हाशिम अंसारी, मास्टर इरफान, मौलाना इनमुख़ाह रहमत, मास्टर सनाउल्लाह सहित अन्य मौजूद थे।

## मधुमक्खी के काटने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी रेलवे अस्पताल के समीप बुधवार को मधुमक्खीयों काटने से एक 80 वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर अवस्था में उसे सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक छोटा मुरी निवासी रेलवे सेवा निवृत बंकिम चंद्र पाठक मंगलवार को दोपहर 2 बजे बाजार से अपने घर जा रहे थे इसी क्रम में रेलवे अस्पताल के समीप पेड़ पर मधुमक्खी के छत्ते को पक्षी ने छेड़ दिया। जिससे मधुमखियां का झुंड हर आने जाने वालों लोगो को पीछा करने लगा।इसी क्रम में बंकिम चंद्र पाठक उनके चपेट में आ गए। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मधुमक्खी के झुंड उड़ने से बाजार के आसपास अफरा तफरी मच गई। लगभग 1 घंटे के बाद आसपास की स्थिति सामान्य हो पाया।

## नाला ढका नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्माटांड़ नारायणपुर मुख्य मार्ग के मंडल पारा से बस्ती के किनारे बना बड़ा नाला अधूरा छोड़ देना एवं नाला को खुला छोड़ देने से राहगीरों को हो रही है परेशानी इस मुख्य मार्ग के किनारे बस्ती में लगभग सैकड़ों की संख्या में इस नाला किनारे घर बसे हैं जिनके बच्चे एवं गाय बकरी का बाहर भीतर आना जाना होता है जिस वजह से कभी-कभी नाले में भी गाय बकरी गिर जाते हैं खुला नाली रहने के कारण नाला में कचरा भी भरते जा रहा है कई बार ग्रामीणों ने खुले नाले के मरम्मत को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी को अधूरे नाला को पूर्ण करने को लेकर मांग भी किया परंतु प्रशासन के अनदेखी के कारण आज ठेकेदार अधूरा नाला छोड़कर चला गया है जिसका हरजाना सड़क किनारे बसे ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है ग्रामीण शाहिद अंसारी ने कहा कि सड़क किनारे बना नाला को लेकर कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और प्रशासन से गुहार लगाई परंतु अभी तक इनका निदान नहीं हो पाया है।

### एतिहासिक तिरूफॉल मे लगा मकर सक्रान्ति मेला, लोगो की उमड़ी भीड़

# तिरूफॉल को मिलेगा पर्यटक स्थल का दर्जा : सुरेश बैठा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलॉचंल क्षेत्र के निकटवर्ती तिरूफॉल मे मंगलवार को एतिहासिक मकर सक्रान्ति मेला का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप मे कांके विधायक सुरेश बैठा और विशिष्ट अतिथि मे जिला परिषद सदस्य रंजीत गंझु, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र और माला देकर स्वागत किया गया,जिसके बाद सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने तिरू जलप्रपात के महत्व पर प्रकाश डाला।वक्ताओ ने कहा कि तिरूफॉल का अपना एक महत्व है,यहां सालो भर सैलानियो का आवागमन होता है,लेकिन मूलभूत सुविधा नही रहने



से सैलानी को परेशानी होती है। तिरूफॉल के विकाश के लिए राज्य सरकार से इस ओर ध्यान देने की अपील की गई।वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि ऐतिहासिक तिरूफॉल को पर्यटक का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।तिरूफॉल के विकास में राज्य सरकार के अलावे सीसीएल प्रबंधन प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि यहां बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जाएगा जिससे पर्यटकों को राहत मिलेगी।इधर मेला मे दुर दराज के लोग शामिल होकर जमकर खरीदारी की। मेला मे आये लोगो ने तिरूफॉल के मनोरम दृश्य का भी दीदार किया,उंची वादियो से गिरता झरना लोगो को अपने ओर आर्कर्षित कर रहा था।मेला मे राय, बचरा, डकरा,खलारी, लपरा, टंडवा, बुड़मू,केरेडारी, ठाकुरगांव, किचटो,बिलारी सहित अन्य इलाको से काफी संख्या में लोग शामिल हुए।मेला के अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे कलाकारो ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कलाकारो के द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम पर मौजुद लोग झूमने पर मजबूर हो गये।इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष लिलेद्र मुंडा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर गंझु, सचिव बिजय महतो,उप सचिव प्रकाश गंझु, कोषाध्यक्ष मजरू महतो,उप कोषाध्यक्ष कैलाश लोहरा, संरक्षक दिलिप गंझु,भोला महतो,फुलेश्वर महतो,रामेश्वर गोप,हीरालाल लोहरा, बाबुलाल महतो,रामदेव महतो सहित आयोजन समिति के सभी लोग मौजूद थे।

## सीसीएल पिपरवार प्रबधंन ने किया विस्थापित ग्रामीणो के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन ने बिजैन गांव के विस्थापित ग्रामीण रैयतो के साथ बैठक की।इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने किया।बैठक मे बिजैन गांव के विस्थापित ग्रामीणो के समस्याओ पर चर्चा की गई,जिसमे मुख्य रूप से रैयतो के लंबित नौकरी, मुआवजा एंव पुर्नवास जैसी गंभीर समस्या के अलावे खदान विस्तारिकरण पर चर्चा की गई।इस



बैठक मे विस्थापित रैयतो ने अपनी समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया,साथ ही शेष बचे रैयतो को जल्द नौकरी व मुआवजा के साथ पुर्नवास केन्द्र देने की मांग की।साथ ही न्यु बिजैन पुर्नवास केन्द्र मे मूलभूत सुविधा बहाल करने की मांग की।बैठक के दौरान पुराने बिजैन मे कोयला खदान विस्तारिकरण के दौरान ओबी हटाने के दौरान देवी स्थल काटे जाने का पुरजोर तरीके से विरोध किया गया।साथ ही जल्द ही देवी स्थल एवं मंदिर का स्थानांतरण नया बिजैन मे कराने की मांग की गई।वही प्रबंधन ने क्षेत्रिय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक रैयत विस्थापितो की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया।साथ ही ग्रामीणो से खदान विस्तारिकरण मे सहयोग करने का आग्रह किया।बैठक में जीएम संजीव कुमार, अशोका पीओ जेके सिंह, भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह,किशन अवस्थी के अलावे ग्रामीणो मे रंथु गंझु,अनिल चौबे,पच्चु गंझु,राहुल राम,सोनु गुप्ता, अनिल मुंडा,नकुल गंझु सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पिपरवार मे शोकसभा सह सर्वदलीय बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में मंगलवार की शाम क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों की सर्वदलीय बैठक संपन्न हुई।इस बैठक में पिपरवार क्षेत्र के सभी यूनियन प्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि,राजनीतिक पार्टी सहित समाजसेवी एवं प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह और संचालन झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह ने किया। बैठक में सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया।इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 वर्षों तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में अपना योगदान



दिया।इस दौरान उन्होंने देश हित में कई अहम फैसले भी लिए।उनके योगदान और उनके कार्यों को देश कभी भी भूला नहीं सकता है।उनका निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है।शोकसभा के बाद बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें बचरा क्षेत्र के विकास पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में बचरा इलाके में मूलभूत सुविधा बहाल करने सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गई और सभी को बचरा के विकास को लेकर एकजुट होने का आह्वान किया गया।बैठक मे मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,जनता मजदूर संघ के सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह,सीटू के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी,आरसीएमयू के क्षेत्रीय सचिव विधापति सिंह,रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,आरसीएमएस के क्षेत्रीय सचिव सतीश पाण्डेय, आरकेएमयू के क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता,जमंस के अध्यक्ष निर्मल सिंह,पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता,झारखंड आंदोलनकारी जेपी महाराज,कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह,राजकिशोर प्रसाद,इरफान शेख,रवि भारद्वाज,सैयद अरमान, नरेश सेठ,कादिर खान, किशन कुमार सिंह, शिवप्रसाद चौहान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बचरा दक्षिणी पंचायत मे सीएसआर के तहत सीसीएल प्रबंधन ने गरीबो के बीच बांटा कंबल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर पंचायत के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कंबल का वितरण किया गया।इस मौके पर पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी और संचालन पिपरवार क्षेत्र के सीएसआर पदाधिकारी उज्जवल कुमार ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार मौजूद थे।कार्यक्रम मे मुखिया रीना देवी ने फूलों का गुलदस्ता देकर महाप्रबंधक संजीव कुमार का स्वागत किया।कार्यक्रम



में सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा सीएसआर योजना के तहत बचरा उत्तरी पंचायत के वृद्ध जरूरतमंद विकलांग एवं विधवा महिला और पुरुषों के बीच 80 कंबल का वितरण किया।इस अवसर पर महाप्रबंधक संजीव कुमार ने पंचायत के लोगों को नववर्ष और मकर संक्रांति की बधाई दी।मुखिया रीना देवी ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है।ठंड में गरीबों को कंबल मिलने से काफी राहत मिलेगी।वही जीएम संजीव कुमार ने कहा कि गरीब और असहाय लोगों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है। कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों को इस तरह के जन सहयोग कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा इस तरह का सहयोग कर आगे भी जारी रहेगा।इस मौके पर सीएसआर ऑफिसर उज्जवल कुमार, मुखिया रीना देवी,वार्ड सदस्य रामनंदन राम,राजा भुइया,कंचन भुइया,सुधनी देवी,सुरती देवी,पार्वती देवी, देवन्ती देवी,सुनीता देवी, जसवा देवी ,गुदल महतो, प्यारी ठाकुर,सोमर मुण्डा, चवनी देवी सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## मकर पर्व अड़की के सिरकाड़ीह गांव में पारंपरिक फौदी खेल का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड अंतर्गत मौजा गाँव सिरकाडीह में पारम्परिक ढंग से मनाए जाने वाले मकर संक्रान्ति के अवसर पर फौदी खेल का आयोजन किया गया । इस खेल में लकड़ी का 20-25 गेंद (फौदी ) बनाया गया और गाँव के अंतिम छोर (नीचे टोली गाँव का )से गाँव के बीचो - बीच खेला गया, गाँव के सभी महिलाये पानी लेकर खिलाड़ियों को पानी से छिड़काव कर स्वागत किया । खिलाडी फौदी को लाठी (डंटा )से मरते -मरते गाँव के ग्राम प्रधान रोहित कुमार सिंह मुण्डा के घर में फौदी को आदिवासी परम्परा के अनुसार घुसा दिया गया, तपश्चात घर की महिलाओ ने सभी खिलाड़ियों एंव ग्रामीणों का पैर धोया, लोगों ने एक दूसरे से गले से गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दिये । ग्राम प्रधान के( घर में ) द्वारा फौदी खेलने वाले, और गाँव के लोगों को पूस पीठा, गुड़ पीठा, तिलकुट, मुढ़ी, हड़िया, खाना पीना किया गया । खाने पिने के बाद



ग्राम प्रधान के आँगन में दुसु नाच गाना शुरू किया गया । इस अवसर पर परेश मुण्डा, लागो मुण्डा, त्रिवेणी मुण्डा, प्रो देवनन्दन सिंह मुण्डा, महावीर स्वासी, रामधन मिर्धा मुकेश प्रमाणिक, मुनु पुराण, शिव पुराण,लाल लोहरा, बालेश्वर मुण्डा, दिलीप मुण्डा, काली चरण मुण्डा, नन्द लाल पुरान,बलराम मुण्डा, खिरोद मुण्डा, चिलम मिर्धा, संतोष स्वासी, पंकज पुरान, निताई मुण्डा जगरनाथ मुण्डा आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे ।

## सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे पूर्व मंत्री राजा पीटर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची - टाटा मार्ग पर पोड़ाडीह निकट कांची पुल के पास पूर्व मंत्री राजा पीटर की एक्सयूवी गाड़ी को कंटेनर ने टक्कर मार दी। उस वक्त गाड़ी में राजा पीटर भी सवार थे। वह बाल बाल बच गये। घटना के बारे राजा पीटर ने बताया कि वे दिउड़ी स्थित अपने होटल से एसबीआई बैंक बुंडू जा रहे थे। उसी क्रम में कांची पुल के पहले सिंगल लेन में जैसे ही एंट्री किये तो सामने से आ रही कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे एक्सयूवी का ड्राइवर साईड काफी क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी में खुद राजा पीटर सवार थे। जिन्हे हल्की फुल्की



चोट आई है। कंटेनर टक्कर मारने के बाद भागने लगा। जिसकी सूचना तमाड़ पुलिस को दी गयी। पीछा करते हुये कंटेनर को तमाड़ के पास पकड़ लिया गया। चालक और खलासी को पुलिस अपने हिरासत में ले लिया है। और पूछताछ की जा रही है। तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार ने खुद घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया और राजा पीटर से मिलकर घटना की जानकारी ली।

## पिपरवार के बिलारी शिव मंदिर में ग्रामीणों की हुई बैठक में कई बातों पर हुई चर्चा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी शिव मंदिर के प्राणंग में मंगलवार को ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सुनीता देवी और संचालन सरिता देवी ने किया।इस बैठक में बिलारी शिव मंदिर के विकास पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बिलारी शिव मंदिर की मरम्मती करने एवं भव्य महायज्ञ करने पर सहमति बनी।मंदिर की मरम्मति एवं महायज्ञ को लेकर इसकी तैयारी पर चर्चा की गई।क्षेत्र के सभी लोगों से इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।बैठक में मुख्य रूप से बसंत नारायण महतो,मुंशी राम,रामदेव महतो,विनोद राम,धनेश्वर महतो, लखन महतो,मुरारी सिंह,रूपलाल महतो,दुखन महतो,गायत्री देवी, तारा देवी,गीता देवी,मूलेर देवी, पुनिया देवी,पार्वती देवी,शीला देवी, पूनम देवी,फुल कुमारी,कुरमी देवी, कांति देवी,शांति देवी,संजू देवी, सुशीला देवी,सुषमा देवी,कोशिला देवी,शांति देवी,रीना देवी,बुधनी देवी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## मकर पर्व पर कासमबुरूड़ीह में पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख और उनके दल ने बांधा शमां



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कासमबुरूड़ीह में खुंटकटीदार भोलानाथ सिंह मुंडा की अगुवाई में मकर पर्व पर पहाड़ की तलहटी में जाहेर थान बुरू बोंगा की पारंपरिक पुजा अर्चना कर धोती का बांधकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख गायिका विमला देवी,गायिका ललिता देवी के मनमोहक गीतों, वाद्य यंत्र वादकों की मधुर संगीत और नृतकीयों के नृत्य से ऐसा शमां बांधा की लोग मंत्रमुग्ध होकर नाचने गाने के लिए मजबूर हो गए। मौके पर लखिंदर मुंडा ,मंटू कुमार मुंडा, जितेंद्र मुंडा ,कृष्णा मुंडा, दुखु मुंडा ,गुरुवा मुंडा, बुधराम स्वांशी,रोहित महतो, छेदी उरांव, शत्रुघ्न उरांव, फागु पहान ,श्याम कुमार,नंदलाल गुप्ता ,बलदेव सिंह मुंडा, छोटन पहन ,सोमा पहान ,लक्ष्मी नारायण स्वांशी, और गंगाधर मुंडा उपस्थित थे।

## जमाते उलेमा हल्का इटकी का बैठक 16 जनवरी को




**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम अधिकार मंच को मिला जमाते उलेमा इटकी हल्का का समर्थन वक़्फ़ संशोधन बिल के विषय में इटकी के सरज़मीं में उलेमाओं का एक अहम बैठक 16 जनवरी को होने जा रहा है इस बैठक में तमाम मसाजिद के इमाम व उलेमा का सलाह की जरूरत है । जिसमे आप सभी को आना लाज़मी है जिससे हमारे आने वाले 9 फरवरी के कॉन्फ्रेंस को कामयाब बनाया जा सके इसी उद्देश्य से जमाते उलेमा हल्का इटकी के सचिव मौलाना अब्दुर रशीद अलहुसैनी के साथ एक बैठक मुस्लिम अधिकार मंच के मरकाजी दफ्तर में हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया के सभी मसाजिद के इमाम और मदारिस के असातज़ा 16 जनवरी वक्त 10:00 बजे दिन स्थान मदीना मैरिज हॉल तिरविंधा चौक इटकी में आने की कृपा करें. मौके पर मुस्लिम अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम, केंद्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद मुर्तजा आलम , प्रवक्ता कारी जुबेर अहमद , सहित अन्य लोग उपस्थित थे !

## डेगा -डेगी बुढा महादेव स्थल सोसो में हुआ भव्य टुसू का आयोजन



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवागढ पंचायत के सोसो गाँव के स्वर्ण रेखा नदी स्थित डेगा डेगी बुढ़ा महादेव स्थल पर आज मकर संक्रांति के सुवर पर भव्य टुसू मेला का आयोजन किया गया। विदित हो की इस क्षेत्र में बुढ़ा महादेव बाबा का काफी मन्यता है। जो भी भक्त सचे मन से बाबा से मनत मांगते है उनकी मनोकामना पूरी हो जाती है। मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालु भक्तो ने बाबा के दरबार में पूजा अर्चना कर अपने इच्छीत मनोकामनाओं की पूरती के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर नागपुरी कलाकार पंकज महली, प्रीती बरला, जगदीश बड़ाईक, अरविंद जीगर आदी ने अपने संगीत से लोगों को थिरकने को मजबुर कर दिया । मौके पर अथिति के रूप में पूंदाग निवासी मां वैष्णो देवी नगर मुख्य सचिव राकेश कुमार सिंह प्रखण्ड प्रमुख दीपा उराँव, नवागढ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पंसस नवागढ फाल्गुनी शाही, आजसू प्रखंड सचिव धर्मेंद्र सिंह जगदीश भगता, संतोष बेदिया नरेन्द्र नाथ बेदिया, सोमरा बेदिया,आदि सामिल थे। मेला आयोजन में मेला समिति अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव रोहित शाही, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण महतो, अरूण बड़ाईक, प्रदीप महतो, मनोज महतो, राजेश बड़ाईक, शतीश महतो, राजू करनाली, अमर महतो, निरंजन शाही, नित्यानन्द शाही, प्रकाश महतो, अनन्त महतो, सहदेव मुण्डा, उधव महतो, किसुन बड़ाईक, अक्षय बड़ाईक, आदि का अहम योगदान रहा।

## सैमसंग ने गैलेक्सी एस सीरीज़ की प्री-बुकिंग शुरू की




**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमसंग ने अपनी नई गैलेक्सी एस सीरीज़ स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग भारत में शुरू कर दी है। यह नई सीरीज़ एआई टेक्नोलॉजी में नया अध्याय जोड़ते हुए प्रीमियम इनोवेशन प्रदान करेगी। ग्राहक केवल 2000 रुपये का टोकन भुगतान कर सैमसंग डांट कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स और प्रमुख ऑनलाइन व ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स से प्री-बुकिंग कर सकते हैं। प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 5000 रुपये तक के लाभ और डिवाइस का सबसे पहले उपयोग करने का मौका मिलेगा। सैमसंग 22 जनवरी को सैन जोस, कैलिफोर्निया में गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में इस सीरीज़ का आधिकारिक लॉन्च करेगा, जो मोबाइल एआई अनुभवों का नया मानक स्थापित करेगा और आपके जुड़ने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा।

## रिलायंस ज्वेल्स ड्रीम डायमंड सेल फिर से लौटी, हीरे के गहनों पर 30 प्रतिशत तक की छूट



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स, अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक ड्रीम डायमंड सेल के साथ वापस आ गया है। यह खास ऑफर ग्राहकों को हीरों की कालातीत चमक का जश्न मनाने का मौका दे रहा है। यह सेल 16 फरवरी 2025 तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को डायमंड वैल्यू और मेकिंग चार्जेस पर 30 फीसदी तक की छूट मिलेगी। यह अपने ज्वेलरी कलेक्शन में चमचमाते हीरे जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर है। इस साल की ड्रीम डायमंड सेल में हीरे के गहनों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जो हर मौके के लिए उपयुक्त है। स्टेटमेंट ब्राइडल सेट्स, आकर्षक रिंग्स, नाजुक इयररिंग्स, बहुमुखी कंगन और भव्य नेकलेस तक, रिलायंस ज्वेल्स के पास हर शैली और मौके के लिए कुछ खास है। ड्रीम डायमंड सेल के बारे में बात करते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ सुनील नायक ने कहा, रिलायंस ज्वेल्स में, हम हीरों के शाश्वत आकर्षण और उनसे जुड़े भावनात्मक मूल्यों को समझते हैं।

## भाजपा सोनारी ने मकर संक्रांति पर महिलाओं के बीच बांटा 100 साड़ी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी रुपनगर में सांसद विद्युत वरण महतो के मार्गदर्शन और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक नीरज सिंह के सौजन्य से मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच 100 साड़ी बांटा गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा पश्चिम विस के सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष संजय कुमार रजक, मंडल उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष डाक्टर राजीव यादव, बिराज दै, शंभु कुमार राम, अभिषेक कुमार सिंह, आदित्य दुबे, दिपक दास, विनोद प्रजापति, राकेश मंडल, डाक्टर दिपक घोष,काजल मुखर्जी, प्रदीप गोराई, महिला मोर्चा के गंगा देवी, पूर्णिमा देवी, आशा देवी, उत्तरा देवी,संजना देवी, एवं बस्ती के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नहाने गये युवक की स्वर्णरेखा नदी में डूबने से मौत




**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मकर संक्रांति के दिन एक युवक की मौत स्वर्णरेखा नदी में डूबने से हो गई। सुभेंदू मुंडा (24) पिता छोटराय मुंडा श्यामसुंदर थाना क्षेत्र के इंदबनी गांव के मुख्य टोला का निवासी था। अपने 10 दोस्तों के साथ भाखर पुल के पास नहाने के लिए आया था। उसके दोस्तों ने बताया कि मृतक युवक मोबाइल से बात कर रहा था। बाकी दोस्त नहाने के उपरांत पुल पर चले गये। वंहा सुभेंदू उर्फ जगत मुंडा नहीं था। तब बाकी दोस्त उसे खोजबीन करने के लिए नदी घाट पर दुबारा गये। एक घंटे खोजबीन के बाद उसका शव पानी में बह रहा था। इसके बाद घटना की सूचना प्रशासन को दी गई। गुड़ाबांदा और श्यामसुंदर थाना के सीमा पर स्थित होने के कारण दोनों ही थाना पदाधिकारी 4 घंटे बाद पंहुचे। श्यामसुंदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण का पता चल पायेगा।

## तिलक पुस्तकालय में कांग्रेस ने मजदूर नेता बिंदेश्वरी दुबे की जयंती पर उन्हें दी श्रद्धांजलि




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मजदूर नेता सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे का जयंती कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित की गई। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेतागण एवं पदाधिकारियों ने स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। जयंती समारोह में उपस्थित कांग्रेसजनों का स्वागत महामंत्री राजा ओझा ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, दिनेश मिश्र, प्रदेश सचिव सामंत कुमार, हरेंद्र मिश्रा, मनोज उपाध्याय, ऋषि मिश्र, अरुण कुमार सिंह, बृजेंद्र तिवारी, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, अतुल गुप्ता, श्रीराम सिंह, कमर राजा खान, अंकुश बनर्जी, सनी सिंह, अनंत लाल, भरत सिंह, मृत्युंजय कुमार गुप्ता, रणजीत सिंह, मुन्ना मिश्रा, आशीष ठाकुर, संजय घोष, अजय ओझा, राजेश पाण्डेय, अनिरुद्ध कुमार पुरी, निखिल कुमार, गौरव कुमार, रंजीत झा, राजकिशोर प्रसाद, संजय तिवारी, मुन्ना सिंह, संजय सिंह आजाद मुख्य रूप से शामिल हुए।

## अंसार खान और राजाराम पंडित ने मिलकर सुबह सवेरे गरीबों को चाय और बिस्किट खिलाया



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक पूर्व प्रतिनिधि अंसार खान और समाजसेवी राजाराम पंडित के नेतृत्व में सोमवार कड़ाके की ठंड को देखते हुए सुबह सवेरे गरीबों के बीच चाय और बिस्किट वितरण किया गया। अंसार खान ने कहा कांग्रेस पार्टी और हमारे प्रिय राहुल गांधी भी यही चाहते हैं हर गली हर चौक चौराहों पर आपस में मोहब्बत और भाईचारा पैदा हो। वहीं राजा राम पंडित ने कहा समाज के लोगों को ऐसे ही बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए पता नहीं किस वक्त किसकी दुआ आपको लग जाए। अंसार खान ने बताया मानगो गांधी मैदान पत्ता लाइन, मानगो चौक, बस स्टैंड, लाइफ लाइन हॉस्पिटल के आगे, साक्षी आई हॉस्पिटल, बसंत टॉकीज चौक, रहागीरों के बीच रिक्शा चालक इन क्षेत्रों में वितरण किया गया।

### स्वर्णरेखा महोत्सव के 20 वर्षः मिलानी हॉल में आयोजित गोष्ठी में बोले सरयू राय

# नदियों का निर्मल और अविरल बहना जरुरी

- पूजन सामग्रियों को सीधे नदी में न फेंके : चौबे
- खरकई का दूषित पानी स्वर्णरेखा में मिलता हैः केडिया
- नदी किनारे नहाते हैं, नदी की पवित्रता का ध्यान नहीं रखते : दिनेश जी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि नदियों का पानी निर्मल और अविरल बहना जरूरी है। हर माह कम से कम एक दिन हमें नदियों के किनारे काम करने की जरूरत है क्योंकि आज जो पर्यावरण की स्थिति हो गई है, वह बेहद दुखद है। स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और युगांतर भारती के संयुक्त तत्वावधान में यहां मिलानी हॉल में स्वर्णरेखा महोत्सव के 20 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर आयोजित संगोष्ठी में श्री राय ने कहा कि स्वर्णरिका महोत्सव के लिए मकर संक्रांति का दिन इसलिए चुना गया, ताकि जनसहभागिता हो। श्री राय ने कहा कि वह मंगलवार की सुबह बोधन घाट और पांडेय घाट पर गये थे। दोमुहानी पर भी गये थे लेकिन वहां गंदगी उतनी नहीं, जितनी पांडेय घाट पर है। उन्होंने इस पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि सारी गंदगी सीधे नदी किनारे फेंकी जा रही है जो नदी में ही चली जाती है।

**सरयू राय ने कहा कि हमने नदियों को अपने घर का कचरा डंप करने का अड्डा बना लिया है। यह ठीक नहीं है।**

श्री राय ने कहा कि शहरीकरण और विकास की अंधी दौड़ में सबसे ज्यादा आघात नदियों पर पड़ा है। खरकई नदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कहने को तो यह नदी है लेकिन बरसात बीतने के बाद यह नाला बन जाती है। इतना कचरा इसमें फेंक दिया जाता है कि नदी का प्रवाह टूटने लगता है। इसलिए वह नाला बन जाती है। रवींद्रनाथ चौबे ने कहा कि सरयू राय ने ठीक ही कहा था कि सतनाला से गहरा जहां का पानी मिलेगा, वही पानी शुद्ध होगा। सरयू राय मुख्य सचिव से पत्राचार कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि परिणाम अच्छा निकलेगा। उन्होंने कहा कि हम पूजा-पाठ करते हैं, करें। लेकिन, जो पूजन सामग्री है, उसे नदी में सीधे न फेकें। डॉ. मुरलीधर केडिया ने कहा कि बागबेड़ा, मानगो और जुगसलाई में जो भी कचरा सेप्टिक टैंक में डाला जाता है, वह सीधे नदी में चला जाता है। इससे जबरदस्त नुकसान होता है। उनका कहना था कि जुगसलाई का कचरा नदी के किनारे डंप होता है और खरकई का दूषित पानी अंततः स्वर्णरेखा नदी में ही जाकर मिल जाता है। उन्होंने सरकार से अपेक्षा की कि शहर में अलग-अलग स्थानों पर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बिठाए जाएं। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि पहले के लोग जब सफर पर चलते थे, तब अपने साथ एक सुराही रखते थे। वह मानते ते कि घर का पानी साफ और शुद्ध है और मिट्टी की सुराही का पानी उनके लिए बेहतर है। जाने-माने पर्यावरणविद डा. दिनेश चंद्र मिश्र ने कहा कि जब उन्होंने नदियों का अध्ययन किया तो कई बातें सामने आईं। नदियों से परंपराएं जुड़ी हुई हैं। माता-पिता और गुरुजन पहले शिक्षा देते थे, ज्ञान की बातें सिखाया करते थे। अब ये परंपराएं समाप्त हो गईं। इसके पूर्व स्वागत भाषण स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया जबकि मंच संचालन सुबोध श्रीवास्तव ने किया। आभार प्रदर्शन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी आशुतोष राय ने किया।

## संक्रांति पर दोमुहानी समेत विभिन्न नदी तटों पर आस्था की डुबकी लगाने उमड़ा जनसैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों व तालाबों में आस्था की डुबकी लगाने श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गम्हरिया के सापड़ा-शहरबेड़ा स्थित दोमुहानी नदी तट, सीतारामपुर जलाशय, गांजिया घाट, मानीकुई घाट, शिवबाँध आदि घाटों पर प्रातः चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी प्रारंभ हो गई थी जो दोपहर तक जारी रहा। इस दौरान लाखों लोगों ने नदी व तालाबों में पवित्र स्नान कर गरीबों को दान पुण्य किया। इस मौके पर दोमुहानी तट स्थित मंदिर में सप्तर्षि गुरुकुल आश्रम के बच्चों द्वारा हवन-यज्ञ आदि का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर सापडा दोमुहानी तट के समीप भव्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान दूरदराज के ग्रमीण क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने मेला का काफी आनंद उठाया। इस दौरान टूसू-मकर मेला सेवा समिति शहरबेड़ा की ओर से करीब 500 जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी और श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। इस आयोजन में समाजसेवी जोगेंद्र मंडल, महिला नेत्री प्रियंका मंडल, जमुना मंडल, रीता मंडल, दीपक मंडल, पुरनु मंडल आदि का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत समिति ने संस्थापक अध्यक्ष व संरक्षक स्व0 जनक मंडल की तस्वीर पर पुष्प व माल्यार्पण कर किया गया।

## प्राचीन कालीन सीता पंजा मेला में मानभूम महोत्सव का हुआ आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन कालीन सीता पंजा मेला में मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में मानभूम महोत्सव का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय ,पर्यटन कला-संस्कृति ,खेल कुंद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के वित्तिय सांस्कृतिक सहायता अनुदान योजना के तहत नटराज कला केन्द्र चोगा द्वारा आयोजित मानभूम महोत्सव का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक सविता महतो ने माता सीता जी का पद चिन्हों व सीता मंदिर का दर्शन कर क्षेत्र की तरक्की का कामना किया। विधायक ने कहा झारखंड सरकार की ओर से मानभूम महोत्सव झारखंडी संस्कृति को बचाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने लोगों को मकर एवं टुसू पर्व का सुभकामना भी दिया। नटराज कला केन्द्र चोगा के सचिव प्रभात कुमार महतो ने बताया कि मानभूम महोत्सव में पांता झुमरी, मानभूम छोऊ नृत्य,पंचपरगना नृत्य, पाइका नृत्य, पारम्परिक झुमर आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर मेला समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, स्नेहा महतो,अघोर प्रसाद महतो, कमला कांत महतो, उमाकांत महतो, सुनील सिंह मानकी सहित सैकड़ों मेला कमेटी सदस्य उपस्थित थे।

## उत्क्रमित प्लस टू उवि कल्याणपुर के पांच बच्चे को विधायक ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** एनसीआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय भूमिका निर्वहन और लोक नृत्य प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 5 से 8 जनवरी, 2025 को लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में किया गया। जहां सरायकेला जिले के उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय कल्याणपुर, स्कूल से पांच बच्चों ने रोल प्ले प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। वहीं वापस लौटे सभी बच्चों को ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने स्कूल जाकर हौसला अफजाई कर सम्मानित किया। स्कूल के शिक्षक समनात मंडल ने बताया प्रतियोगिता करीब 30 से अधिक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से कम से कम 300 से अधिक बच्चे भाग लिए थे। प्रभारी प्रधान अध्यापिका हीरामनी मार्डी ने विधायक को धन्यवाद् देते हुए कहा कि स्थानीय विधायक ने बच्चों के बीच अपने हाथो से सर्टिफिकेट और सम्मानित किया गया । विद्यालय के कक्षा 9 की बबली गोप, पायल दास, दीपिका गोराई, कामिल हांसदा तथा अविनाश लोहरा ने पर्सनल सेफ्टी के विषय पर अपनी प्रस्तुति दी थी।

## पौराणिक संस्कृति को जीवंत बनाने का सबसे महान पर्व है मकर : शरद शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा स्टील टीजीएस में मकर संक्रांति पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यूनियन के बीच समन्वय स्थापित कर आदर्श कायम करने पर बल दिया गया। इस मौके पर टिस्को ग्रोथ शॉप के महाप्रबंधक शरद शर्मा ने कर्मचारियों को मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए कहा कि पूरे देश में अलग-अलग ढंग से लोग इस पर्व को मनाकर अपनी पौराणिक संस्कृति को जीवंत बनाते हैं। उन्होंने कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया। इस दौरान पर जेडीसी चेयरमैन पंचम प्राणलाल टांक, टिस्को मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, महासचिव शिवलखन सिंह ने भी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं यूनियन के सदस्यों को शुभकामना दी। इस मौके पर भोज का आयोजन किया गया जिसमे टीजीएस कैंटीन मे सभी ने चूड़ा, दही एवं तिलकुट खाने का आनंद लिया। इस मौके पर प्रदीप घोष, दीपक वर्गीस, वरीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह, एडमिन टीम से उदय शंकर पाठक, संजय तिवारी, विकास वर्मा, वेलफेयर कमिटी के सदस्य रंजन मिश्रा, प्रभुनाथ कर्ण, कौशल कुमार, ओमप्रकाश पाठक, दिलीप महतो, नवीन कुमार, दिनेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## आदिबासि कुड़मि समाज ने टुसु विदाई सह शोभा यात्रा निकला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आदिबासि कुड़मि समाज हुरलुंग गाँव महिला संयोजक समिति के संयोजक नंदिनी महतो पुनुरिआर के अगुवाई में टुसु विदाई सह शोभा यात्रा कर एकमासिआ टुसु परब का समापन किया गया। इस अवसर पर गाँव व आसपास के सभी महिला पुरुष बच्चे बच्चियां अगहन सांकराइत को थापना कियै गये धान रूपी अन्न महाशक्ति टुसु मात्र को चउड़ल में रखकर पारंपरिक गाजे बाजे ढोल मांदर के साथ नाचते गाते लुपुंगडीह स्वर्णरेखा नदी लड़कन्दा टुसू घाट पर गये। फिर डिनि टुसु मात्र को अगले बरस फिर और अधिक खुशियाँ लेकर घर आने की कामना करते हुए बहते पानी में विदाई दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो ने कहा कि यह टुसु परब जिसका मूल संबंध धान रूपी अन्न महाशक्ति से है, के सम्मान में बच्चियां टुसु पाता कर एक माह पर्यंत पूरे पुस मास हर शाम एक एक फूल देकर इसकी सेंउरन करते हैं। इसलिए इसे पुस परब भी कहते हैं और कालांतर में मकर संक्रांति के कारण मकर परब भी कहा जाने लगा। टुसु विदाई के इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से आकुस केंद्रीय सह सचिव रामबिलास महतो,जिला सह संयोजक प्रकाश महतो, नमिता महतो, संजय महतो, उदित महतो, सूरज महतो, सुजीत महतो, विक्की महतो, अमित महतो, समाजसेवी गोपेश महतो, विशाल महतो, संतोष महतो, नरेश महतो, अजय कड़र आर, गुलशन लोहरा, लवली लोहरा, नारायण महतो, सुदर्शन महतो, प्रेम चांद महतो,प्रकाश महतो, जुगल सिंह मुंडा, उज्जवल महतो, आनंद महतो, ममताबाला महतो, मनीला महतो, लिना मुंडा, लक्ष्मी महतो, पुष्पा रानी महतो, उमा महतो, राजा महतो, दीपक महतो,रतन महतो, नवीन महतो,संटु महतो,सुनिल कुमार महतो,लाल महतो, युधिष्ठिर महतो , सु प्रसाद महतो,आदि सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भिलाई पहाड़ी में टुसू मेला आयोजित, मंत्री रामदास सोरेन ने विवेक गोराई को दिया पहला पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत भिलाई पहाड़ी हाट मैदान में मंगलवार को मकर संक्रांति के मौके पर आयोजित विशाल टुसू मेला में पहला पुरस्कार के रूप उलीडीह निवासी विवेक गोराई को बतौर मुख्य अतिथि राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के हाथों 15 हजार 500 रुपए का पहला पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा अन्य 11 टुसू पर डेढ़ हजार से लेकर 14 हजार तक का पुरस्कार कमेटी की ओर से दिया गया। मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि मकर संक्रांति सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में विभिन्न नामों से मनाया जाता है और हमारे राज्य में इसे आदिवासी मूलवासी समुदाय की ओर से कई दिनों तक मनाया जाता है। मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व बाउंड़ी मनाया जाता है जिसमें लोग मांस पीठा व गुड़ पीठा आदि बनाकर खाते हैं। उसके बाद साल का सबसे शुभ दिन के रूप में आखान यात्रा को मनाया जाता है जिसमें कृषि कार्य से लेकर हर शुभ कार्य का शुभारंभ किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमने गुरुजी के नेतृत्व में लड़कर अलग राज्य हासिल किया और उनके पुत्र हेमंत सोरेन उनकी सोच को धरातल पर उतरने लगे हैं। उन्होंने मेला का भव्य आयोजन के लिए कमेटी के अध्यक्ष पिंटू दत्ता समेत पूरी टीम की प्रशंसा की। मेला को बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी, जिला पार्षद प्रभावती दत्ता व झामुमो नेता कालीपद गोराई आदि ने भी संबोधित किया। इस बार कमेटी की ओर से बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, डिजनी रैंप समेत कई चीजों की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। इस दौरान बच्चों ने जमकर मस्ती की। मेला के सफल संचालन में अध्यक्ष पिंटू दत्ता, उपाध्यक्ष घासीराम सिंह, धीरेन गौड़, जोगेन गौड़, काजल दत्ता, संदीप लाहा, बुद्धेश्वर कुंडू, प्रणव महतो, अजय गोराई, अर्जुन सोरेन व विश्वनाथ ज्योतिषी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डिवीजनल कमेटी की बैठक में सांसद जोबा माझी ने सभी स्टेशनों में सुविधा, ट्रेन ठहराव की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने सोमवार को जमशेदपुर के द वेव इंटरनेशल होटल में आयोजित चक्रधरपुर और रांची रेल मंडल के अन्तर्गत सांसदों की डिवीजनल कमेटी की बैठक में शिरकत की। इस दौरान सांसद ने रेल जीएम अनिल कुमार मिश्रा, चक्रधरपुर के डीआरएम तरूण हुरिया सहित रेलवे के वरीय अधिकारियों के समक्ष अपने संसदीय क्षेत्र से सभी स्टेशनों में यात्री सुविधा और ट्रेन ठहराव की मांगों को प्रमुखता से रखा। सांसद ने रेलवे के समक्ष करीब 32 मांगे रखी। जिसमें चाईबासा जिला मुख्यालय को राजधानी रांची से रेल मार्ग से जोड़ने के बहुप्रतिक्षित मांग को धरातल पर उतारने, चक्रधरपुर स्टेशन के पास वाशिंग साइट को पुन: स्थापित करने, चक्रधरपुर स्टेशन के पोर्टरखोली और बाजार की ओर से आने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुकिंग काउंटर को पुन: खोलने, चक्रधरपुर में रेलवे भर्ती बोर्ड की पुन: स्थापना, चक्रधरपुर स्टेशन के सामने और आरपीएफ बैरक की ओर लीजधारक दुकानदारों को उजाड़ने के पहले सुव्यवस्थित रूप से बसाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता देने, चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना करने, टाटानगर बक्सर एक्सप्रेस का ठहराव आदित्यपुर स्टेशन में देने, टाटानगर स्टेशन पर बढ़ते यातायात को देखते हुए आदित्यपुर स्टेशन को बी श्रेणी टर्मिनल स्टेशन बनाया जाए, टाटानगर दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव आदित्यपुर स्टेशन में देने, सोनुवा, गोइलकेरा, मनोहरपुर स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल एवं शौचालय की सुविधा मुहैया कराने, अहमदाबाद एक्सप्रेस का ठहराव मनोहरपुर स्टेशन में देने, टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस का विस्तार बड़बिल तक करने, सरायकेला जिला मुख्यालय को रेल पथ से सीधा जोड़ने, कांताबाजी एक्सप्रेस का ठहराव गोइलकेरा स्टेशन में देने, टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस का ठहराव सोनुवा और मनोहरपुर में देने, कलिंग उत्कल एक्सप्रेस का ठहराव सोनुवा स्टेशन में देने, चक्रधरपुर रेल के समीप महात्मा गांधी पार्क का उचित देखरेख एवं चिल्ड्रेन पार्क का सौंदर्यीकरण, गोमो मेमू एवं टाटानगर-बिलासपुर ट्रेन का छोटे स्टेशनों में ठहराव होने के बावजूद यात्रियों से एक्सप्रेस का भाड़ा लिया जा रहा है, यात्रियों से पैसेंजर का भाड़ा लिया जाए, टाटा-इतवारी पैसेंजर का लोटापहाड़ एवं पोसैता स्टेशन में ठहराव सुनिश्चित करने की प्रमुख मांगे रखी।

# विचार प्रवाह

संपादकीय

## स्त्री विरोधी अश्लील बदजुबानी

**दिल्ली** अद्धराज्य का चुनाव गरमाने नहीं, उबलने लगा है। दिल्ली में कौन 'आपदा' है और कौन 'बदनसीब', 'घोटालेबाज' है? इन सवालों का विश्लेषण करने से पहले हम प्रधानमंत्री मोदी से जानना चाहेंगे कि क्या भाजपा बदजुबान नेताओं की भी पार्टी है? प्रधानमंत्री ऐसे नेताओं पर खामोश ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें चुनाव में प्रत्याशी भी बनाया गया है। फिलहाल रमेश बिधूड़ी भाजपा के सबसे बदजुबान, असभ्य, अमर्यादित नेता के तौर पर कुख्यात हैं। वह दो बार लोकसभा सांसद और 3 बार विधायक रह चुके हैं। नौसीखिया, बचकाना या अपरिपक्व नेता नहीं हैं। भाजपा ने उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की अलका लांबा भी मुकाबले में हैं। बिधूड़ी ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि वह कालकाजी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गालों जैसी बनवा देंगे। यह अश्लील, असंगत उपमा देते हुए बिधूड़ी ने लालू यादव का उदाहरण दिया, जिन्होंने 2005 में बिहार की सड़कें हेमामालिनी के गालों जैसी बनाने की घोषणा की थी। वह उपमा भी अश्लील थी और इस बार की उपमा भी भद्दी, महिला-विरोधी है। बिधूड़ी के बयान पर जबरदस्त राजनीतिक बवाल मचा, तो उन्होंने बयान वापस लेते हुए खेद व्यक्त किया, माफी नहीं मांगी। खेद जताने से ही अपराध की विद्रूपता कम नहीं हो सकती। बहरहाल इस प्रकरण के कुछ देर बाद ही बिधूड़ी ने उस मंच से, जहां से प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन तय था, एक बार फिर बदजुबानी की और कहा कि आतिशी ने तो अपना बाप ही बदल लिया। यह एक महिला का नहीं, दिल्लीवालों और वहां की मुख्यमंत्री का अपमान है। यह भद्दा, कुत्सित, महिला-विरोधी, आधी आबादी-विरोधी बयान लोकतंत्र का भी अपमान है। क्या ऐसी बदजुबानी पर प्रधानमंत्री भाजपा को वोट देने और आप-दा को बाहर करने का आह्वान कर सकते हैं? क्या दिल्ली की महिलाओं को ऐसे 'आदतन अपराधियों' को वोट देने चाहिए? दरअसल रमेश बिधूड़ी ऐसी बदजुबानी के 'आदी' हो गए हैं। उन्होंने बीती लोकसभा में विपक्षी सांसद दानिश अली को 'ओए...ओए..' कहकर संबोधित किया था और समूचे मुस्लिम समाज को 'आतंकवादी' करार दिया था। बिधूड़ी के खिलाफ एक जांच-समिति बिठाई गई, लेकिन उसका निष्कर्ष और निर्णय क्या रहा, क्या कार्रवाई की गई, आज तक कोई सार्वजनिक जानकारी नहीं है। बेशक भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं बनाया, क्योंकि क्षेत्र में उनके खिलाफ जन-लहर महसूस की जा रही थी। अब विधानसभा चुनाव में उन्हें क्यों उतारा गया? यानी भाजपा बिधूड़ी की बदजुबानी को 'असभ्य, असामाजिक, अश्लील' बयानबाजी नहीं मानती। इस बार बिधूड़ी ने जो बयान दिए हैं, वे एक औसत महिला के सम्मान, स्वाभिमान और चरित्र पर करारा प्रहार करते हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल की राजनीति में भाजपा को महिलाओं ने लबालब वोट दिए हैं, जिन्होंने भाजपा की जीत सुनिश्चित की है। विडंबना तो यह है कि संसद में स्पीकर और संसद के बाहर, सार्वजनिक जीवन में, चुनाव आयोग ऐसी बदजुबानी का संज्ञान ही नहीं लेते, दंडित करना तो बहुत दूर की कौड़ी है। अश्लील बयानबाजी सिर्फ प्रियंका गांधी तक ही सीमित नहीं है। कांग्रेस के नेता भी अब कंगना रनौत और कैटरीना कैफ के गालों की उपमाएं दे रहे हैं, क्योंकि हेमामालिनी बूढ़ी हो गई हैं। महिलाओं को 'परकटी' भी कहा गया है।

दिल्ली में कौन 'आपदा' है और कौन 'बदनसीब', 'घोटालेबाज' है? इन सवालों का विश्लेषण करने से पहले हम प्रधानमंत्री मोदी से जानना चाहेंगे कि क्या भाजपा बदजुबान नेताओं की भी पार्टी है? प्रधानमंत्री ऐसे नेताओं पर खामोश ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें चुनाव में प्रत्याशी भी बनाया गया है। फिलहाल रमेश बिधूड़ी भाजपा के सबसे बदजुबान, असभ्य, अमर्यादित नेता के तौर पर कुख्यात हैं। वह दो बार लोकसभा सांसद और 3 बार विधायक रह चुके हैं। नौसीखिया, बचकाना या अपरिपक्व नेता नहीं हैं। भाजपा ने उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की अलका लांबा भी मुकाबले में हैं। बिधूड़ी ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि वह कालकाजी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गालों जैसी बनवा देंगे। यह अश्लील, असंगत उपमा देते हुए बिधूड़ी ने लालू यादव का उदाहरण दिया, जिन्होंने 2005 में बिहार की सड़कें हेमामालिनी के गालों जैसी बनाने की घोषणा की थी। वह उपमा भी अश्लील थी और इस बार की उपमा भी भद्दी, महिला-विरोधी है। बिधूड़ी के बयान पर जबरदस्त राजनीतिक बवाल मचा, तो उन्होंने बयान वापस लेते हुए खेद व्यक्त किया, माफी नहीं मांगी।


### एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है

## नये चीनी वायरस से चिन्ता में डूबी दुनिया

ललित गर्ग

नये वर्ष में प्रवेश की शुभवेला में एकाएक इस महामारी की खबर ने दुनिया भौचक्क एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हो, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है।

**मानव** इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना को झेल चुकी दुनिया पर एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण की खबर ने दुनियाभर को चिंता में डुबो दिया है, बाजार से लेकर सामान्य जन-जीवन तक में डर, खौफ, अफरा-तफरी एवं असमंजस्य का माहौल व्याप्त है। कोविड-19 और अन्य श्वसन वायरस की तरह एचएमपीवी भी खांसने, छींकने और संक्रमित लोगों के निकट संपर्क से उत्पन्न बूंदों या एरोसोल के माध्यम से फैलता है। बुखार, सांस फूलना, नाक बंद होना, खांसी, गले में खराश और सिरदर्द इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि कुछ मरीजों को इस संक्रमण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया हो सकता है। एचएमपीवी के खिलाफ कोई टीका या प्रभावी दवा नहीं है और इलाज ज्यादातर लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए होता है। चीन में सांस की बीमारियों के बढ़ते मामलों की खबरों के बाद, भारत सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ से स्थिति पर लगातार अपडेट देने का अनुरोध किया है। नये वर्ष में प्रवेश की शुभवेला में एकाएक इस महामारी की खबर से दुनिया भौचक्क एवं खौफ में आ गयी है। क्योंकि कोविड-19 महामारी के पांच साल बाद, चीन मौजूदा समय में नए वायरस एचएमपीवी से जूझ रहा है। इस वायरस ने चीन में हजारों लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। वहां हालात बेकाबू हो रहा हो, अस्पतालों के बाहर मरीजों की भीड़ नजर आ रही है। हालांकि, हर बार की तरह चीन का कहना है कि मीडिया खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। ये मौसम बदलने का असर है। ठंड बढ़ने से आमतौर पर लोग खांसी-जुकाम की समस्या से जूझते हैं। ये भी मौसम की वजह से ही हो रहा है। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर के अंत में चीनी सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 14 वर्ष और उससे कम आयु के मामलों में एचएमपीवी की पॉजिटिव दर में हाल ही में वृद्धि हुई है। एचएमपीवी वायरस से छोटे बच्चे, वृद्ध और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग ज्यादा प्रभावित हुए है। चीन के साथ ही दुनिया के अनेक हिस्सों से इस महामारी से पीड़ित लोगों की खबरें आ रही है। भारत में भी चीन का खतरनाक वायरस एचएमपीवी पहुंच गया है। खबरों की मानें तो बेंगलुरु में 8 महीने का एक बच्चा एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। बच्चे का ब्लड टेस्ट किये जाने के बाद ये दावा किया जा रहा है। यह




भारत में एचएमपीवी वायरस का पहला मामला है। हालांकि, भारत में एचएमपीवी वायरस के मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई। चीन में सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि इन्फ्लूएंजा ए, एचएमपीवी, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड सहित कई वायरस फैल रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एचएमपीवी मामलों में वृद्धि के कारण अचानक मृत्यु दर में चिंताजनक वृद्धि हुई है तथा 40 से 80 वर्ष की आयु के लोग विशेष रूप से इससे प्रभावित हुए हैं। चीन की जिम्मेदार एजेंसियां इस वायरस के दुष्प्रभाव को घटाने में लगी हैं और यह उम्मीद की जा रही है कि चीन इस रोग पर लगाम लगाने में कामयाब हो जाएगा। चीन अपने यहां कोरोना वायरस पर भी लगाम लगाने में एक हद तक कामयाब रहा था। लेकिन वह दूसरे देशों में उसे फैलने से नहीं रोक पाया। लेकिन इस बार अब वह उम्मीद करनी चाहिए कि सजग चीन मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने यहां से किसी भी संदिग्ध को किसी दूसरे देश की यात्रा न करने दें। साथ ही इस महामारी पर नियंत्रण पाने में जिस विधि एवं उपचार पद्धति से वह सफलता पाये, उसे समूची दुनिया से साझा करें, ताकि महामारी से महाविनाश का प्रकोप व्यापक न बन सके। एचएमपीवी का संक्रमण व्यक्तिगत संपर्क से बढ़ रहा है। अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के किसी सामान को कोई स्वस्थ व्यक्ति छुए या उसके सम्पर्क में आये तो संक्रमण का खतरा बताया जा रहा है। इस वायरस चूंकि नया है, तो इसका अभी कोई टीका नहीं है। इसकी कोई एंटीवायरल दवा भी नहीं है। यह अच्छी बात है कि अधिकांश मामलों में लोगों को मामूली समस्याएं आ रही हैं। ज्यादातर लोग लक्षण के अनुरूप उपचार और आराम से ही ठीक होते जा रहे हैं। चीन ने साफ तौर पर कुछ बताया नहीं है, मगर अनुमान यही है कि गंभीर मामलों में लक्षणों को प्रबंधित करने के लिए अस्पताल में भर्ती होने, ऑक्सीजन थेरेपी या कॉर्टिकोस्टेरॉइड उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अगर मानें, तो इस वायरस का संक्रमण अक्टूबर महीने से ही बढ़ रहा है। अच्छा यही है कि यह बीमारी मौसमी साबित हो और कम से कम लोगों के जीवन पर असर डाले। कोरोना महामारी तो महाविनाश का कारण बनी थी, एचएमपीवी ऐसा अनर्थ ना करें। चीन की साख कोरोना महामारी के कारण बहुत गिरी थी, दुनियाभर में लोगों के स्वास्थ्य पर हमला करने वाला चीन दुनिया की नजरों से गिर गया था। आखिर चीन अच्छी-अच्छी वस्तुओं, तकनीक एवं साजोसामान का निर्यात करते-करते महामारियों का निर्यातक क्यों बन गया? स्वास्थ्य एवं वैज्ञानिक क्रांति के लिये अग्रणी चीन अपने यहां आए दिन हो रहे ऐसे संक्रमण को लेकर सजग क्यों नहीं है? अब यह सवाल बिल्कुल जायज है कि वैज्ञानिक या कृत्रिम तरक्की की होड़ में कहीं चीन अपने लोगों के बुनियादी स्वास्थ्य की अनदेखी तो नहीं कर रहा है? कहीं चीनियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त या बहुत कम तो नहीं हो गई है? वे बार-बार किसी-न-किसी प्रकार की महामारी की चपेट में आ रहे हैं और सम्पूर्ण मानव जाति को इससे पीड़ित बना रहे है तो यह गंभीर बात है। क्या इसका बड़ा कारण चीनी लोगों का खान-पान है? जरूरत से ज्यादा सुविधावादी जीवनशैली, कृत्रिम संसाधनों की प्रचुरता एवं अप्राकृतिक जीवन उनकी सेहत पर भारी पड़ रहा है। ध्यान रहे कोरोना महामारी के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका संतोषजनक नहीं थी। कोरोना महामारी की भयावहता के बावजूद वह चीन के प्रति उदार बना रहा। इसलिये एचएमपीवी महामारी के सन्दर्भ में सवाल उठ रहे हैं कि क्या डब्ल्यूएचओ गंभीरता दिखाते हुए पर्याप्त कदम उठायेगा? क्या उसने कोरोना महामारी के समय चीन से सही सवाल पूछे होते तो इस बीमारी के संभावित खतरे को नियंत्रित किया जा सकता था? क्या कोरोना बीमारी को लेकर विश्व को समय से सलाह न दे पाने में नाकाम रहने के लिए उसे जिम्मेदार माना जाना चाहिए? इस नयी महामारी को लेकर भी इन्हीं कारणों से डब्ल्यूएचओ पर ज्यादा विश्वास कैसे किया जा सकता है? भारत में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने शुक्रवार को कहा कि एचएमपीवी एक सामान्य सांस संबंधी वायरस है जो सर्दी जैसे लक्षण पैदा करता है। कुछ लोगों को, खासकर बुजुर्गों और शिशुओं को, फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं।

दृष्टि कोण

## पाकिस्तान के नक्शेकदम पर बांग्लादेश

**कातिल** की ये दलील भी मुंसिफ ने मान ली, मक्तूल खुद गिरा था खंजर की नोक पे'। बांग्लादेश की मौजूदा हुकूमत के सामने वहां के अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहा तशद्दुद व हिंसा का खौफनाक मंजर कुछ यही बयान कर रहा है। जाहिर है जब कातिल खुद ही अदालत का मुंसिफ होगा तो उसके एब ओ हुनर की तफ्तीश नहीं हो सकती। पाक सैन्य हुक्मरानों के जहन में बांग्ला लोगों के प्रति नफरत व हिकारत इस कदर थी कि पाक जरनैल 'अयूब खान' ने अक्तूबर 1958 को पाकिस्तान में तख्तापलट का पहला मजमून लिखकर बंगाली मूल के राष्ट्रपति 'इस्कंदर अली मिर्जा' को बर्खास्त करके पाकिस्तान छोडने का फरमान जारी कर दिया था। बर्तानिया में शरण लेने के बाद 12 नवंबर 1969 को लंदन में फौत हुए 'इस्कंदर अली मिर्जा' की मयत को पाकिस्तान में दफनाने की इजाजत भी नहीं मिली। काफी जद्दोजहद के बाद साबिक सद्रे पाक इस्कंदर मिर्जा के ताबूत को पड़ोसी मुल्क 'ईरान' में कब्र नसीब हुई थी। अपनी आजादी के प्रति भी बांग्लादेशियों के दोहरे मापदंड थे। पाक सेना की बर्बरता का शिकार हुए पूर्वी पाक के सियासी रहनुमा भारतीय सेना के रहमोकरम से आजाद होकर अपना बांग्ला निजाम नाफिज करना चाहते थे। मगर बांग्लादेश की कुछ सियासी जमातें व मजहबी रहनुमां आजाद होकर मानसिक व जज्बाती तौर पर पाकिस्तान के साथ ही रहना चाहते थे। मार्च 1971 में बांग्ला आवाम पर पाक सेना की दरिंदगी के बदनुमां दाग बांग्लादेश में आज भी मौजूद हैं। बांग्लादेश की महिलाओं के साथ पाक सेना ने जो बर्बरता का सलूक किया था, उस शर्मनाक कारकर्दगी को लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता। पाक सेना की हलाकत से बचने के लिए लाखों बांग्ला लोगों ने हिजरत करके भारत के सरहदी राज्यों में शरण ली थी। इनसानियत का कत्ल तब होता है, जब पीड़ित को उठाने के बजाय लोग तमाशा देखने लगें। सन् 1971 में भी यही हुआ। पूर्वी पाक की कत्लोगारत का मुद्दा भारत ने कई मुल्कों के समक्ष उठाया। लेकिन बांग्ला लोगों को पाकिस्तान के जुल्मोसितम से बचाने व शरण देने की जहमत किसी भी मुल्क ने नहीं उठाई। जगजाहिर है कि भारतीय सेना के जोरदार पलटवार से बेबस होकर पाक सेना ने 16 दिसंबर 1971 को पूर्वी पाक में आत्मसमर्पण कर दिया। भारतीय सेना ने पूर्वी पाक को नए मुल्क बांग्लादेश में तब्दील कर दिया था। मगर बांग्लादेश के मजहबी रहनुमां अपनी आजादी का श्रेय भारत के बजाय अपनी मुक्ति वाहिनी को दे रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि मुक्ति वाहिनी को हथियार उपलब्ध कराकर भारतीय सेना ने ही प्रशिक्षित किया था। बांग्लादेश की चरमपंथी जमातें व मजहबी रहनुमां पाकिस्तान के इशारे पर भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। अलबत्ता यहां 'अगरतला षड्यंत्र' का जिक्र करना जरूरी है। बांग्लादेश की सत्ता से बेदखल होकर भारत में शरण ले चुकी साबिक वजीरे आजम शेख हसीना के वालिद शेख मुजीबुर्रमान को अगरतला षड्यंत्र का हवाला देकर पाक सेना ने मई 1968 में कैद कर लिया था। पाक सदर 'अयूब खान' के दौरे हुकूमत में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए कई बांग्ला नागरिकों व पाक नौसेना के बंगाली मूल के अधिकारियों पर इल्जाम था कि उन लोगों ने पूर्वी पाकिस्तान की आजादी के लिए 'त्रिपुरा' राज्य की राजधानी 'अगरतला' में हिंदोस्तान से समर्थन की गुजारिश की थी। अगरतला साजिश को पाक हुकूमत ने पूर्वी पाक के वजूद के लिए खतरनाक चुनौती माना था। अगरतला षड्यंत्र को बेनकाब करने का खुलासा पूर्वी में तैनात 'आईएसआई' के कर्नल 'शम्सुल आलम' ने किया था। शम्सुल आलम को पाक सेना ने शांतिकाल के सर्वोच्च पदक 'सितारा-ए-बसालत' से सरफराज किया था। हालांकि अदालत में शेख मुजीब पर अगरतला षड्यंत्र के तहत पाकिस्तान को अस्थिर करने का आरोप साबित नहीं हुआ था, मगर पाक सेना ने 15 फरवरी 1969 को अगरतला साजिश के आरोपी बांग्ला सार्जेंट 'जहूरूल हक' को जेल में ही हलाक कर दिया था। जहूरूल हक के कत्ल की खबर से पूर्वी पाक भयंकर हिंसा की चपेट में आ गया। नतीजतन भारत की दखलअंदाजी के खौफ से अयूब खान ने अगरतला षड्यंत्र का केस रद्द कर दिया। ढाका विश्वविद्यालय का एक हॉस्टल उसी जहूरूल हक के नाम से जाना जाता है। मगर बांग्लादेश के हुक्मरान तथा मजहबी रहनुमां पाकिस्तान की जिहादी उल्फत में इस कदर नाबिना हो चुके हैं कि सन1971 में पाक सेना द्वारा की गई कत्लोगारत को नजरअंदाज कर रहे हैं। सूरतेहाल यह है कि बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की तमाम निशानियों को मिटाया जा रहा है। बांग्ला मुक्ति संग्राम में युद्धघोष बना 'जॉय बांग्ला' नारे को भी हटाया जा रहा है। अविभाजित भारत में सन् 1922 में बांग्ला शायर काजी नजरूल द्वारा अपनी नज्म में लिखा गया 'जॉय बांग्ला' बांग्लादेश का कौमी नारा है।

कुछ अलग

## गौरवमयी इतिहास और तिलचट्टे

**हमें** सदा गल्प में जीने की आदत रही है। पुनर्जन्म में विश्वास रखने वाले हम तिलचट्टे सदा स्वर्ग की कामना में डूबे रहते हैं। सवाल पूछने की हिम्मत और आदत हम में न तब थी, न अब है। हमें तो हमेशा अपना अस्तित्व बचाने की चिंता लगी रही। इस जन्म में नहीं तो अगले जन्म में सही। हमारा उद्धार जरूर होगा, हम यही सोचकर जीते रहे। आज भी जी रहे हैं। अवतारों में विश्वास करने वाले हम तिलचट्टे मानते हैं कि हमारे आज के राजा भी नॉन-बॉयोलॉजिकल हैं। उन्होंने भले अप्रत्यक्ष रूप से देश को जंजीरों में जकड़ दिया है, कर के शत-प्रतिशत बोझ से हमें लाद दिया है और अपने मित्रों के माध्यम से खजाने भर लिए हैं। पर हम मानते हैं कि मरने के बाद सब कुछ यहीं छूट जाता है, जमीनें भी और खजीने भी। इसलिए हम उनका कोई प्रतिरोध नहीं करते। जाते समय तो सिकंदर भी हाथ खोले ही गया था। हमारे नाम की उत्पत्ति हमारे चाटने की विशेषता के कारण ही हुई है। तिलचट्टा शब्द 'तेल जमा चाट जमा आ' के मेल से बना है, जिसका अर्थ है तेल चाटने वाला। फिर चाहे तेल चाटो या तलवे, क्या फर्क पड़ता है। हम तो हमेशा इसी बात पर गर्वाए रहते हैं कि हम, जिन्हें अंग्रेजी में कॉकरोच कहा जाता है, पृथ्वी पर मौजूद सबसे प्राचीन कीटों में से एक हैं। हमारी तादाद आज दुनिया में सबसे ज्यादा है। जिसके कारण वही हैं, जो मैं पहले भी बता चुका हूं, कैसी भी विषम परिस्थितियों में लचीला आहार, पर्यावरणीय तनावों के प्रति प्रतिरोध, अनुकूलनशीलता, अद्वितीय आनुवंशिक लक्षण और तेज प्रजनन की क्षमता। हम विश्व के विभिन्न देशों की कला, साहित्य, लोक कथाओं, थिएटर और फिल्मों में मौजूद हैं। हमारे गौरवशाली अतीत को देखते हुए ही फ्रांज काफ्का ने अपनी कहानी 'द मेटामोर्फोसि' में अपने मुख्य किरदार ग्रेगर सैमसा को जिस विशाल 'कीड़े' में वर्णित किया है, उसके शारीरिक विवरण से साफ पता चलता है कि वह एक तिलचट्टा है। इस उपन्यास की पैरोडी में मार्क एसट्रिन की रचना 'इन्सेक्ट ड्रीम्स : द हाफ लाइफ ऑफ ग्रेगर सैमसा', जिसमें ग्रेगर सैमसा अपने परिवर्तन के बावजूद समृद्ध होता जाता है, अपने समाज में एक अहम व्यक्ति बन जाता है, और टायलर नॉक्स की नोयर कॉमेडी 'कॉकरोच' में एक कॉकरोच एक सुबह एक आदमी के रूप में जागता है और टाइम्स स्क्वायर में एक प्रमुख गैंगस्टर बन जाता है। ये रचनाएं बताती हैं कि आदमी कॉकरोच होने के बाद बेइंतहा तरक्की करता है। ऐसी रचनाएं हमें अपने कॉकरोच या तिलचट्टा होने पर गौरवान्वित करती हैं। हमारे देश में भले हम पर कोई फिल्म या टेलीविजन सीरियल न बना हो, पर हमें गर्व है कि पूरी दुनिया में हमारी चिकनाहट और चमक पर न जाने कितनी फिल्में और सीरियल बने हैं। क्या अब भी आपको यकीन नहीं कि हमारी हस्ती को न किसी क्षुद्र ग्रह का टकराना मिटा सकता है और न कोई सेक्स फेरोमोन्स जैसी कोई दवा। यह सत्य है कि हम आज ध्रुवीय बर्फ की चोटियों पर नहीं पाए जाते। लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि इनसानी बेवकूफियों के चलते ग्लोबल वार्मिंग के कारण बर्फ पिघलने के बाद हम जल्द ही उत्तरी और दक्षिणी धुरव पर भी अपना साम्राज्य कायम कर लेंगे। हमारा सबसे पुराना जीवाश्म लगभग दो हजार लाख साल पुराना है। यही बात हमें अपने स्वर्णिम और गौरवशाली इतिहास पर इतराने पर मजबूर करती है और हमें विश्वास दिलाती है कि चाहे देश में इमरजेंसी हो, टैक्स का बोझ कमर तोड़ दे, गरीबी और बेरोजगारी हमारे गाल और पेट पिचका दे, शिक्षा का गिरता स्तर हमें रीढ़विहीन बना दे, पर हम हमेशा बने रहेंगे।

देश दुनीया से

## नहीं गई दोस्ती में दगा की आदत

**अक्टूबर** 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई मधुर बातचीत और विवादित स्थलों को लेकर समझौते की कडियां आगे बढने से ऐसा लगने लगा था कि भारत और चीन के रिश्ते पटरी पर आ रहे हैं। लेकिन दोस्ती में दगा करने के आदी चीन ने फिर वही कटुता पैदा करने वाली हरकतें शुरू कर दीं। चीन ने होतान प्रांत में दो नए जिले बनाने की घोषणा की है। इन जिलों की सीमा का विस्तार भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आता है। इसके पहले चीन ने तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर 137 अरब डॉलर की लागत से दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की घोषणा भी की है। इन दोनों घोषणाओं पर भारत ने भारतीय संप्रभुता के संबंध में दीर्घकालिक और सतत स्थिति पर असर नहीं पडने और न ही इससे चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैद्यता मिलेगी, ऐसा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा है। हालांकि उन्होंने यह स्वीकारा कि इन तथाकथित जिलों का कुछ हिस्सा भारत के लद्दाख में आता है। ये विवादित घोषणाएं ऐसे समय में की गई हैं, जब दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों ने लगभग पांच साल बाद फिर से सीमाओं के संदर्भ में बातचीत शुरू की है। इसी बातचीत के चलते दोनों देश पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग क्षेत्रों से पीछे हटने पर सहमत हुए थे। गलवान में 2020 में घटी सैन्य घटना से पहले की स्थिति बहाल रखने पर भी सहमति बन गई थी। सनद रहे कि चीन ने अक्साई चिन के करीब 40000 वर्ग किमी क्षेत्र पर पहले से ही कब्जा किया हुआ है। लद्दाख में 14000 फीट की ऊंचाई पर स्थित दुर्गम गलवन नदी घाटी में चीनी सैनिकों की दगाबाजी के चलते 20 भारतीय वीर सपूतों को शहीद होना पड़ा था। चीन के भी 40 से अधिक सैनिक मारे गए थे। 20 अक्टूबर 1975 के बाद 2020 में पहली बार इतना बड़ा हिंसक सैन्य संघर्ष भारत-चीन सीमा विवाद के परिप्रेक्ष्य में घटा था। 1975 में अरुणाचल प्रदेश के तुलुंगला क्षेत्र में असम राइफल्स की पेट्रोलिंग पार्टी पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें हमारे चार सैनिक शहीद हुए थे। लेकिन अब बातचीत के बाद सेनाओं के पीछे हटने से लग रहा था कि स्थाई शांति बहाल हो जाएगी। परंतु लद्दाख के इसी क्षेत्र में दो नए जिलों की घोषणा से स्पष्ट हुआ है कि चीन की विस्तारवादी मंशा यथावत है। हालांकि भारत और चीन के बीच 1993 में प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने चीन यात्रा के दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने की दृष्टि से एक समझौता किया था। समझौते की शर्तों के मुताबिक निश्चित हुआ था कि एक तो दूसरे पक्ष के खिलाफ बल या सेना के प्रयोग की धमकी नहीं दी जाएगी। दूसरे, दोनों देशों की सेनाओं की गतिविधियां नियंत्रण रेखा पार नहीं करेंगी। यदि भूलवश एक पक्ष के जवान नियंत्रण रेखा पार कर लेते हैं तो दूसरी तरफ से संकेत मिलते ही नियंत्रण रेखा के उस पार चले जाएंगे। तीसरे, दोनों पक्ष विश्वास बहाली के उपायों के जरिए नियंत्रण रेखा के इलाकों में काम करेंगे। सहमति से पहचाने गए क्षेत्रों में कोई भी पक्ष सैन्य अभ्यास के स्तर पर कार्य नहीं करेगा। बावजूद गलवान में सैन्य संघर्ष हो गया था। गलवान नदी घाटी क्षेत्र 1962 में हुई भारत-चीन की लड़ाई में भी प्रमुख युद्ध स्थल रहा था। गलवान घाटी श्योक नदी के इर्द-गिर्द है। नदी के दोनों किनारों पर ऊबड़-खाबड़ पथरीली जमीन है। नदी पहाड़ों को काटकर तेज धारा के रूप में बहती है। इस नदी घाटी की संरचना चंबल नदी और उसके बीहड़ों से मिलती-जुलती है। श्योक नदी का विवरण महाभारत और जम्मू-कश्मीर के प्राचीन इतिहास पर कल्हण द्वारा लिखे संस्कृत ग्रंथ 'राजतरंगिणी' में उल्लेखित है। हालांकि ब्रिटिश काल 1889 में श्योक नदी के स्रोत का पता करने के नजरिए से गुलाम रसूल गलवान के नेतृत्व में एक दल का गठन ब्रिटिश हुकूमत ने किया था। इस दल ने चांग चेनमो घाटी के उत्तर में स्थित नदी के स्रोत की खोज की। तब से इस नदी को गलवान कहा जाने लगा है। इस घाटी क्षेत्र में ही लेह से दौलत-बेग-ओल्डी तक 323 किमी लंबी पक्की सडक़ का निर्माण भारतीय सीमा सडक़ संगठन ने कर लिया है। इस मुख्य सडक़ से अनेक छोटी सडक़ें जुड़ी हुई हैं। इन्हीं मार्गों से सेना अपने ठिकानों तक पहुंचती है। इस सीमा रेखा पर दस ऐसे स्थल हैं जहां आए दिन झड़पें होती रहती हैं। 5-6 मई 2020 में चीनी सैनिकों ने लद्दाख की सीमा में तंबू गाढ़ लिए थे। इसी समय चीनी सैनिकों ने चीनी सीमा में सैन्य अभ्यास भी किया था। इस अभ्यास के बाद चीन और भारत ने सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी थीं। इसी समय चीन ने यह भी दावा किया था कि पूरी गलवान घाटी पर उसी का अधिकार है। लगता है इस क्षेत्र में दो नए जिले (काउंटी) बनाने का विचार चीन की इसी साम्राज्यवादी मंशा का विस्तार है। चीन विवादित नियंत्रण रेखा पार कर अरुणाचल प्रदेश के चागलागम क्षेत्र में घुसने की कोशिश में लगा रहता है। 9 दिसंबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सैनिक झड़प हुई थी। वैसे भी चीन अपने किसी भी पड़ोसी देश का सगा नहीं है। चीन की सीमा 14 देशों से जुड़ी है और सभी से उसका सीमाई विवाद चलता रहता है। वह भारत के बरक्श बहरूपिया का चोला ओढ़े हुए है। एक तरफ वह पड़ोसी होने के नाते दोस्त की भूमिका में पेश आता है, वहीं दूसरी तरफ ढाई हजार साल पुराने भारत-चीन के सांस्कृतिक संबंधों के बहाने हिंदी-चीनी भाई-भाई का राग अलाप कर भारत से अपने कारोबारी हित साधता रहता है। चीन का एक अन्य मुखौटा दुश्मनी का है, जिसके चलते वह पूरे अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम पर अपना दावा ठोकता है। यही दावा अब वह लद्दाख पर जता रहा है। छोटे से देश भूटान को हड़पने की भी उसकी मंशाएं प्रकट रूप में सामने आती रहती हैं। चीन की यह मंशा भी रही है कि भारत की चीन की तुलना में अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होने पाए। इस दृष्टि से वह पाक अधिकृत कश्मीर, लद्दाख और अरुणाचल में अपनी नापाक मौजदूगी दर्ज कराकर भारत को परेशान करता है। इन बेजा हरकतों की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा विनम्रता बरतने का लंबा इतिहास रहा है। इसी का परिणाम है कि चीन आक्रामकता दिखाने से बाज नहीं आता। दरअसल चीन का लोकतंत्रिक स्वांग उस सिंह की तरह है जो गाय का मुखौटा ओढक़र धूर्तता से दूसरे प्राणियों का शिकार करने का काम करता है।

आप का नजरीया

## खेलों में उत्तराखंड से सीखना होगा

**खेलों** का राष्ट्रीय महाकुंभ इस बार हमारे पड़ोस उत्तराखंड में रौनक और शौकत बिखेरने के लिए पांव पसार रहा है। हिमाचल के बाद अस्तित्व में आए उत्तराखंड ने 38वीं राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से अपना ढांचा इतना सुदृढ़ तो कर ही लिया कि राज्य में खेलों का चरित्र व प्रशिक्षण का ढर्रा बदल जाएगा। इससे पहले 2023 में गोवा जैसे छोटे राज्य ने खेलों के राष्ट्रीय आयोजन से ध्यान आकृष्ट किया था। ऐसे में सवाल यह कि हिमाचल कब ऐसे आयोजनों के मार्फत खेल वातावरण को खेल पर्यटन से जोडने का संकल्प लेगा। हिमाचल की आबोहवा व आधारभूत संरचना को अगर व्यवस्थित खेल ढांचे से जोड़ दें, तो राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अगले कुछ सालों में एक दिशा परिवर्तन साबित होगा। उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक खेलों के जरिए राष्ट्र के प्रतिमान सामने आएंगे, तो यह राज्य भविष्य की परिकल्पना में आगे बढ़ेगा। हमने पहले भी कहा था कि हिमाचल में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन एक साथ आधा दर्जन शहरों के केंद्र में खेल ढांचे की जागीर बदल सकता है। इससे पूर्व क्रिकेट संघ ने अपने एक स्टेडियम के कारण खेल पर्यटन का अंतरराष्ट्रीय मुकाम हासिल किया है, तो बड़े आयोजनों के कारण धर्मशाला ट्रैफिक नियंत्रण की कार्यशाला में कई सफल प्रयोग कर पाया। ऐसे में अगर राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों के लिए पूरी तरह तैयार होना है या यहां खेल वातावरण विकसित करना है, तो एक साथ ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, धर्मशाला, मंडी, चंबा व पौंग बांध जैसे जलाशयों की परिधि में विशेष प्रयास करने होंगे। गोवा में राष्ट्रीय खेलों के कारण मापुसा, मडगांव, पंजिम, पोंडा और वास्को में एक साथ कई खेल गांव बन गए। हिमाचल में अपनी कनेक्टिविटी के कारण धर्मशाला में मुख्य स्टेडियम के अलावा बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर व मंडी में विशेष खेलों का ढांचा अपने निखार पर होगा। कई इंडोर स्टेडियम, स्वीमिंग पूल, शूटिंग रेंज तथा वेलोड्रोम इस तरह निर्मित हो सकेंगे। विडंबना यह है कि हमारा अपना बजट खेलों के काबिल नहीं बनता। सबसे पहला प्रयास प्रेम कुमार धूमल के मुख्यमंत्रित्व काल में हुआ और इसके नतीजे में हमीरपुर व धर्मशाला में सिंथेटिक ट्रैक उभर कर सामने आए। इसके अलावा भारतीय खेल प्राधिकरण और राज्य के खेल छात्रावासों की भूमिका में प्रशिक्षण का दौर इतना बदल गया कि आज देश के करीब पांच सौ एथलीट धर्मशाला में रह कर निजी तौर पर प्रैक्टिस कर रहे हैं। आश्चर्य यह कि यहीं राष्ट्रीय खेल छात्रावास के लिए आया लगभग 25 करोड़ का बजट लौट गया और अब हाई आल्टीट्यूट ट्रेनिंग सेंटर की औपचारिकताएं इंद्रू नाग परिसर को पालिटिक्स में फंसा चुकी हैं। हिमाचल की आबोहवा में राष्ट्रीय प्रशिक्षण के कई शिविर और खेल अकादमियों के सफर पर उस वक्त विराम लग जाता है, जब राज्य की खेल नीति सिकुड़ और मुकर जाती है। विडंबना यह कि जो पारंपरिक खेल मैदान थे भी, वे पार्किंग या वाहन ट्रेनिंग सेंटर बन चुके है। सुजानपुर का मैदान किसी खेल कालेज का मुख्य परिसर होता, तो वहां की घास पर पशु न घूम रहे होते।

## बलबल में 15 दिवसीय पशु मेला का हुआ उद्घाटन, मुख्य अतिथि रहे जिला अध्यक्ष



गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर के समीप बलबल में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाला 15 दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। उद्घाटन नारियल तोड़ दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम को गणेश वंदना एवं शंख ध्वनि के साथ दीपेंद्र पांडेय एवं उपेंद्र पांडेय ने उद्घाटन करवाया।जिसका मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी जिला परिषद सदस्या अनीता देवी प्रखंड प्रमुख अनीता यादव द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव पूर्व विधायक प्रकाश भोक्ता रहे। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बलबल में लगने वाला मेला 14 जनवरी को लगभग 40000 श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।जो नदी से लेकर गर्म कुंड में एक साथ हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु स्नान ध्यान कर मां बागेश्वरी माता की पूजा अर्चना करने के बाद नदी के किनारे बैठकर चूड़ा दही तिलकुट गुड का भोजन किया।तथा मेले में अनेकों प्रकार के हिंडोल डांस बूगी बूगी एवं बच्चों के अनेकों प्रकार के मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध है।जहां बच्चे आनंद उठाते हुए दिखे।मेले में प्रशासन की भी सहयोग भरपूर देखा जा रहा है।जगह-जगह पर प्रशासन की पुलिस तैनात है। इस मेले में झारखंड के साथ-साथ बिहार उड़ीसा बंगाल जैसे पड़ोसी राज्यों से भी व्यापारी पशुओं को लेकर बिक्री करने आते हैं।एवं मेला का आनंद भी बाहर के राज्यों से आकर उठाते हैं। इस वर्ष पिछले 6 वर्ष दरम्यान 14 जनवरी को सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। मेला में बिडियो, अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता मेला प्रबंधन समिति के साथ साथ निर्मल गोप,विकास लाल,प्रभु यादव,सुरेश यादव,बालेश्वर यादव उमेश को विकास कुमार एवं द्वारी पंचायत गांव के दर्जनों लोग मेले की देखरेख में अपनी अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## खड़ा हाईवा में पीछे से मारा जोरदार हाईवा ने टक्कर, कोई हताहत नहीं



गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना के अंतर्गत बारियातु मोड़ के आगे दतुआ आहार के समीप खड़े हाईवा वाहन में पीछे से हाईवा वाहन ने टक्कर मार दिया। घटना बीते सोमवार की देर रात दो बजे की है।टक्कर से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि चालक बाल बाल बच गया।चालक ने बताया कि हाइवा वाहन पहले से खड़ा था।इसी बीच सामने से अचानक भारी वाहन आ गया। जिससे अचानक पीछे से टक्कर मार दिया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन, शाश्वत बने विजेता



लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): मकर संक्रांति के अवसर पर शहर स्थित तलहा गरम जल कुंड स्थल पर पर्यटन विभाग के द्वारा पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया, खासकर बच्चों और किशोरों में विशेष उत्साह देखा गया। शाश्वत दत्त देव को विजेता घोषित किया गया, जिन्हें एसडीपीओ अरविंद कुमार, सदर थाना प्रभारी दुलर चौड़े, एएसआई मनीष राय और पर्यटन विभाग के जिला समन्वयक संजीत कुमार ने संयुक्त रूप से पुरस्कार प्रदान किया। पिछले कई वर्षों से तलहा में मकर संक्रांति के अवसर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, और हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में लोग भाग लेते हैं।

## राशन वितरण में अनियमितता, दो जनवितरण प्रणाली दुकान निलंबित

बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला आपूर्ती पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने प्रखंड क्षेत्र के दो जनवितरण प्रणाली दुकानों को निलंबित कर दिया है। इस संबंध मे जानकारी देते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशीष रंजन, ने बताया कि टोटी पंचायत के इटके ग्राम के बरदल स्वयं सहायता समूह (अनुज्ञप्ति संख्या-79/09) द्वारा संचालित और मोनिया पंचायत के पचकेड़ी में संचालित परिवा उराईन (अनुज्ञप्ति संख्या-25/07) द्वारा राशन कार्ड धारकों के बीच बीते माह खाद्यान्न वितरण नहीं किया गया था। उक्त दुकानों के संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। साथ ही, सभी पात्र राशन कार्ड धारकों के बीच सौ प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद भी उक्त दुकान संचालकों द्वारा सभी राशन कार्ड धारियों के बीच राशन,वितरण नहीं किया गया और न ही स्पष्टीकरण दिया गया। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए, लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा द्वारा उक्त दोनों जनवितरण प्रणाली के दुकानों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कोई भी राशन कार्डधारक खाद्यान्न से वंचित ना रहे, इस बात को ध्यान में रखते हुए बरदल स्वयं सहायता समूह के कार्डधारकों को हेसला में संचालित अगरूद दल स्वयं सहायता समूह में और परिवा उराईन के कार्डधारकों को चिरविर ग्राम के लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह में टैग किया गया है।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।साथ ही सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को पात्र राशन कार्डधारकों के बीच राशन वितरण मे अनियमितता या लापरवाही ना करने की हिदायत दी गई है।

## लातेहार में दो बाइकों की भिड़ंत, दो युवक गंभीर रूप से घायल

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के पतकी पिकेट के समीप मंगलवार की शाम करीब चार बजे दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक राजीव रंजन सिंह (लेधपा, लातेहार) और नंदकिशोर सिंह (पिपरा सतबरवा निवासी) हैं।जानकारी के अनुसार, राजीव रंजन अपने बाइक पर सवार होकर मनिका से अपने घर लौट रहे थे, जबकि नंदकिशोर सिंह विपरीत दिशा से लातेहार बाजार करके सतबरवा अपने घर जा रहे थे। इस दौरान पतकी पिकेट के समीप दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई।घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में डॉक्टर हरिओम प्रसाद ने उनका प्राथमिक इलाज किया, और फिर दोनों को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। एक घायल को तुरंत रिम्स भेजा गया,जबकि दूसरे घायल को खबर लिखे जाने तक उनके परिजनों के आने के इंतजार में रेफर नहीं किया था।

## बिरहोर परिवारों के बीच हुई चूड़ा, तिलकुट वितरण, मकर संक्रांति का लिया आनंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड्डा : प्रखंड के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत शीतलपुर टोला में मकरसंक्रांति के अवसर पर प्रखंड अंचलाधिकारी उदल राम व बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप सुमन ने बिरहोर परिवारों के बीच चूड़ा, तिलकुट व गुड़ का वितरण कर मनाया मकरसंक्रांति।अंचला अधिकारी उदल राम ने बताया कि हर सुख-दुख में जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों बिरहोर परिवारों के साथ हर संभव मदद के लिए तैयार रहते हैं। प्रत्येक त्योहार एंव कोई भी कार्यक्रम में प्रतिनिधियों उनके निवास स्थान पर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाते हैं। आगे उन्होंने बताया कि शीतलपुर में कुल बिरहोर परिवारों की संख्या 28 है। इस मौके पर समाजसेवी तुलसी महतो, शिक्षक देवकी राम दांगी, लालू बिरहोर, सोना बिरहोर, शुकर बिरहोर, सरती देवी, रंजु देवी बबीता देवी के अलावे बिरहोर परिवार के कई लोग उपस्थित थे।

## मां भगवती मंदिर व मोरशेश्वा मंदिर पहुंचे चतरा एसपी सपरिवार



प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड्डा : मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को चतरा एसपी विकास पाण्डेय सपरिवार पहुंचे प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल मां भगवती मंदिर एवं मोरशेश्वा मंदिर प्रांगण पत्थलगड्डा । माता के मंदिर पहुंचकर एसपी विकास पाण्डेय ने सपरिवार के साथ किया पूजा व मां से सुख समृद्धि का लिया आशीर्वाद। इस मौके पर मंदिर परिसर के विधि व्यवस्था का जानकारी लिया और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चूड़, तिलकुट, दही और गुड़ का आनंद लिया। साथ ही बलबल मेला में अवागमन को लेकर पत्थलगड्डा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

## बलबल मेला के उद्घाटन में मुख्य अतिथि थे सांसद व विधायक, नहीं पहुंचने से लोगों ने जताई नाराजगी



प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत बलबल में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाला पशु मेला का उद्घाटन करने मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह एवं विधायक कुमार उज्जवल के नहीं पहुंचने से लोगों ने नाराजगी जताई। मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि बलबल में 15 दिवसीय पशु मेला का उद्घाटन में सांसद कालीचरण सिंह व विधायक कुमार उज्वल नहीं पहुंचे। जिससे लोगों को बहुत दुःख हुआ। लोगों ने कहा कि चुनाव के पहले छुट्टे से लेकर कई कार्यक्रमों में समय से पहले पहुंचते थे।परन्तु मकरसंक्रांति के मौके बलबल में लगने वाला 15 दिवसीय प्रशिद्ध पशु मेले की उद्घाटन के लिए सांसद व विधायक का घंटों इंतजार करते रहे।

## बकचौमा मौजा के खाता 2 प्लॉट 76,77 में लगभग 52 एकड़ भूमि है जंगलझाड़ी और प्रतिकदिम

## बावजूद भूमाफियाओं ने जमा रखा है कब्जा, धड़ल्ले से बनाया जा रहा है दुकान और मकान

- गैरमजूरुआ भूमि खाली कराने को लेकर पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन
- क्यों साधे हैं पदाधिकारी चुप्पी, क्या पदाधिकारियों पर चलता है दबंगों का रौब
- अंचल कार्यालय द्वारा निर्देशित बोर्ड को दिखाया गया ठेंगा,बोर्ड हो रहा गायब
- बस स्टैंड से लेकर उपकारा जेल एवं अन्य कार्यों के लिए उपयुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड मुख्यालय के महज आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित मौजा बकचौमा के खाता 2 के प्लॉट 76 और 77 में लगभग 52 एकड़ भूमि जंगलझाड़ी और प्रतिकदिम है। जहां उक्त खाता प्लॉट की जमीन को कुछ लोगों ने फर्जी कागजात बना रैयती बताते हुए घर मकान बना रहे हैं। आपको बता दें कि उक्त भूमि के खाता नंबर 2 के प्लॉट नंबर 76 जंगलझाड़ी है।ह्हा वहीं प्लॉट 77 की भूमि प्रतिकदिम है। दोनों प्लॉटों की लगभग 52 एकड़ भूमि है जो सरकारी भूमि है। परंतु उक्त भूमि को अधिग्रहण कर फर्जी कागजात बना निजी उपयोग में ला रहे हैं दबंग। एक तरफ भूमि नहीं रहने के कारण कई जरूरी दफ्तर से लेकर उपकारा जेल एवं बस स्टैंड नहीं बन पा रहा है। इसके लिए जमीन की चिन्हित करने में आला अधिकारी लगे हुए है। बड़े मजे की बात है कि तीन वर्ष पूर्व उक्त जमीन का मामला अखबारों में प्रकाशित करने के बाद तत्कालीन अंचलधिकारी हरकत में आई और आनन फानन में सभी को नोटिस की गई थी। जहां जांचोपरांत अंचलाधिकारी छूटेश्वर दास द्वारा खरीद बिक्री से लेकर घर मकान बनाने पर प्रतिबंधित लगाते हुए बजाप्ता दोनों तरफ दो बोर्ड लगा दिया गया था। जहां उक्त भूमि पर बोर्ड आज भी लगा हुआ है ।किंतु हैरत की बात है कि बोर्ड लगाने के बावजूद भी घर मकान बनाना आम बात हो गया है। वहीं वरीय पदाधिकारी मूकदर्शक बन बन बैठे है। वैसे में क्या उक्त भूमि को माफियाओं के चंगुल से आजाद किया जाएगा या उन्हीं माफियाओं के हवाले छोड़ दिया जाएगा। एक तरफ प्रशासन अतिक्रमण को लेकर सख्त है। गरीब गुरबा के जमीन पर दबिश देकर गैरमजूरुआ भूमि को खाली करा रही है। वहीं 52 एकड़ पर्याप्त भूमि सिमरिया अंचल को रहते हुए भी आला अधिकारी जहां तहां बस स्टैंड से लेकर अन्य कार्यों के लिए भूमि ढूंढ रही है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी**

पदाधिकारियों की बात माने तो उनका कहना है कि बहुत जल्द ही अवैध कब्जा किए गए गैरमजूरुआ भूमि को मुक्त कराया जाएगा। परंतु यह बातें सुनते सुनते आम नागरिकों को कान पकने लगा है और उम्र भी ढलने लगा है । क्या पदाधिकारियों को दबंगों के सामने एक नहीं चलती।क्या पदाधिकारी वैसे लोगों के सामने नतमस्तक हैं और भूमि खाली कराने के लिए डरते है। ऐसे में दोतरफा कानूनी कारवाई से लोगों में कई तरह की बाते ग्रामीणों के दिलों दिमाग में चलने लगा है।आपको बता दें कि जब सिमरिया अनुमंडल में तेजतरार आईएएस पदाधिकारी सन्नी राज अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया था तो लोगों को आस जगी थी कि बड़े पैमाने पर गैरमजूरुआ भूमि को लोगों से मुक्त कराया जाएगा ।परंतु यह भी विफल नजर आ रहा है। क्या उक्त गैरमजूरुआ भूमिअधिग्रहण कर्ताओं द्वारा उच्चस्तरीय पदाधिकारियों का वरदान मिला हुआ है या मिल रहा है । क्या गरीबों के लिए अलग न्याय है और वैसे लोगों के लिए अलग न्याय है। सिमरिया की जनता जानने

## निजी खर्चे से आशीष पेंटर ने बिरहोर परिवारों के बीच बांटी सामग्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड मुख्यालय निवासी नवयुवक एवं समाज के होनहार युवक आशीष पेंटर ने मंगलवार को जपुआ में बसे बिरहोर परिवार के लोगों के बीच चूड़ा गुड तिलकुट का वितरण किया। प्रत्येक वर्ष बिरहोर परिवार के लोगों को जनप्रतिनिधि की ओर से चूड़ा तिलकुट उपलब्ध कराया जाता था। उन्होंने यहां रहने वाले दर्जनों लोगों को सामग्री उपलब्ध कराया है।

## मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन, संस्कार केन्द्र में भैया-बहनों ने मनाया पर्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र स्थित तरवाडीह पंचायत के ग्राम लुंडी कोने में स्थित संस्कार केन्द्र में 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के अवसर पर एक शानदार उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बाजकुम के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य, आचार्य, कर्मचारी एवं भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।संस्कार केन्द्र के संचालक आचार्य अनिल कुमार साहू ने भैया-बहनों को अच्छे संस्कार की शिक्षा दी, वहीं केन्द्र प्रमुख मुकेश कुमार आचार्य ने बच्चों को प्रतिदिन केन्द्र में आने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजवल्लभ शर्मा ने बच्चों को प्रेरणादायी गीत गाकर और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की। विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता ने मकर संक्रांति के महत्व को समझाया और आचार्य पुरुषोत्तम कुमार बैध ने बच्चों को उत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी आचार्य, दीदी जी एवं कर्मचारीगण ने सामूहिक रूप से तिल, गुड़ और चूड़े का सेवन किया।इस आयोजन में बच्चों का उत्साह और भागीदारी देखने लायक थी, जो इस विशेष पर्व को हर्षोल्लास के साथ मना रहे थे।

## आदर्श नगर मन्दिर समिति का हुआ गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर स्थित शिव शक्ति हनुमत मन्दिर के प्रांगण सनातन धर्मावलंबियों की एक बैठक शम्भू प्रसाद सिन्हा के अध्यक्षता में गई। जहाँ मंदिर समिति का गठन किया जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष निर्मल सिन्हा, उपाध्यक्ष रति गंझू, सचिव चंद्रभूषण मिश्र, उपसचिव राजकुमार भगत, कोषाध्यक्ष लाल अरुण कुमार नाथ सहदेव, उप कोषाध्यक्ष विनोद साहू एवं संयोजक देवेन्द्र कुमार सिन्हा और सह संयोजक शम्भू प्रसाद सिन्हा को बनाया गया वहीं संरक्षक मण्डल में ललन प्रसाद सिंह, धनुषधारी गंझू, गजेंद्र चौबे, दशरथ पासवान, संतोष यादव, अवनिकान्त पाठक, विनोद बिहारी गुप्ता, उपेन्द्र यादव, अरबिंद यादव, रामदर्शन तिवारी, रवि सिंह, शैलेश सिंह और विवेक सिंह को बनाया गया। जब कि कार्यकारिणी सदस्य में आदित्य प्रसाद, संजय कुशवाहा, जगनारायण पाठक, शिवकांत गुप्ता, लवकेश सिंह, गोविंद यादव, जयमंगल यादव, ब्रजभूषण मिश्र, जितेंद्र कुमार सिन्हा, विजय कुमार, संजय कुमार को बनाया गया है। इस दौरान अध्यक्ष निर्मल सिन्हा ने कहा कि आदर्श नगर शिव शक्ति हनुमत मन्दिर समिति के गठन होने से यह कमिटी मजबूत होगा तथा मंदिर के सफल संचालन में सहोलियत होगी।

## दो दिवसीय मेला का विधायक ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने मंगलवार को मनिका दोमुहान नदी के संगम में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले दो दिवसीय मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक रामचंद्र सिंह ने पूरे मेला का दौरा कर व्यवस्था का जायजा भी लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दोमुहान नदी के संगम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की ग्रामीणों की मांग है, जिसपर हमारी पूरी कोशिश जारी है। बहुत जल्द दोमुहान नदी के संगम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। स मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कामेश्वर प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, बिरेंद्र बिहारी प्रसाद यादव,संजय सिंह चेरो, सुजीत उरांव,नीरज कुमार यादव, तस्लीम अंसारी, अख्तर अंसारी, अकबर अंसारी, ओम प्रकाश यादव, कृष्ण यादव, मथुरा यादव, रोशन प्रसाद, गणेश यादव, अरुण सिंह, सुरेंद्र भारती, अंजू यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## ठंड के प्रकोप को देखते हुए पंपस ने किया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

नौडीहा बाजार (पलामू) : नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के विशुनपुर पंचायत समिति सदस्य श्री शत्रुधन साव ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गरीब असहाय लोगो के बीच करीब 50 कंबल के वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी अत्याधिक ठंड को देखते हुए कम्बल का वितरण करना पुनीत कार्य है। मौके पर जितेंद्र कुमार पासवान, विनय कुमार तिवारी, संजय कुमार रजक के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## मकर संक्रांति पर बराही धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : मकर संक्रांति पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने बराही, दंगवार के सोन घाट पर स्नान किया। स्नान के बाद सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ चर्चित बराही धाम में पहुंचने लगी, वही बराही धाम परिसर में स्थित माता रानी की मंदिर में पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही, वही पूरा धाम परिसर माता की जयकारो से गूंज रहा था। साथ ही मंगलवार होने के चलते हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं की हुजूम उमड़ पड़ा था। मकर संक्रांति में उमड़ी भीड़ को लेकर बराही धाम समिति सदस्यगण काफी तत्पर देखे गए।इस दौरान लोगो ने दक्षिणमुखी भगवान श्री हनुमान की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं द्वारा बीच बीच में जय जय हनुमान की जयकारे लगाते रहे जिसे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया इस अवसर पर धाम परिसर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मालूम हो धाम परिसर में प्रत्येक मंगलवार को विगत दो वर्षों से अधिक समय से भंडारा का आयोजन किया जाता है।

## खेल सामग्री क्रय की राशि कहां गई पता नहीं : प्राचार्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : जिला कार्यालय समग्र शिक्षा अभियान द्वारा खेल सामग्री क्रय की आवंटित राशि लाखों रुपए का बंदरबांट व गबन का मामले में अवतक कोई भी वरिय अधिकारियों द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रखंड संसाधन केंद्र बरवाडीह द्वारा वित्तीय वर्ष 2023/24 में खेल सामग्री क्रय की राशि नहीं मिलने की शिकायत प्रखंड क्षेत्र के कई प्रभारी शिक्षकों ने किया है।इसी क्रम में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मोरवाईकला के प्राचार्या संध्या कुमारी ने बताया कि उन्हें खेल सामग्री क्रय की राशि 25 हजार रुपए नहीं मिला पूछने पर उन्होंने बताया कि पता नहीं राशि कहां गई है। राशि नहीं मिलने की वजह से सामग्री क्रय नहीं हुआ है। बताते चलें कि प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2023/24 में खेल सामग्री क्रय करने के लिए एस एन ए के माध्यम से बरवाडीह के सभी स्कूलों को पांच हजार से पच्चीस हजार रुपए तक की राशि आवंटित किए गए थे। करने के लिए एस एन ए के माध्यम से बरवाडीह के सभी विद्यालयों को राशि आवंटित किए गए थे । जहां खेल सामग्री क्रय राशि के बंदरबांट व गबन मामले को लेकर दैनिक अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित किए गए थे। वहीं इस मामले पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जांच कर कार्रवाई करने की बात कही गई थी पर अवतक जांच से संबंधित सूचना नहीं है और न ही कोई ठोस कदम उठाए गए हैं।इस दौरान गुजरे सोमवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुआ बैठक में मामले को दरकिनार कर दिया गया। हालांकि हो सकता है कि मामला उपायुक्त के संज्ञान में नहीं हो पर ऐसे गंभीर मामले पर वरिय अधिकारियों द्वारा संज्ञान नहीं लिया जाना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के बराबर है साथ ही क्षेत्र के जागरूक अभिभावकों के लिए प्रशासनिक कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करने को आश्वस्त करता है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों स्कूलों को खेल सामग्री क्रय की राशि आवंटित नहीं किया गया है जबकि कुल 129 स्कूलों को राशि उपलब्ध कराने की सूचना जिला कार्यालय समग्र शिक्षा अभियान को दे दी गई है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# सिंदूर से कल्लू चौक तक रोड निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

- **यह सड़क क्षेत्र के विकास और प्रगति की नई राह खोलेगा : मनीष जायसवाल**
- **यह परियोजना क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंगलवार को सिंदूर से कल्लू चौक तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना और फीता काटकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण कुल 5.99 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी और विकास की गति को नया आयाम मिलेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा की यह सड़क सिर्फ एक निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रवासियों के लिए विकास और प्रगति का प्रतीक है। इससे न केवल आवागमन में



सुधार होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी। केंद्रीय सरकार सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का आधार होती हैं, और इस परियोजना से यह क्षेत्र राज्य के अन्य हिस्सों से बेहतर ढंग से जुड़ जाएगा। सांसद ने जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उनकी उम्मीद और समर्थन है जो ऐसे विकास कार्यों को संभव बनाता है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा की यह सड़क निर्माण क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में हमारा एक और प्रयास है। सड़क बनने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बीच की दूरी कम होगी, जिससे किसानों, व्यापारियों और युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस परियोजना में सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि यह निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा होगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ सांसद और विधायक का स्वागत व अभिनंदन किया।

**डिवाइडर पर चढ़ा फार्च्यूनर कार, बाल बाल बचे कार सवार**

# सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी की लापरवाही के कारण घट रही है घटनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना मोड पर सोमवार रात्रि करीब 8 बजे एक फॉर्च्यूनर कार नंबर बीआर 01 सीडी 0004 तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। हालांकि उक्त गाड़ी में चार लोग सवार थे, लेकिन सभी सुरक्षित रहे, वही गाड़ी को काफी क्षति आई है। सूचना मिलने पर बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और क्रेन मंगा कर डिवाइडर से कार को उतारा गया। बता दे की रसोईया धमना मोड़ से करीब आधा किलोमीटर आगे ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य किया जाना है। जिसको लेकर धमना मोड पर




एक तरफ रास्ता वन वे कर दिया गया है। निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के द्वारा सिर्फ मिट्टी डालकर रास्ता को वन में कर दिया गया है, डायवर्सन के संकेत बहुत कम दी गई है, जिससे गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों को पता नहीं चल पाता है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य करने वाले कंपनी से जल्द कार्य करने की मांग की है, अगर काम जल्द नहीं किया जाएगा तो आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।

# हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन ने वृद्धाश्रम के सम्मानित बुजुर्गों के साथ मनाया मकर संक्रांति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कनहरी रोड स्थित ओल्ड एज होम के सम्मानित बुजुर्गों के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया तथा उनके साथ सुख-दुख के पल व्यतीत किए। बुजुर्ग सभी शिक्षकों से मिलकर बहुत प्रसन्न नजर आ रहे थे तथा उन्होंने अपने मन की व्यथा शिक्षकों के समक्ष रखी शिक्षकों ने बुजुर्गों को आश्वासन दिया कि वह सदैव सुख दुख में साथ खड़े मिलेंगे और बुजुर्गों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन ने कहा कि ओल्ड एज होम के सम्मानित बुजुर्ग हमारे अभिभावाक और प्रेरणा स्रोत है हम सभी का फर्ज



है कि हम अपने माता-पिता और बुजुर्गों के प्रति सदैव निष्ठावान बन रहे तथा उनके प्रति दिल में सम्मान की भावना रखें। सचिव डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि बुजुर्गों से मिलकर मन भावुक हो गया तथा वृद्धाश्रम के सम्मानित बुजुर्ग गणों के साथ बिताए हुए क्षण सदैव याद रहेंगे। इस अवसर पर हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के द्वारा बुजुर्गों के बीच तिलकुट, चूड़ा , गुड़,लड्डू इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया। सभी शिक्षकों ने प्रण लिया कि वे अपने जीवन में जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ, बच्चों के जन्मदिन या अन्य खुशी के अवसर वृद्धाश्रम के सम्मानित बुजुर्गों के साथ परिवार संग मनाएंगे ताकि उन्हें कभी यह एहसास नहीं हो कि दुनिया में उनकी कोई सुध बुध लेने वाला नहीं है। आज के कार्यक्रम में कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन, सचिव डॉक्टर प्रकाश कुमार, उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, एस लाल, रीत लाल मंडल, प्रवक्ता रितेश कुमार, मीडिया प्रभारी रविकांत शैलेश, अशोक, किन्शू , रविकांत,ऋषि एवं अन्य शिक्षक गण मौजूद थे ।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धा और उल्लास का माहौल, मेलों का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में पर्व को धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने परंपरागत तरीके से दही-चूड़ा और तिलकुट का आनंद लिया। सुबह-सवेरे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवानी नदी में गंगा स्नान करने पहुंचे। स्नान के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर दिग्वार पंचायत स्थित मां चंडी स्थान और ईरगा पंचायत के चंपा बागी के पीछे स्थित चंडी स्थान में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मेले का आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दारू पुलिस मुस्तैद रही। पुलिस बलों की सतर्कता के कारण मेले का आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

# मारवाड़ी अग्रवाल समाज ने मकर संक्रांति पर किया खिचड़ी वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मारवाड़ी अग्रवाल समाज के तत्वावधान में मकर संक्रांति के अवसर पर शहर के गोला चौक पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को खिचड़ी परोसी। कार्यक्रम में रिक्शा चालकों, मजदूर वर्ग, जरूरतमंद लोगों और आम जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने गर्म, स्वादिष्ट खिचड़ी का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि मकर संक्रांति सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सहयोग और समाज सेवा का संदेश देने का दिन है। मारवाड़ी अग्रवाल समाज ने अपने इस प्रयास से यह सिद्ध किया कि त्योहारों का असली उद्देश्य सामूहिक खुशी और जरूरतमंदों की



सेवा है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि खिचड़ी वितरण का यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है और इसे भविष्य में और बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना है। इस कार्यक्रम की सफलता में समाज के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। बल्कि अपनी सेवाएं भी दीं। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन समाज के अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ऐसे प्रयासों से ही सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम को बढ़ावा मिलता है। मारवाड़ी अग्रवाल समाज ने शहरवासियों से अपील की वे आगे भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में सहयोग दें और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं।

# मचान में लगी आग, बाल बाल बचा मवेशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो में गोंढा टोला निवासी बंधन महतो पिता नन्हु महतो की मचान में 14 जनवरी दिन मंगलवार को बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गया। भुक्तभोगी ने कहा कि मचान के नीचे एक गाय बंधा था जो आग की लपटे देख वहां जान बचाकर स्वयं भाग निकली। वहीं देखते ही देखते पुआल की मचान में रखा लगभग 200 बोझा पुआल जलकर खाक हो गया। भुक्तभोगी ने कहा कि अब हम मवेशी को क्या खिलाएंगे और कैसे रखेंगे बिजली विभाग की करवाही से यह घटना घटी है। मवेशी के सहारे ही हम खेती बाड़ी करके अपने जीविकोपार्जन करते है । उन्होंने संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग किया है। किसान के चेहरे में काफी मायूसी देखा जा रहा था। मौके पर स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, ग्रामीणों में समाज सेवी लक्ष्मीकांत सोनी,महेश सोनी,योगेन्द्र सोनी,कैलाश महतो , मनोज सोनी,धनेश्वर सोनी, बंटी सोनी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग यूथ विंग ने गौशाला में मनाया मकर संक्रांति पर्व, गौसेवा और कर्मियों का किया सम्मान

- **मकर संक्रांति पर हजारीबाग यूथ विंग का आयोजन, गौसेवा और कर्मियों के सम्मान का अनूठा संगम।**
- **मकर संक्रांति पर गौसेवा और कर्मियों का सम्मान हमारी परंपरा है। यह समाज में सेवा और सहयोग का संदेश फैलाने का प्रयास है : चंद्र प्रकाश जैन।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग। गौमाता की सेवा और भक्तिमय माहौल में हजारीबाग यूथ विंग ने कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला में मकर संक्रांति पर्व को हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया। इस अवसर पर सबसे पहले गौमाता की सेवा की गई। भक्तिमय माहौल में सदस्यों ने गौशाला परिसर में गौसेवा में योगदान दिया। हर साल की तरह इस बार भी गौशाला के कर्मठ कर्मचारियों के बीच तिलकुट, चूड़ा, मोरी लड्डू और गुड़ से बने विभिन्न व्यंजनों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन की माता सुधा रानी जैन उपस्थित रहीं। उनका स्वागत फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया गया। यह आयोजन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का अनूठा माध्यम बना। कर्मचारियों ने सामग्री प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और संस्था के इस प्रयास की सराहना की। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मकर संक्रांति जैसे पवित्र पर्व को मनाने के साथ-साथ गौसेवा की भावना को प्रोत्साहित करना और समाज में इसका संदेश प्रसारित करना है। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा और संरक्षण के लिए संस्था हर साल विशेष कार्यक्रम आयोजित करती है। गौशाला के कर्मचारियों का कहना है कि यह आयोजन उनके योगदान को मान्यता देने का प्रतीक है। मकर संक्रांति पर मिलने वाला



यह सम्मान उनके उत्साह और मनोबल को बढ़ाता है। संस्था के पदाधिकारियों ने गौसेवा और मानवता के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज से अपील की अधिक से अधिक लोग गौसेवा और पारंपरिक त्योहारों के संरक्षण में भाग लें। यह आयोजन हजारीबाग यूथ विंग की सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत उदाहरण है। इस अवसर पर सुधा रानी जैन संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सहसचिव डॉक्टर बी. वेंकटेश,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकास तिवारी, शम्पा बाला,उदित तिवारी,प्रणीत जैन, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू, पन्ना लाल लुहाड़िया,शोभा लुहाड़िया,बीना छाबड़ा, निर्मल जैन,लता गंगवाल,राजू खण्डेलवाल,सागर खण्डेलवाल, इशिका खंडेलवाल, प्रदीप छाबड़ा समेत कई लोग उपस्थित रहे। संस्था ने वचन दिया कि आने वाले वर्षों में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरूक करती रहेगी और परंपराओं को सजीव बनाए रखेगी।

# झरपो से गया महाकुंभ मेला का जत्था ने किया प्रयाग में स्नान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो , भराजो,खैरा ,पंचायत से गये कई श्रद्धालुओं ने वर्ष 2025 के प्रयाग महाकुंभ मेला का भ्रमण और गंगा ,यमुना ,सरस्वती तीनों नदियों के मिलन स्थान संगम नदी में स्नान कर पुण्य के भागी बने। वही श्रद्धालुओं में छोटन कुमार,दशरथ नारायण सिंह,अनिल वर्णवाल इलेक्ट्रॉनिक दुकान , डॉ.दयाल प्रसाद,अनिल कुमार ने बताया कि 144 वर्ष बाद इलाहाबाद के प्रयाग महाकुंभ मेले में यूपी के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी द्वारा यात्रियों के आवागमन मार्ग,मेडिकल ,शौचालय, सीसी टीवी कैमरा,पेयजल , मेले परिसर की साफ सफाई ,चार पहिया वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि महाकुंभ मेला 13 जनवरी से आरम्भ होकर 26 जनवरी को सम्पन्न होने की उम्मीद आंका जा रहा है। इस महाकुम्भ स्नान प्रयाग में लगभग 1 करोड़ श्रद्धालुओ ने पावन पवित्र संगम नदी में डुबकी लगाकर स्नान किया। उक्त संगम नदी में स्नान करने से सुख समृद्धि ,शांति ,मोक्ष ,धन धान्य समेत अन्य मनोकामनाओ की पूर्ति होती है।

# चूडा दही कार्यक्रम मे शामिल हुये सदर विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा जेआरबी विद्यालय दारु के परिसर मे मकसंक्रांति के अवसर पर चूडा दही के कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप. प्रसाद शामिल हुए। सदर विधायक ने इस अवसर पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओ को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। विधायक ने कहा कि दारु प्रखंड से उन्हे काफी वोट मिले है जिसका ऋण वो अगले पांच साल तक चुकाने का प्रयास करेंगे। बिजली विभाग, अंचल, अस्पताल मे फैली अब्यवस्था को जल्द ही दुरुस्त किया जायेगा। इस मौके पर मौजूद सभी लोगों ने चूडा, दही और तिलकूट का सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर आनंद लिया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष



इंद्रनारायण कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण राणा, रामनरेश कुशवाहा, रंजीत सिन्हा, इंद्रदेव कुशवाहा, दिनेश प्रसाद,शत्रुंजय प्रसाद,राहुल सिंह, नरेश प्रसाद, दसरथ प्रसाद, सोनी कुशवाहा,राजन सिन्हा, रौशन सिन्हा,प्रमोद कुशवाहा, प्रमोद पासवान, भैया सुमित, राकेश कुमार, राजेश कुशवाहा,बिनोद कुमार, किशुन प्रसाद, मोहन कुशवाहा, धनपत कुशवाहा, निरंजन मंडल, बजरंग सहाय,किशोरी प्रसाद, सुरेश साव ,विकाश यादव, भैया संजीव सिन्हा, महेन्द्र प्रसाद, भैया अखिलेश, बजरंग सहाय,महेश साव,अरविन्द कुमार,प्रेमचंद यादव, प्रेम साव,कशोरी प्रसाद,किशुन प्रसाद,शैलेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

# रात के अंधेरे में होती है कोयले की तस्करी, पुलिस प्रशासन मौन तो कार्यवाही करेगा कौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया थाना एवं अंचल क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत के कई गांवों में तथा सीमावर्ती दारू प्रखंड और दारू थाना क्षेत्र के जरगा, टटगंवा, शिलाडीह गाड़ीसारम जंगलों के रास्ते से प्रतिदिन ट्रैक्टर ट्रॉली,मोटर साइकिल ,हाइवा में त्रिपाल बांधकर अवैध कोयला की तस्करी रात के अंधेरे में चिमनी भट्ठों और बंगला भट्ठों पर बिचौलियों के मध्यम से की जा रही है। वही कोयला की तस्करी कर रहे बिचौलिया लोग कोयला को गुप्त तरीके से सुरक्षित स्थान पर भंडारण कर रखते हैं जिसकी जानकारी मात्र कोयले तस्करों को ही होती है। तस्करों की साथ सांठ गांठ से भट्ठा संचालक कर रहे हैं मोटी कमाई ,अवैध मुहाना बनाकर कोयला निकाला जा रहा है जो टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र से सटा सीमावर्ती चुरचू ,बंदरचुआ,मांडू,कुजू कोलियरी में जंगल मुहाना बनाकर दिन दहाड़े कोयला तस्कर कोयला निकाल भंडारण करने में लगे है।रात में ट्रैक्टर बाइक और साइकिल के माध्यम से ईंट भट्ठो में आसानी से कोयला पहुंच रहा है।इतना ही नहीं सीसीएल के बंद खदानों में सुरंग बनाकर पेट की आग बुझने के लिए मजदूर वर्ग के लोग जान लेवा सुरंग बनाकर अवैध कोयला को निकालते है। बाद में तस्करों को औने पौने दामों में बेच देते हैं और वही कोयले को तस्कर ईंट भट्ठो में बेचकर मोटी कमाई कर रहे है। इससे राजस्व विभाग सरकार को लाखों रुपए की क्षति हो रही है। सूत्रों की मिली जानकारी के मुताबित कोयले के अवैध उत्खनन कार्य में कई चिमनी भट्ठा वा बंगला ईंट भट्ठा संचालकों के अलावा क्षेत्र के कई कोयला तस्कर शामिल है। जो रात के अंधेरे में धड्ल्ले से कोयला तस्करी का व्यापार कर रहे हैं।

# विष्णुगढ़ नाई संघ ने किया वनभोज का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जमुनिया डैम में मंगलवार को कुंदन शर्मा की अगवाई में विष्णुगढ़ नाई संघ (सैलून संघ) ने वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कुंजलाल ठाकुर एवं संचालन प्रकाश ठाकुर ने किया। मौके पर संजय ठाकुर ने कहा कि महंगाई चरम पर है, सभी की सामानों की कीमत आसमान छू रही है,जिसके चलते घर परिवार चलाना मुश्किल होता है। इस पर सभी नाई समाज ( सैलून संघ) ने विचार-विमर्श किया गया जिसमे सभी लोगो ने कहा कि होली के बाद नाई सैलून दुकानदारों की बाल दाड़ी की नई रेट की कीमत तय की जाएगी। साथ ही अगले सप्ताह के मंगलवार को दुकान बंद करने का आह्वान किया गया। जिसमे सभी नाई समाज के लोगो अपनी अपनी ने सहमति जताई। मौके पर जीतू ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, आशीष ठाकुर, संजय ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, रवि ठाकुर, सोनू ठाकुर ,बबलू ठाकुर, संतोष शर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनीष ठाकुर ,विनोद ठाकुर, किशून ठाकुर, विजय ठाकुर, कुंजलाल ठाकुर, पूरन ठाकुर, बसंत ठाकुर, कुंदन शर्मा, उपेंद्र ठाकुर, टिंकू ठाकुर,बिट्टू ठाकुर, बिक्की ठाकुर, विकास ठाकुर,नंदकिशोर ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# कोयला व्यवसायी अनिल केशरी गोलीकांड मामले में एक गिरफ्तार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस किया। एसपी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अपराधी राहुल दुबे ने रंगदारी के उद्देश से अपने गिरोह के अपराधियों के द्वारा कोयला व्यवसाई अनिल कुमार केशरी पर फायरिंग कर जानलेवा हमला कराया गया था। कांड के अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल ने घटना के दिन कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के दो अपराधकर्मियों को कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केशरी का ऑफिस दिखाने, उसकी रेकी करने और अनिल कुमार केशरी पर गोली चलवाने में सक्रिय रूप से सहयोग किया। अनुसंधान में उपलब्ध ठोस साक्ष्य के आधार पर इस कांड में शामिल विक्रम कुमार शर्मा को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान उसके मोबाइल को जब्त किया गया है। वहीं कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया की विक्रम का आपराधिक इतिहास भी रहा है। बताया कि बीते पांच जनवरी को कुज्जू के ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केशरी पर हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल, पिता योगेश्वर शर्मा, बाजार टांड़ कुज्जू का रहनेवाला है। छापामारी दल में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, अंचल निरीक्षक मांडू सुरेश लिंडा, कुज्जू ओपी प्रभारी मो. नौशाद, वेस्ट

# कनकी में सांसद मनीष जायसवाल ने किया गंधौनिया मकर सह टुसू मेला का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मकर संक्रांति के अवसर पर मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाडी प्रखंड के ग्राम कनकी में दो दिवसीय गंधौनिया धाम मकर सह टुसू महोत्सव- 2025 का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख- समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यहां के गंधौनिया कुंड की महत्ता से आसपास के लोग परिचित हैं और उनके लिए यह आस्था का केंद्र है। यह कुंड प्रकृति खूबसूरती के बीच अवस्थित है और यहां सैलानियों का भी आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में गंधौनिया कुंड धाम के विकास में उनका विशेष जोर आने वाले समय में होगा और इसे विकसित किया जाएगा। उन्हें यहां आकर जब पता चला कि यहां की मूर्ति खंडित हो गई है तो सांसद मनीष जायसवाल ने जल्दी मंदिर प्रबंधन को नई मूर्ति उपलब्ध कराने का वादा किया। इधर बरसों से विकास की आस का बाट जो रहा गंधौनिया धाम के लिए सांसद मनीष जायसवाल नई उम्मीद की किरण बनकर यहां पहुंचे तो धाम समिति से जुड़े लोगों के साथ मेले में आए हजारों लोगों ने उनका अंतर्मन से भव्य स्वागत किया ।इससे पहले यहां पहुंचने से पूर्व सांसद मनीष जायसवाल का ग्राम बलसगरा में दाढ़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रजापति के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।मौके पर विशेष रूप से मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, डांडी भाग-1 जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह,कनकी मुखिया लक्ष्मी देवी, स्थानीय भाजपा नेता पुरुषोत्तम पांडेय, राजू कुशवाहा के साथ-साथ अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरकार के प्रतिनिधियों के अलावा अन्य स्थानीय गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहें ।

## झारखंड का मकर टुसूमेला पूर्वजों का दिया हुआ विरासत हैःब्रह्मदेव महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के पंचायत पोटमदगा, भालू टुंगरी सुरंगा पहाड़ में रामराज मेला सह टुसु मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें हजारों हजार की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए राम राज्य मेला के मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो शामिल हुए जबकि विशिष्ट तिथि के रूप में दुलमी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान शामिल हुए अतिथियों के द्वारा मेला का शुभ उद्घाटन फीता काटकर किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि ने मेला में उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए ने कहा कि मेला के आयोजन से समाज के लोगों के बीच बढ़ता है। हमारी परंपरागत संस्कृति की पहचान है। पूर्वजों का दिया हुआ विरासत है जिसे हमें बचाए रखने की आवश्यकता यहां के धार्मिक स्थल पर लोग मिलते हैं और आपस में एक दूसरे को खुशियां बांटते हैं तथा आस्था एवं श्रद्धा बढ़ती है। प्रेम से सामूहिक रूप से काम करने की प्रेरणा मिलती है। दुलमी पार्षद प्रीति दीवान ने कहा कि मकर संक्रांति आने से लोगों में खुशी होती है किसान वर्ग के लोग फसलों को काटकर अपने घर पर सुरक्षित करने के पश्चात नूतन वर्ष आगमन की खुशियाँ मनाते है, टुसू मेला के रूप में आपस में प्रेम भाव और सद्भावना को बनाए रखते हैं! इस दौरान राज म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर मेला समिति के प्रकाश महली, होन्हे मुखिया राजीव मेहता, दुलमी रविंद्र कुमार सहित रिझु महतो, बालकृष्ण ओहदार, निरंजन महतो, दिलीप महतो, ठाकुर दास मौजूद थे।

## मनोविज्ञान विभाग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में ÷राष्ट्रीय युवा दिवस ÷ के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ÷राष्ट्रीय युवा दिवस% के थीम ÷एक स्थाई भविष्य के लिए युवा ÷पर आधारित थी। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।प्रतियोगिता में स्नातक तथा स्नातकोत्तर सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पुष्पा को प्रथम, अभिषेक को द्वितीय तथा विकास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अन्य विद्यार्थियों प्रियंका, अंकित, दीपशिखा ने भी निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी एन साह ने इस अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि ÷स्वामी विवेकानन्द के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला राष्ट्रीय युवा दिवस ÷ युवाओं में नई चेतना का संचार करता है। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भारती कुमारी ने अपने संबोधन में कहा की भारत देश की अधिकतर आबादी युवाओं की है और किसी भी देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है।सहायक व्याख्याता विक्रम कुमार ने भी अपना विचार रखा । मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रतिकुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,अन्य व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## डीएवी बरकाकाना के प्रांगण मे कुंडीय महा हवन किया गया आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना के प्रांगण में मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वर्ग दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों के उपस्थिति में बच्चों के उत्तरोत्तर विकास एवं विद्यालय की उन्नति के लिए नौ कुंडीय महा हवन आयोजित किया गया। इस मौके पर यज्ञ पुरोहित चंदन मिश्रा ने मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल की उपस्थिति में हवन की शुरुआत की। एरिया फाइनेंस मैनेजर मोहम्मद शफीक भी इस हवन में शामिल हुए। इस हवन में स्वर्गीय पी एस परमार के नाम से भी यज्ञ आहुति डाली गई। साथ ही साथ लोहड़ी भी मनाई गई। बच्चों ने इस अवसर पर लोहड़ी के कार्यक्रम में नृत्य करके चार चांद लगाया। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा है इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ,अभिभावकों एवं बच्चों ने पतंग उड़ाया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मस्जिद ने कहा कि भारत विविधताओं में एकता का देश है, इसकी पहचान और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना आवश्यक है। विद्यालय के बच्चों को यही बतलाने के लिए आज जहां एक ओर मकर संक्रांति मनाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर लोहड़ी भी मनायी गयी। पतंग उड़ा कर बच्चों ने मकर संक्रांति के त्यौहार को रंगों से भर दिया।

### कोतो पीटीपीएस से दर्जनों श्रद्धालु कुंभ किये नगरी प्रयागराज प्रस्थान



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत कोतो पीटीपीएस पतरातू क्षेत्र से वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी व मुखिया निधि सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में 3 बस से भक्तों का जत्था प्रयागराज कुंभ विंध्याचल अयोध्या व काशी विश्वनाथ के लिए प्रस्थान किया।वही मौके पर पतरातू कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने जय प्रकाश सिंह और निधि सिंह सहित दर्जनों श्रद्धालु यात्रियों को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए रवाना किया। मौके जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि महाकुंभ को लेकर पुरे विश्व में भक्ति भाव का माहौल है उसी निमित ग्राम पंचायत कोतो कटिया न्यु मार्केट,हेसला,हनुमानगढ़ी,पंचमंदिर व शाहकौलनी के लगभग 170 भक्तों जत्था प्रस्थान किया। यह यात्रा कुल 6 दिनो की होगी जिसमें खाने पीने की सम्पूर्ण व्यवस्था होगी। यात्रियों के लिए जरूरत के हिसाब से दवा की भी समुचित व्यवस्था है। मौके पर मुखिया निधि सिंह ने कहा कि यह पतरातु क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक यात्रा है और इसमे यात्रियों के हर छोटी बड़ी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है।श्रद्धालु यात्रियों में मुख्य रूप से समाजसेवी राहुल सिंह,अनिल सिंह,गोविंद सोनी,दिनेश साह,मोहन साहू,गोविंद कुमार,तुषार मिश्रा,प्रथम चौधरी,कार्तिक मनना,प्रमोद चौधरी,प्रिंस कुमार,आदि सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु रवाना हुए।

## 15 जनवरी को कुंदरुकला बगलामुखी धाम मे मकर सक्रांति टुसू मेला की तैयारी पूरी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरुकला पंचायत मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नए साल के उपलक्ष मे दामोदर नदी किनारे बगलामुखी धाम मंगरी ढीपा मे टुसू मेला महोत्सव को लेकर 15 जनवरी 2025 को आयोजित होगा मेला आयोजन समिति के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं मेला के उद्घाटन करता गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी मुख्य रूप से शामिल होंगे, दोपहर में 1बजे से देर शाम तक मकर संक्रांति टुसू मेला महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें झारखंड के लोकप्रिय नागपुरी कलाकार कैलाश जंक्शन एवं उड़ीसा के लोक कलाकारा उर्मिला महंतों के द्वारा एक से बढ़कर एक कला की प्रस्तुति की जाएगी।सांस्कृतिक कार्यक्रम मे नागपुरी खोरठा हिंदी और उड़िया के गीत व नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा,इस मेल में आकर्षण का केंद्र होगा झारखंडी संस्कृति का प्रतीक टुसू पर्व होगा उक्त आशय की जानकारी आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक मुखिया किसुन राम मुंडा व संयोजक रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो ने दिया।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच स्थापना के स्वर्णिम 40 साल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा आगामी 14 जनवरी से 21 जनवरी तक अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वें स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। युवा मंच ने अपने स्थापना के 4 दशक पुरे किये है . इस अवसर पर 8 दिवसीय कार्यकमो का आयोजन किया।जा रहा है जिसके अंतर्गत 14 जनवरी को इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओंकार मिशन वृद्धाश्रम में दही चूड़ा गुड तिलकुट गर्म कम्बल एवं अन्य जरूरत से जुड़ी सामग्री का वितरण वृद्धों के बीच कर किया गया। इस कार्यक्रम में ओंकार वृद्धाश्रम में राजेश नेगी, रतनी देवी, फादर तसरेम लाल नेगी, प्रेमशंकर मिश्रा, तुलसी महतो, शुक्र मुंडा, रति महतो, रामरतन लोहरा मौजूद थे।मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ने बताया आज 14 जनवरी से आरम्भ हुए हमारा यह 8 दिवसीय प्रोग्राम 21 जनवरी तक चलेगा जो क्रमशः इस प्रकार है। सदर अस्पताल रामगढ़ में कन्या भ्रूण संरक्षण के अंतर्गत नवजात कन्याओं के बीच बेबी किट एवं लोगों के बीच कन्या भ्रूण संरक्षण की जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण किया जाएगा। डी यू मिशन स्कूल झंडा चौक में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण किया जाएगा एवं उन्हें पर्यावरण का संरक्षण कैसे किया जाए इसके बारे में जानकारी दी जाएगी। रामगढ़ गौशाला में गौसेवा के अंतर्गत गौवंशों को हरा चारा एवं हरी सब्जी खिलाई जाएगी। एम एम टी ग्राउंड में स्वास्थ जांच शिविर के अंतर्गत डी कैंप का आयोजन किया जाएगा। पतंग महोत्सव। रामगढ़ सदर अस्पताल में ब्लड डोनेशन किया जाएगा एवं 21 जनवरी को मारवाड़ी धर्मशाला चट्टी बाजार में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन के साथ यह कार्यक्रम समाप्त होगा। इस आठ दिवसीय कार्यकम के आयोजन की तैयारी काफी जोर शोर से चल रही है एवं सभी आमजनों से मेगा ब्लड डोनेशन कैंप जो की 21 जनवरी को होगी में सम्मिलित होने के लिए मंच के अध्यक्ष एवं सचिव ने अनुरोध किया है।

# बुद्धिजीवी मंच ने सड़क सुरक्षा के संबंध में बरकाकाना ओ पी प्रभारी से की वार्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को कैसे रोका जाए इस सवाल पर बुद्धिजीवी मंच चिंतित है। अतः सड़क सुरक्षा के सवाल पर मंच के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बरकाकाना ओ पी प्रभारी से वार्ता की। ओ पी प्रभारी ने आश्वस्त किया कि अपने अधिकार के अंतर्गत आने वाले बिंदुओं पर निश्चित तौर पर कार्य किया जाएगा और अपने अधिकार से बाहर वाले बिंदुओं को उच्चाधिकारी को अग्रसारित किया जाएगा। वार्ता में कहा गया कि बुद्धिजीवी मंच द्वारा सुझाए गए तमाम बिंदु सड़क दुर्घटना कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। शुक्रवार बाजार घुटूवा मुख्य सड़क पर लग रही भीड़ और गाड़ियों का आवागमन से कभी भी दुर्घटना हो सकती है अतः दुकानदारों और ग्राहकों की सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य सड़क को खाली रखना चाहिए और बाजार लगने के समय भारी वाहनों का निषेधाज्ञा लगाना चाहिए। इसके अलावा बरकाकाना मुख्य सड़क पर लंपट स्पीड बाइकर्स की तेज रफ्तार गति और उसके साइलेंसर की उच्च ध्वनि पर अंकुश लगाने पर चर्चा हुई।अन्य बिंदुओं को उच्चाधिकारी और संबंधित सक्षम अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करने की बात हुई। ज्ञात हो कि बुद्धिजीवी मंच द्वारा बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क पर बंजारी से चैनगड़ा तक स्ट्रीट लाइट लगाने, घनी आबादी, स्कूल, बाजार और गति सीमा सूचक पट लगाने, तिराहों चौराहों पर हाई मास्ट लाइट लगाने, सी सी टी वी कैमरा लगाने और जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था देने की मांग प्रशासन से की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में प्रवक्ता सुशील कुमार, नेपाल विश्वकर्मा, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, प्रदीप चक्रवर्ती, गिरिशंकर महतो, देवकी बेदिया, शिवशंकर बेदिया, जलील अंसारी, जितेंद्र दास आदि शामिल थे।

## सेल संचालन समिति ने 15 जनवरी का आंदोलन को लिया वापस

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती एवं सीसीएल बरकासयाल प्रबंधन के बीच मंगलवार को वार्ता हुई। वहीं इस वार्ता में आगामी 15 जनवरी को पांच सुत्री मांगो पर कि जाने वाली आंदोलन व बंद को वापस लिया गया है। वहीं सेल संचालन समिति के सचिव अंबर कुमार ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा लिखित आश्वासन मिला है। जिसमें हमारी पांच मांगो में आर ए माइनिंग कंपनी व पीएसएमई कंपनी द्वारा किये जा रहे हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों को हुई नुकसान पर प्रबंधन ने 45 दिवसीय समीती का गठन किया है। और इसी महिने में सेल समिति को बीस हजार टन कोयला आफर देने कि बात कही गई। वहीं मार्च के बाद बेरोजगार विस्थापित ग्रामीणों को आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार देने पे सहमति बनी। वहीं इस वार्ता में प्रबंधन के साथ सचिव अंबर कुमार, दयानंद प्रसाद,ललन प्रसाद, पिंकू कुमार, रमेश मुंडा, अरविंद प्रसाद, राजदीप प्रसाद,जनक प्रसाद,बंधु करमाली, तिलेश्वर साहू आदि लोग मौजूद थे

## नईसराय वार्ड नंबर 2 के लोगों ने पानी की समस्या दूर करने को लेकर दिया ज्ञापन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड नंबर 2 नईसराय निवासी आरिफ कुरैशी ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया है कि नईसराय और सैयद कॉलोनी वासियों को पानी के काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि लोगों को पीने के पानी के लिए आधा किलोमीटर तक दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से लोगों की परेशानी दूर करने के लिए पाइपलाइन कनेक्शन व सार्वजनिक कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में ज्ञान में सफी, मुकतार हुसैन, मो इमरान, रेहेना परवीन, इम्तियाज आलम, मो शाहिद , रौनक परवीन, मो नसीम आदि के हस्ताक्षर हैं।

### रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट के द्वारा लेप्रोसी कॉलोनी के सदस्यों के बीच दही, चुरा, तिलकुट, कंबल, वस्त्र, खिलौने, आदि का वितरण किया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेंबर भवन के सभागार में मकर संक्रांति के अवसर पर लेप्रोसी कॉलोनी के सदस्यों के बीच दही, चुरा, तिलकुट, कंबल, वस्त्र, खिलौने, आदि का वितरण किया गया इस अवसर पर चेंबर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर पिछले कई वर्षों से चेंबर सेवा ट्रस्ट के द्वारा लेप्रोसी कॉलोनी के सदस्यों के साथ मिलकर त्योहार के अवसर पर दही तिलकुट वगैरा वितरित किया जाता है एवं उन सब का भी त्योहार अच्छे से हो इस सोच के साथ सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है इस अवसर पर रामगढ़ चैंबर सेवा ट्रस्ट के सचिव दिनेश पोद्दार द्वारा बताया गया कि लेप्रोसी कॉलोनी के लगभग 200 सदस्यों के बीच आज मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर वे लोग दही चुरा तिलकुट आदि का आनंद ले सके इसलिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने भी बताया कि चेंबर के सभी सदस्यों के द्वारा उपस्थित होकर लेप्रोसी कॉलोनी के सदस्यों के साथ धूमधाम से त्यौहार मनाया गया इस अवसर पर रामगढ़ चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानस सचिव मानव चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी चेंबर के पूर्व अध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल श्याम परशुरामपुरिया प्रदीप सिंह आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) मनजी सिंह राजू चतुर्वेदी सदस्य गण विष्णु पोद्दार बालकृष्ण जालान राजेश अग्रवाल सुरेश बगड़िया परशुराम शाह अनिल अग्रवाल जे पी सिंह मनोज अग्रवाल संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### रैयत की जमीन पर बिजली विभाग के द्वारा भूमिगत केबल वायरिंग का ट्रेंच कटिंग को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ मानुवा निवासी हलीम एराकी पिता स्व. गुलाम रसूल के द्वारा एक आवेदन रामगढ उपायुक्त एवं रामगढ एसपी को दिया गया है इसमें उन्होंने बताया कि मेरी रैयत जमीन मौजा मरार थाना नंबर 144 थाना रामगढ़ जिला रामगढ खाता नंबर 29 प्लॉट नंबर 1420 रकवा 5 एकड़ 69 डिसमिल जमीन जो मेरे भाई मोहिद्दीन मियां पिता अब्दुल सकुर के नाम खरीदगी निबंधित केवाला हासिल है एवं शांतिपूर्ण दखलकार चले आते हैं वो हैं हमारी उपरोक्त वर्णित भूमि में आवैध तरीके से डीवीसी द्वारा अतिक्रमण कर भूमिगत केवल वायरिंग के लिए ट्रेंच कटिंग का केबल बिछाने की तैयारी की जा रही है जो सरासर गलत है इस संबंध में बिजली विभाग यह उससे संबंधित अधिकारी ने किसी भी प्रकार का पत्राचार हम लोगों से साथ नहीं किया। इसको लेकर रैयत का भाई हलीम इराकी के द्वारा उपयुक्त और रामगढ़ एसपी को आवेदन दिया गया है कि उपरोक्त जमीन पर हो रहे फ्रेंच कटिंग कर तार बिछाने का कार्य को तुरंत रोका जाए और उचित कार्रवाई बिजली विभाग पर की जाए।

## मकर संक्रान्ति सह टुसू मेला समारोह का किया गया आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ दोहाकातु मउर सेरवा टांड़ चुटुपालु खिराबेड़ा ओरमांझी मे मकर संक्रान्ति सह टुसू मेला समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी साथ ही विधिवत रूप से फीता काट कर उद्धघाटन किया।साथ ही सर्वप्रथम मेला के संस्थापक स्व॰ त्रिवेणी बेदिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए साथ ही कहा कि मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है, जो नए आरंभ और समृद्धि का संदेश देता है. मकर संक्रांति इस साल भी बड़े धूमधाम से मानाई जा रही है. इस अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं दिए मौके पर रामगढ़ जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा जी ओरमांझी प्रमुख अनुपमा देवी रामगढ़ बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली चुटुपालु मुखिया वीरेंद्र मुंडा संरक्षक फुलेंद्र कुमार अनिल कुमार सुनिल बेदिया मनोज बेदिया कृष्णकांत बेदिया बालकिशून बेदिया सुनिल बेदिया किशोर महली चुन्दा बेदिया भारत महतो रामसेवक बेदिया कमलेश महतो गौरीशंकर महतो तस्लीम अहमद सहित हजारों की संख्या ग्रामीणों ने मेला का लुफ्त उठाए।

## इनर व्हील क्लब का रामगढ़ के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच का किया गया आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इनर व्हील क्लब का रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ स्थित श्री गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में आयरिश हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच का आयोजन किया गया ।इस शिविर में करीब 100लोगों का नेत्र जांच किया गया। वहीं क्लब के द्वारा बिजोलिया स्थित जलाराम मंदिर के प्रांगण में लंगर सेवा का आयोजन किया गया। मौके पर नववलजीत कौर,अनुराधा श्रॉफ,श्वेता जैन,ममता अग्रवाल,नीतू अग्रवाल,जसविंदर होरा,दीपा वडेरा,रेनू मेवाड़,जसमीत सोनी, जसप्रीत कौर,डॉ मनबीर कौर,राजेंद्र कालरा,ममता वसंत,सुरेंद्र कौर,आदि लोग मौजूद थे।

# कमर्शियल वाहनों में लगाई रिफ्लेक्टिव टेप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार किसान चौक एवं मैथन के पास वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान जिन कर्मशियल वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप नहीं थी, उसमें रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर तथा वाहन चालकों को पंपलेट देकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने को कहा गया।इस संबंध में एमवीआई शुभम कुमार ने बताया कि वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप नहीं होने या उसके खराब हो जाने के कारण रात के समय सड़क दुर्घटना होने की संभावना है। वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगे रहने से सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। इसलिए कमर्शियल वाहनों में सामने सफेद, दायें एवं बायें तरफ पीला तथा पीछे लाल रंग का रिफ्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा सड़क पर लगे बैरिकेडिंग में भी रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। जिससे रात के समय वाहन चालकों को दूर से ही बैरीकेडिंग दिखे और वे अपने वाहन की गति को नियंत्रित कर सके।मौके पर एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार एवं डीटीओ कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

# निशुल्क हृदय जांच शिविर में 150 मरीजों को मिला लाभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जगन्नाथ गुप्ता इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस जिम्स हॉस्पिटल कोलकाता एवं सना हेल्थ संस्था के संयुक्त तत्वाधान में निश्शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन लिटिल फ्लावर प्ले स्कूल में किया गया। 150 मरीजों की जांच की गई। पूरे धनबाद में ये पांचवा शिविर लगाया गया है। अब तक लगभग हजारों मरीजों की जांच हो चुकी है। लगभग 200 मरीजों की जांच के लिए कोलकाता भेजा जा चुका है। आगे भी शिविर जगह जगह लगता रहेगा। सना हेल्थ संस्था के संस्थापक मो सादिक अली ने कहा की गरीब एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगो के लिए हमारी संस्था काम कर रही है और लोगो को काफी इससे फायदा हो रहा है। हमारी संस्था आने जाने की भी सुविधा दे रही है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवदत्ता कर ने कहा की प्रदूषण एवं फास्ट फूड के कारण हृदय रोग की बीमारी बढ़ रही है। लोगों का खान पान पर ध्यान देने की जरूरत है। लोगों को ब्लड प्रेशर की जांच हमेशा करनी चाहिए। मौके पर डॉ मुश्ताक आलम, ईसीजी तकनीशियन मो मासूम आलम, मो मुख्तार आलम, विक्रम दत्त, अभिजित नंदे, मो कमरुद्दीन, मो सद्दाम, मो अफजल, मो अशरफ एवं स्कूल के प्राचार्य के साथ साथ कई शिक्षक भी शिविर में मौजूद थे।

# आईएसएम में आयोजित प्रतियोगिताओं में डीएवी बनियहीर की छात्राओं ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारतीय खनिक विद्यापीठ में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में डीएवी बनियाहीर की छात्राओं ने अदभुत प्रदर्शन किया। बालिकाओं ने अपने नृत्य कौशल से उपस्थित जन समूह को भाव-विभोर कर दिया। परिणाम स्वरूप निर्णायक मंडल ने पचास से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच बनियहीर डीएवी की छत्राओं को सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही बालिकाओं ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ युगल- नृत्य में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार की घोषणा होते ही आईएसएम का सभागार करतल ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। छात्राओं की इस अप्रतिम सफलता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रचार्य एज़ाज अहमद ने छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देते हुआ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शुभकामनाएं दी कि आगे चलकर हमारे विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराएँ। प्राचार्य ने विद्यालय की शिक्षिकाओं आतोषी चक्रवर्ती, पिंकी बनर्जी और अंकिता तिवारी तथा शिक्षक मुजतबा आदि के प्रति

# डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई के बच्चों ने कराटे प्रतियोगिता में लहराया परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** धनबाद जिला कराटे प्रतियोगिता दून पब्लिक स्कूल कुसुम विहार धनबाद जिला में आयोजित किया गया, जिसमें डीडीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपना जोश दिखाते हुए अपने विरोधी को शिकस्त देते हुए उन्हें चारों खाने चित्त कर दिया। बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए प्राचार्या महुआ सिंह ने प्रसन्नता जाहिर की और बच्चों को और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाइयां देते हुए कहा कि हमारे बच्चे केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि खेल के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन करके अपने अपने माता - पिता और स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। साथ ही प्राचार्या ने मकर संक्रांति की सभी को शुभकामनाएं दी। 12 जनवरी को ही रविवार के दिन आईआईटी आईएसएम में आयोजित अन्य कार्यक्रम %उम्मीद% में धनबाद के विविध क्षेत्रों से आए विद्यालयों ने




अपनी भागीदारी दिखाते हुए कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी जीत सुनिश्चित की। बच्चों की इस शानदार प्रदर्शन से विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओं का हृदय गदगद है और विद्यालय के शिक्षक आगे भी बच्चों को हर क्षेत्र में बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# अंजुमन तरक्की उर्दू (हिंद) झारखंड की एक बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू (हिंद) झारखंड राज्य के सहयोग, जिले से प्रतिनिधि चयन, चुनाव और सम्मेलन एवं सदस्यता अभियान को गति देने हेतु महफूज आलम, हफीज कॉलोनी, धनबाद स्थित आवास पर अंजुमन के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई, जिसमें कमेटी के पदाधिकारी सैयद मिफ्ताहुल आरिफिन रिजवी, डॉ. हसन निज़ामी, डॉ. सैफुल्लाह खालिद, सैयद सरवर हुसैन, राशिद मजहर, यूनुस फिरदौसी, गुलाम ग़ौस आसवी और इब्न ताज शामिल हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि धनबाद जिला कमेटी रांची में होने वाले राज्य सम्मेलन एवं चुनाव में पूर्ण सहयोग करेगी। वहीं डॉ. सैफुल्लाह खालिद ने कहा कि कार्यक्रम को यथासंभव सफल बनाने में अंजुमन पेश-पेश रहेगी और अग्रणी भूमिका निभाएगी। सैयद मिफ्ताहुल आरिफिन रिजवी ने कहा कि सदस्यता अभियान में तेजी लाने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोग हमारे अंजुमन के अभियान में शामिल हो सकें।

## चौकीदार नियुक्ति परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का परिणाम वेबसाईट पर प्रकाशित

**प्राप्त अंको के संबंध में किसी प्रकार का दावा दिनांक - 15.01.2025 को कर सकते है समर्पित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला अर्न्तगत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के तहत दिनांक - 29.12.2024 को आयोजित लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का प्राप्तांक तथा कट ऑफ मार्क्स से संबंधित सूची अधिकृत वेबसाईट 222.स्त्रद्धड्डठ्ठ-ड्डड्डस्त्र.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर प्रकाशित गया है। प्राप्त अंको के संबंध में किसी प्रकार का दावा यदि किसी अभ्यर्थी को समर्पित करना हो तो वे दिनांक - 15.01.2025 को 5ञ्00 बजे अपराह्न तक धनबाद समाहरणालय नया भवन के प्रथम तल के कमरा संख्या - 109 में ड्राप बॉक्स या अधिकृत मेल आईडी - द्दह्य1612स्त्रद्धठ्ठञ्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्शद्व के माध्यम से समर्पित कर सकते है। विवेचनोपरान्त किसी अभ्यर्थी का दावा सही पाया जाता है, तो इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

## जोरापोखर रेलवे फाटक दो दिनों तक रहेगा बंद

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोरापोखर रेलवे फाटक दो दिनों तक रेलवे ट्रैक मरम्मती को लेकर रहेगा बंद। उक्त बातों की जानकारी भागा रेलवे वरिष्ठ अनुभाग अभियंता रेल पथ के सेक्शन इंजीनियर सूरज प्रसाद दास ने दी है। उन्होंने कहा कि 16 व 17 जनवरी को रात्रि 9 बजे से सुबह 7 बजे तक जोरापोखर रेलवे फाटक बंद रहेंगे। इस दरम्यान रेलवे ट्रैक पर मरम्मती कार्य की जाएगी। उन्होंने इसकी जानकारी जोरापोखर थाना सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों को पत्र देकर दिया है।

# दिव्यांग बच्चों ने मनाया मकर संक्रांति का त्यौहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भगवान सूर्य के दक्षिण से उत्तरायण होने पर भारत वर्ष के उजाले में वृद्धि के प्रतीक नव वर्ष के प्रथम पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को नारायणी चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित विशेष बच्चों की स्कूल पहला कदम में मकर संक्रांति के अवसर पर बड़े बच्चों के मनोरंजन के लिए बहुत ही शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पतंग उड़ाना विशेष रूप से शामिल था। आज बच्चो ने दही चुड़ा और तिलकूट का लुत्फ उठाया। पहला कदम की संचालिका अनिता अग्रवाल ने कहा कि सदैव यह कोशिश रही कि कोई भी दिव्यांग बच्चों की ज़िंदगी में किसी भी पर्व की खुशी की कमी न रहे और आज उसी का प्रयास व परिणाम है कि समाज के प्रतिष्ठित और सम्मानित वर्ग इन दिव्यांग बच्चो को अपने साथ खुशी में शामिल कर रहे है। सभी शिक्षकों ने मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मुस्कान एक प्रयास संस्था की संस्थापिका दरभंगा में सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दरभंगा में आयोजित सम्मान समारोह में धनबाद की संस्था मुस्कान एक प्रयास को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान मिला। धनबाद सहित पूरे देश में रक्तसेवा के लिए धनबाद रक्तसेवक संस्था मुस्कान एक प्रयास को दरभंगा में सम्मानित किया गया। पूरे झारखण्ड में रक्तदान के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से खुद को रक्तसेवा के प्रति समर्पित कर चुकी ललिता चौहान को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला एवं पूरी टीम के द्वारा दरभंगा की संस्था समर्पण मिथिला के द्वारा दलान रिसॉर्ट दरभंगा में 11 एवं 12 जनवरी को राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस रक्तदाता सम्मेलन में देश के अलग-अलग प्रदेशों सहित पड़ोसी देश नेपाल के रक्तदान क्षेत्र से जुड़े 200 रक्तदाता एवं संस्थाओं को



आमंत्रित किया गया था एवं कार्यक्रम समापन के उपरांत सभी को सम्मानित किया गया।

# मॉर्निंग वॉकरों ने मनाया मकर संक्रांति व पूर्व मेयर का जन्मदिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक करने आने वाले मॉर्निंग वॉकरों के लिए मंगलवार का दिन दोहरी खुशी लेकर आया। एक तरफ जहाँ मॉर्निंग वॉकरो ने मकर संक्रांति के पर्व के मौक़े पर एक दूसरे को तिलकुट खिलाया तो वही दूसरी ओर केक काट कर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल का 63वां जन्मदिन भी मनाया गया।सभी लोगों ने पूर्व मेयर के दीर्घायु होने की कामना की। बता दें कि हर रोज सैकड़ों लोग गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं। पूर्व मेयर के दिनचर्या में भी मॉर्निंग वॉक शामिल है। आज ज़ब



सभी लोग मॉर्निंग वॉक करने पहुंचे तो पूर्व मेयर की जन्मदिन की खुशी में केक काटा। साथ ही मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तिलकुट बांट कर मकर संक्रांति का पर्व भी मनाया। मौके पर आनंद चौरसिया, जावेद खान, जाकिर खान, संजय शर्मा, विकाश सिंह, नायाब खान, गुड्डू शर्मा, मुकेश सिंह, कमलेश कुमार, जॉय आदि मौजूद थे।

## 16 से 18 जनवरी तक चलेगी शारीरिक जांच की प्रक्रिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद जिला अर्न्तगत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के तहत दिनांक- 29.12.2024 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के उपरान्त सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जांच हेतु दिनांक- 16.01.2025 से 18.01.2025 तक समय निर्धारित करते हुए मोमको मोड स्थित हवाई पट्टी स्थल चयनित किया गया था। सभी सफल अभ्यर्थी शारीरिक जॉच हेतु मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, मेमको मोड, धनबाद में पहुँचेंगे। समय एवं अन्य जानकारी अधिकृत वेबसाईट 222.dhan-bad.nic.in पर प्रकाशित की जायेगी। सभी सफल अभ्यर्थी अधिकृत वेबसाईट का अवलोकन समय समय पर करते रहेंगे।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
विद्युत/क.वि. विभाग
विविध वैद्युतिक कार्य हेतू ई–निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई–निविदा संख्या: TRD-OT-11-AMC-132 KV-24-25
2. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: Annual Maintenance of 132KV Transmission line in CIC section for three (03) years. कार्य समापन की अवधि (36) छत्तीस माह 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू. 64,40,393.63/– निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य 3. बीड सिक्युरिटि: 1,28,900/– 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई–निविदा बंद होने की तिथि 03.02.2025 को 11:00 बजे एवं ई–निविदा खुलने की तिथि 03.02.2025 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण: www.ireps.gov.in
ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
कृते मंडल रेल प्रबंधक (क.वि.)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01911/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/32

## एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला कुडू

# ताबड़तोड़ फायरिंग में एक शुटर को लगी गोली, गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर

### दो 9 एमएम लोडेड पिस्तौल, दो खोखा और एक अपाची बाइक जब्त





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** मंगलवार की सुबह कुडू बस स्टैंड एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। अपराधियों ने कुडू अखरा टोली निवासी बस एजेंट संतु पासवान पर गोलियों की बौछार कर दी। पीड़ित ने किसी तरह से अपनी अपनी जान बचायी वहीं दूसरे अपराधी के द्वारा चलाई गई गोली से एक अपराधकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गोली उसके सर के पीछे के हिस्से में लगी है। प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार घायल अपराधकर्मी सुभाष चौधरी जयसवाल बीते वर्ष संतु पासवान के बड़े भाई और पुर्व पंचायत समिति सदस्य मंगलू पासवान की हत्या में शामिल था और फिलहाल ज़मानत पर बाहर था। मिली जानकारी के अनुसार संतु पासवान रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह करीब 9-30 बजे बस स्टैंड में अपना एजेंटी का काम करने पहुंचा था तभी सफेद रंग की टीवीएस अपाची बाइक संख्या जेच01ई डब्ल्यू - 0775 से पहुंचे अपराधकर्मी सुभाष ने उसपर सामने से गोली चला दी गनीमत रही कि गोली संतु के बगल से निकल गयी अपराधी द्वारा दूसरा फायर करने पर गोली बैरल में फंस गई। इसी बीच भीड़ ने अपराधी को पकड़ लिया और धुनाई शुरू कर दी तभी दूसरे अपराधी ने अपने पिस्तौल से गोली चलाई जो पब्लिक के हत्थे चढ़े आपराधकर्मी के सर में लग गयी जिससे वह वहीं पर गिर गया जिसके बाद अफरा तफरी मच गई और आनन फानन में मौके पर पहुंची कुडू थाना पुलिस ने पब्लिक की मदद से दूसरे अपराधी को भी दबोच लिया। पकड़ा गया अपराधकर्मी कुडू हमीद नगर निवासी रफीक अंसारी का पुत्र एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के रूप में हुई है।

**बिते वर्ष फरवरी में संतु के बड़े भाई को गोली मारकर कर दी गई थी हत्या**

गौर तलब है कि बीते वर्ष 4 फरवरी रविवार की सुबह 8:30 बजे संतु पासवान के बड़े भाई और पूर्व पंचायत समिति सदस्य और वर्तमान पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी के पति संतोष मांझी उर्फ मंगलू की दिन दहाड़े सरे राह गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। संतोष मांझी उर्फ मंगलू साप्ताहिक हाट कूडू के संवेदक थे। और कूडू बाज़ार टांड़ स्थित बिजली ऑफिस के सामने चुंगी वसूलने बैठे थे। तभी पैदल पहुंचे दो अज्ञात अपराधकर्मियों ने नज़दीक से पांच गोली मार दी। जिससे मौके पर ही मौत हो गयी थी।

**आक्रोशित लोगों ने एनएच 75 को किया जाम**

फिर गोली चालन की खबर जैसे ही फैली महिला, पुरुष और बच्चे घटना स्थल पर पहुंचना शुरू हो गए। और कूडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 स्थित बस स्टैंड को जाम कर दिया। इससे कुछ देर के लिए गाड़ियों की लंबी लाइन लग गयी। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर संदीप रंजन थाना प्रभारी अज़ीम अंसारी ने जामकर्ताओं से बात करने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित लोगों ने बार बार और दिनदहाड़े लगातार हो रही घटना का हवाला देते हुए और एक नही सुनी और जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ भड़ास निकाली। हालांकि पुलिस और कुछ प्रबुद्ध लोगों के समझाने और बैठ कर बात करने के आग्रह पर माने और इसमे शामिल अन्य अपराधियों और साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद जाम खोलने पर राजी हुए।

**इससे पुर्व भी कई बार गोलियों से थर्राया है कुडू**

उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के टाटी निवासी बैंक मित्र अमर पासवान 20 वर्ष पिता भुनु पासवान शुक्रवार 4 नवंबर 2022 की सुबह 10:30 बजे लुटेरों ने गोली मारी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं इस घटना के एक सप्ताह बाद लक्ष्मी नगर मुहल्ला में 15 नवंबर 2022 की संध्या लगभग सात बजे बढ़ई मिस्त्री का काम करनेवाले सुदेश्वर साहू के 27 वर्षीय पुत्र विकास साहू की गोली मारकर हत्या कर दी थी, और उसे बचाने गए उसकी पत्नी 20 वर्षीय प्रतिमा देवी चचेरा भाई 40 वर्षीय राजेश साहू को भी गोली मारकर घायल कर दिया था। और एक माह बाद कूडू बस स्टैंड में मुर्गी दुकान चलाने वाले अरविंद पासवान उर्फ गुड्डु को गोली मारकर घायल कर दिया था। और अब इस घटना से कूडू के लोग भयाक्रान्त हैं।

**पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज**

संतु पासवान ने कुडू थाना में आवेदन देकर सुभाष जयसवाल,सत्यजीत कुंदन,रितेश भारती,विजय राम पवार, अमन सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमे लिखा है कि ये सभी लोग उनके भाई संतोष मांझी की हत्या में शामिल थे और फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। बीते 17 नवंबर 2024 को भाई की हत्या के केस में गवाही देने लोहरदग़ा कोर्ट जाने पर सभी ने धमकी दी थी कि तुमको भी तुम्हारे भाई की तरह ही मार देंगे। जिसकी लिखित सुचना पुलिस अधीक्षक को दी थी।

## हिंडाल्को सीएसआर के सहयोग से वृद्धजनों के बीच कंबल का किया गया वितरण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अत्यधिक ठण्ड पड़ने के कारण निर्वतमान वार्ड पार्षद कमलेश कुमार एवं हिंडालको द्वारा प्रदत वार्ड क्षेत्र 07 के करचाटोली, कचहरी रोड, रहमतनगर, टंगराटोली, बिरसा नगर, हरयाणा एवं कटहल टोली के वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस कड़काती ठण्ड मे कंबल पा कर वृद्ध जन काफ़ी खुश हुए। इस कंबल वितरण के मौके पर निर्वतमान वार्ड पार्षद कमलेश कुमार के साथ हिण्डाल्को सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, भाष्कर दास गुप्ता, अनन्या डे, अभय भारती, शोभावती कुजूर, विजय ठाकुर, रंजीत डे, प्रदीप नारायण सिंह, जितबाहन, मरियम, बेदो, चरिया, चंद्राकलिया,बरिया, सैरण निशा, मंजुल खातून, विमला, दुलो, महाबीर राम, नूरजहां बेगम, मुक्ता देवी, सुमित्रा देवी, पूरन उराव, बसंती तिर्की समेत अन्य गणमान्य एवं वृद्ध जन उपस्थित थे।

## पार्टी कार्यकर्ताओं को नसीहत ना दे नीरू शांति भगत, खुद अपने गिरीबांन में झांक कर देखें : अंजू देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी बड़े भाई स्वर्गीय, कमल किशोर भगत आजसू पार्टी के जन्मदाता एवं अभिभावक थे और हमेशा हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का आदर्श,प्रेरणा बने रहेंगे। लेकिन आज उनकी धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने जो आरोप लगाकर पार्टी से इस्तीफा दिया है, उसपर मैं खंडन करते हुए कहना चाहती हूं की निरू शांति स्वयं आंदोलनकारी की पत्नी है और यही आजसू पार्टी ने उन्हें 3 बार प्रत्याशी भी बनाया। लेकिन आज आजसू पार्टी पर आरोप लगाकर पार्टी से इस्तीफा दिया है और पार्टी सुप्रीमो आदरणीय सुदेश कुमार महतो को जो नसीहत दे रही है,की पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देना जरूरी है। मैं यही बताना चाहूंगी की हम वही आजसू पार्टी के कार्यकर्ता है जिन्होंने 2009 और 2014 में कमल किशोर दादा को विधायक बनाकर विधानसभा भेजने का काम किये थे। हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओ को किसी की नसीहत की जरूरत नहीं है स्वयं अपने में सुधार करें और पार्टी कार्यकर्ताओं पर तंज कसकर पार्टी से इस्तीफा दिया है मैं उससे पूछना चाहती हूं कल किसी भी पार्टी में जाएगी तो क्या उस पार्टी के कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दे पाएगी। आप किसी भी पार्टी में जाय आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं।

## नाबालिग सहित चार चोर सिंचाई मशीन के साथ गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के रियाडा रोड में चोरी का सिंचाई मशीन के साथ एक युवक का होने की गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उसने चोरी की घटना में संलिप्त होने का स्वीकार कर अन्य सहयोगियों के नाम का खुलासा किया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र से सिंचाई मशीन चोरी होने की मौखिक सूचना पूर्व में थाना प्रभारी अजित कुमार को प्राप्त हो रहा था जिसे बढ़ते चोरी का अपराध पर अंकुश लगाने की स्वयं थाना प्रभारी और गस्ती दल द्वारा लगातार क्षेत्र में पुलिस नजर बनाई हुई थी। उसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र के रियाडा रोड में चोरी का सिंचाई मशीन के साथ एक लड़का का होने की सूचना पर सेन्हा पुलिस द्वारा कारवाई कर लड़का को धर दबोचा उसने अपना पता बरही निवासी बालक बैठा का 20 वर्षीय पुत्र राहुल बैठा बताया। जिसे पूछताछ करने पर चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए घटने में संलिप्त अन्य आरोपी साथियों का नाम का खुलासा किया। जिसके निशानदेही पर सेन्हा पुलिस बरही निवासी कीर्तन उरांव का 24 वर्षीय पुत्र बीरेंद्र उरांव,करमा उरांव का 19 वर्षीय पुत्र बाबूराम उरांव तथा एक नाबालिक को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इन लोगो के निशानदेही पर चोरी का सिंचाई मशीन खरीदार दुकानदार मोहम्मद रेहान के पुत्र हमजा रहान उम्र 25 वर्ष को राहत नगर थाना जिला लोहरदगा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेज दिया। वही नाबालिक आरोपी लड़का को बाल सुधार गृह गुमला भेजा गया।

## महाकुंभ भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और समाज की एक अनुपम धरोहर : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाला महाकुंभ भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और समाज की एक अनुपम धरोहर है। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करता है। यह आयोजन हिन्दू धर्म के अनुसार विशेष महत्व रखता है और इसमें भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालु अपने पापों का नाश करने के लिए गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करते हैं। महाकुंभ, हिंदू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने आते हैं। यह मेला भारत के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों पर आयोजित होता है- प्रयागराज (संगम), हरिद्वार (गंगा), उज्जैन (शिप्रा) और नासिक (गोदावरी), इस बार महाकुंभ प्रयागराज में आयोजित हो रहा है, इस साल के महाकुंभ का विशेष महत्व है क्योंकि यह 144 वर्षो बाद हो रहा है. अनुमान है कि इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। मान्यता है कि अक्षयवट के दर्शन भी महाकुंभ यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा होते हैं, जो भक्तों के लिए बहुत पुण्यकारी माना जाता है, महाकुंभ का ऐतिहासिक महत्व अत्यधिक है। भारतीय ग्रंथों और पुराणों में इस आयोजन का उल्लेख मिलता है, विशेष रूप से महा कुम्भ का उल्लेख ब्रह्मपुराण, स्कंदपुराण और भागवतपुराण में किया गया है। यह एक धार्मिक पर्व है,जिसमें लाखों लोग गंगा नदी के पवित्र जल में स्नान कर अपने पापों से मुक्ति प्राप्त करने का विश्वास रखते हैं। प्रयागराज, जो पहले इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था, पवित्र संगम स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यह वह स्थान है जहां तीन प्रमुख नदियाँ- गंगा,यमुना और सरस्वती मिलती हैं। महाकुंभ का आयोजन भारतीय कैलेंडर के अनुसार हर 12 वर्षो में होता है। इसमें निश्चित तिथियों पर विशेष स्नान पर्व आयोजित होते हैं,जिनमें करोड़ों लोग शामिल होते हैं। कुंभ मेला सबसे पहले हरिद्वार, उज्जैन,नासिक और प्रयागराज में आयोजित होता है। प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन प्रत्येक 12 वर्षों में विशेष रूप से होता है, जिसमें भारी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं का आना होता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी यह एक अभूतपूर्व घटना है। महाकुंभ के दौरान, प्रयागराज में अस्थायी शहर बसता है। यहां तंबू, अस्थायी सड़कों, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाती है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस समय, विभिन्न अखाड़े, साधु-संत और धर्मगुरु अपना महत्व बढ़ाते हैं, और उनके बीच विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। इसके अलावा,सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगीत और नृत्य के आयोजनों के साथ-साथ,भारतीय हस्तशिल्प और पारंपरिक भोजन का भी एक विशेष आकर्षण होता है। महाकुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक उन्नति का प्रतीक है,बल्कि यह भारतीय समाज के एकता,समरसता और विविधता को भी दर्शाता है। यहां विभिन्न संस्कृतियों,जातियों और धर्मों के लोग एक साथ आते हैं,जो यह सिद्ध करते हैं कि भारत की संस्कृति में भाईचारे और समानता का संदेश निहित है। इस विशालतम धार्मिक उत्सव के माध्यम से भारतीयता की गहरी भावना और सांस्कृतिक धरोहर को सम्मानित किया जाता है। कुल मिलाकर, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ भारतीय संस्कृति का जीवंत उदाहरण है,जो हर वर्ष अपनी विराटता और महत्व के कारण लोगों के मन में स्थायी छाप छोड़ता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है,बल्कि समाज को एकजुट करने और विश्व में भारतीय सभ्यता की प्राचीनता को प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय अवसर है। महाकुंभ के शाही स्नान-13 जनवरी (सोमवार)- स्नान,पौष पूर्णिमा,14 जनवरी (मंगलवार)-शाही स्नान,मकर संक्रांति 29 जनवरी (बुधवार)-शाही स्नान,मौनी अमावस्या,3 फरवरी (सोमवार)-शाही स्नान,बसंत पंचमी,12 फरवरी (बुधवार)-स्नान,माघी पूर्णिमा,26 फरवरी (बुधवार)-स्नान,महाशिवरात्रि।

## सांसद सुखदेव भगत शोकाकुल परिवारों से मिले, बंधाया ढांढस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के नेता बॉबी भगत जिनका बड़े पुत्र का कुछ दिन पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। आज लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत घाघरा पहुंचकर बॉबी भगत एवं अन्य शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहे कि इस अपूरणीय क्षति पर मेरी गहरी संवेदना और प्रार्थनाएं उनके साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दे। इस दुख के घड़ी में मैं और पूरा कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में आलोक कुमार साहू, कुणाल अभिषेक, मोती चौबे आदि शामिल है।

## मकर संक्रांति पर्व का हमारी सनातनी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान : आचार्य शरचचंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। सर्वप्रथम आचार्य गणेश शास्त्री, अर्जुनदेव आर्य, किशन आर्य के द्वारा आचार्य शरतचन्द्र आर्य एवं भारत स्वाभिमान पतंजलि के जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती की उपस्थिति में यज्ञ हवन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ब्रह्मचारियों एवं लोगों को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व हमारी सनातनी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है,आज ही के दिन महर्षि भगीरथ के अखण्ड तप से माँ गंगा का अवतरण पृथ्वी पर हुआ, भीष्म पितामह ने सूर्य भगवान के उत्तरायण होने पर ही अपने प्राण त्यागे थे। इस दिन हवन यज्ञ, तप, स्वाध्याय एवं दान का विशेष महत्व है। हमें अपनी सनातनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। हमें वेदानुकूल जीवन जीना चाहिए, आचरण करना चाहिए। तभी स्वयं का,समाज का एवं देश का कल्याण सम्भव है।आज हम भटक गए हैं और अपनी गौरवपूर्ण संस्कृति को भूल बैठे हैं। आज हरेक घर में यज्ञ हवन होना चाहिए जिससे घर का वातावरण विशुद्ध रहे एवं चारित्रिक दोषों का शमन हो। इसके बाद सभी उपस्थित जनों एवं ब्रह्मचारियों को चूड़ा दही तिलकुट गुड़ आदि का सामूहिक भोजन प्रसाद कराया गया। आचार्य शरतचन्द्र आर्य ने कहा कि आज के दिन हवन यज्ञ अध्यात्म का अवश्य अनुष्ठान करना चाहिए। यह हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति का अटूट हिस्सा है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह पतंजलि परिवार के द्वारा योग आयुर्वेद के प्रचार प्रसार हेतु पदाधिकारियों से पुरुषार्थ करने हेतु आह्वान किया गया। इसके बाद आचार्य दयाशंकर जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु पुष्पांजलि दी गयी।पतंजलि परिवार लोहरदगा की ओर से आचार्य शरतचंद्र जी, गणेश जी एवं अर्जुन जी को वस्त्र प्रदान किया गया एवं सम्मानित किया गया।

## मक्कर संक्रांति के उपलक्ष्य में लोगों ने किया स्नान-दान पुजा-अर्चना, बच्चों-युवाओं ने भी पतंगबाजी का लिया खुब आनंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** 14 जनवरी मंगलवार को मक्कर संक्रांति के उपलक्ष्य में प्रखंड के विभिन्न गाँवो मे श्रद्धालुओं के द्वारा अहले सुबह-सुबह नदी, तालाबों, जलाशयों मे लगाई डुबकियाँ भगवान सूर्य को किया जल अर्पित वही पुजा स्थलों मन्दिरों पर भी पुजा अर्चना करते पुरे दिन श्रद्धालुओं का दिखाई दिया उत्साह। मान्यता के अनुसार सूर्य उपासना के पर्व मक्कर संक्रांति मे आज ही के दिन 14 जनवरी को सूर्य धनु राशि से मक्कर राशि में गोचर करते हैं,मक्कर संक्रांति में ब्रम्ह बेला में स्नान-दान का विशेष महत्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार 14 जनवरी 2025 को सूर्य 08 बजकर 55 मिनट पूर्वाह्न मे धनु राशि से निकलकर मक्कर राशि में प्रवेश करने के कारण पुरे दिन 14 जनवरी को मक्कर संक्रांति का त्योहार एक उत्सव के रुप में मनाया गया वही श्रद्धालुओं में स्नान-दान, पुजा-अर्चना को लेकर दिनभर उत्साह दिखाई दिया। इस त्यौहार पर बच्चो युवाओं के बीच स्व निर्मित पतंगबाजी को लेकर भी एक-दूसरे से अधिक उंचाईयों में अपने-अपने पतंग को पहूँचाने की भी होड़ लगी रही। इस प्रकार मक्कर संक्रांति का त्यौहार प्रखंड क्षेत्र में शांति और उल्लास के साथ संपन्न हो गया।

## नदी तालाबों में स्नान दान के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का त्योहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में मंगलवार को मकर संक्रांति का त्योहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। बताते चलें की मंगलवार की सुबह होते ही नदियों तथा तालाबों में लोग स्नान करने के बाद पूजा पाठ में लीन रहे।वही मकर संक्रांति के दिन से ही पौष मास की समाप्ति तथा माघ मास की शुरुआत होती है जिसके बाद से सारे मांगलिक कार्य शुरू हो जाते है। एक माह के बाद सूर्य के उत्तरायण होते ही शादी की शहनाई गूंजने लगेगी। सनातनी धर्म को मानने वालें दही-चूड़ा और खिचड़ी ग्रहण कर विभिन्न संस्कार के साथ नये कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे।शुभ मुहूर्त पुण्यकाल में गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। जीवन में सुख-सौभाग्य बना रहता है।वही पंडितो ने बताया कि गंगा स्नान न कर पाने की स्थिति में जल में तिल डालकर स्नान करना भी श्रेयष्कर होगा।वैसे तो मकर संक्रांति का पर्व देशभर में विभिन्न नामों से मनाया जाता है जैसे दक्षिण भारत में पोंगल,पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व के रूप में मनाया जाता है लेकिन झारखंड में यह त्योहार टुसू पर्व के रूप में जाना जाता है। इस दिन कई ग्रामीण इलाकों में टुसू मेला लगता है। इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेकर खुशियां मनाते हैं। फसल काटने के बाद मनाया जाने वाला यह पर्व सबके लिए उत्साह पूर्वक होता है।

# लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद की तैयारी जोरो से

### लोहरदगा राज्य स्तरीय मीट भव्य एवं शानदार होगा : संजय कुमार साहू





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 1951 से चला आ रहा खेलकूद प्रतियोगिता इस वर्ष 67 वीं राज्य स्तरीय मीट का आयोजन ललित नारायण स्टेडियम में दिनांक 17 जनवरी, 18 जनवरी एवं 19 जनवरी 2025 को होना है। इस सम्बन्ध में लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के संगठन सचिव संजय कुमार साहू ने बताया की झारखण्ड स्तरीय मीट में झारखण्ड के अन्य जिलों से लगभग 600 से अधिक एथलेटिक लोहरदगा आने की सम्भावना है। लोहरदगा तीन दिन होगा गुलजार और खिलाडियों के स्वागत को लोहरदगा है तैयार, उन्होंने बताया की ललित नारायण स्टेडियम का ट्रैक एंड फील्ड बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है,वही ÷स्मृति÷ खेल पत्रिका निमित्त सारी तैयारी सुनिचित की जा चुकी है। इस सन्दर्भ में दिनांक 17 जनवरी 2025 को 10:30 बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन के मुख्य अतिथि उपायुक्त लोहरदगा डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण (आईएएस ), एवं विशिष्ट अतिथि लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बीन जमाँ (आईपीएस) द्वारा सुभारम्भ और उद्घघाटन के साथ मार्च पास्ट की सलामी लेंगे,इसके लिए आयोजन मण्डली के एसोसिएट सचिव किशोर कुमार वर्मा, सैयद जाहिद अहमद,खान और अजय कुमार डीसी एसपी को आमंत्रित और स्वीकृति प्रदान करा चुके है। साथ ही कार्यो की मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवन मनोज प्रसाद वरीय अधिवक्ता तथा मदन मोहन पांडेय शिक्षाविद्ध कर रहे है, हाजी अफसर कुरैसी जुडो कराटे कराएँगे तो विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल आवासन व्यवस्था कराएँगे,साथ ही नगरपरिषद लोहरदगा के द्वारा फील्ड बनाने में सहयोग निमित्त साधुवाद। वहीं दिनांक 19 जनवरी 2025 को समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के परिवार और कल्याण तथा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी होंगे। कार्यक्रम में सबकी भागीदारी सुनिचित करने निमित्त निमंत्रण और आमंत्रित करने का कार्य किया जा रहा है विशेष रूप से उर्स लाइन कान्वेंट बालिका उच्च विद्धयालय,उर्स लाइन शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय लोहरदगा के प्राचार्य कार्यक्रम की तैयारी कर रहे है, उन्होंने बताया की लोहरदगा जिला में उत्सव के रूप में तीन दिवसीय आयोजन को बेहतर बनाने निमित्त पूर्व सांसद तथा एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू द्वारा लगातार प्रयासरत है धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा जिला को खेल हब बनाने का लगातार प्रोत्साहित करते रहे है और जिला एथलेटिक एसोसिएशन भी लोहरदगा के शानो शौकत में पीछे नहीं रहा है और न रहेगा इस निमित्त कई बैठकों का दौर चला है तो भी ये खेल उत्सव पुरे लोहरदगा जिला के आम और खास का खेल उत्सव है कहीं कमी हुआ होगा तो अपना जिला का खेल महोत्सव समझते हुए सहयोग हेतु आकांक्षी है। आइये लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में हो रहे खेल महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सफल बनायें। इस अवसर पर मनोज गोप जिला एथलेटिक कोच तथा संतोष राम सहित अन्य कोच इवेंट कॉम्पीटिशन की ऑफिसियटिंग की तैयारी में है तो लाल मोहन केसरी, हाजी शकील अहमद,दानिस अली खाना व्यवस्था की जिम्मेवारी दिया गया है।

## चलते चलते एक नजर

### मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज सलाइन की सीआईडी ने शुरू की जांच

**कोलकाता** : सलाइन कांड की जांच के लिए मंगलवार सुबह दो सदस्यीय सीआईडी टीम मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह टीम सीआईडी के खड़गपुर कार्यालय से आई थी। कोलकाता से डीएसपी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक अन्य सीआईडी टीम भी मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचेगी। सीआईडी की पहली टीम ने मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल मौसमी नंदी और अधीक्षक जयंत राउत से बातचीत की। सूत्रों का कहना है कि वे आवश्यक दस्तावेजों की भी समीक्षा कर रहे हैं।सोमवार को राज्य प्रशासन ने सलाइन घटना में लापरवाही की बात स्वीकार की थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसकी सीआईडी जांच के आदेश दिए थे। मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट पहले ही नवान्न को सौंप दी गई है। राज्य प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, उस रिपोर्ट की समीक्षा के बाद सीआईडी जांच के आदेश दे दिए गए। सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की सीआईडी जांच की घोषणा की थी।दूसरी ओर, मृत प्रसूता मामोनी रुइदास के पति ने देवाशीष रुइदास मामले को सीआईडी को सौंपे जाने के फैसले का स्वागत किया है।उल्लेखनीय है कि मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक गर्भवती महिला की मौत और अन्य की हालत बिगड़ने को लेकर राज्य की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। कथित तौर पर, उन सभी गर्भवती महिलाओं को घटिया गुणवत्ता वाला सलाइन दिया गया था। इसके अलावा, मरीज के परिवार का आरोप है कि गर्भवती महिलाओं पर की गई शल्य चिकित्सा में चिकित्सकीय लापरवाही बरती गई है।

### फाईलेरिया उन्मूलन अभियान में 10 से 14 फरवरी तक खिलाई जाएगी दवा

**जगदलपुर** : राज्य शासन के निर्देशानुसार बस्तर जिले के कलेक्टर हरिस एस. के मार्गदर्शन में जिले के तीन विकासखंड तोकापाल, बस्तर एवं बकावंड में सघन फाईलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान के दौरान 10 से 14 फरवरी तक स्वास्थ्य दलों द्वारा बूथों पर यथा आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायत भवनों में दवा खिलाई जाएगी। तत्पश्चात 15 से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर दवा खिलाई जाएगी। वहीं 26 से 28 फरवरी तक मापअप राउण्ड में छूटे हुए लाभार्थियों को दवा खिलाई जाएगी। इस फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान 10 से 28 फरवरी तक मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एमडीए कार्नर यथा सामूहिक दवा सेवन केन्द्र भी संचालित रहेंगें।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने आज मंगलवार को बताया कि जिले के उक्त चिन्हित 3 विकासखण्डों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन विभाग सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से फाईलेरिया उन्मूलन अभियान को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं कंपलायंस को बढ़ाने हेतु प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल संस्था के द्वारा ममता नंद डिस्ट्रिक्ट मोबिलाइजेशन कोआर्डिनेटर को विकासखंड बस्तर, बकावंड एवं तोकापाल तथा जिला एनव्हीबीडीसीपी शाखा के साथ निरंतर समन्वय के साथ हाथी पांव उन्मूलन हेतु कार्य सम्पादित किए जाने कहा गया है।

# खेल में है कैरियर की अपार संभावना : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : झामुमो युवा मोर्चा पलामू द्वारा आयोजित पलामू कप में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता अविनाश देव और विशिष्ट अतिथि पाकुड़ पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू दुबे शामिल हुए। युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला,सचिव आशुतोष विनायक ने दोनों का स्वागत अंगवस्त्र देकर कर किया। मुख्य रूप से मौजूद अविनाश देव जी और सोनू दुबे जी ने पहले मैच के विजेता पठान इलेवन के प्रवीण पाण्डेय मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान किया। साथ ही दूसरा मैच जो वृंदावन इलेवन और पलामू वॉरियर के बीच खेला गया, उनके बीच टॉस करा कर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किए फिर मैच शुरू कराया। दर्शकों खिलाड़ियों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा युवाओं में गजब का जोश है युवा अगर धूम्रपान छोड़ कर खेल का नशा अपने ऊपर चढ़ा ले तो दुनिया हिल जाएगा और जीवन का कैरियर मिल जाएगा। युवाओं ने दुनिया में आंधी लाया है इतिहास गवाह है। जरूरत है देश के लिए खेलने की देश मजबूत होगा समाज सशक्त होगा। इस कार्यक्रम में कॉमेंटेटर के रूप में ए पी लक्की, वेद प्रकाश शर्मा, स्कोरर दीपक तिवारी, अंपायर मिंटू तिवारी, छोटू तिवारी, एन एस यू आई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी जी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष फैजल सैयद, राजू शुक्ला, पिंटू शुक्ला, अमित पाण्डेय, आशीष रंजन, सुमित पाण्डेय।

## गुरु गोविंद सिंह का जीवन हमें साहस, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है: बालकृष्ण

एजेंसी

**हरिद्वार** : गुरु गोविंद सिंह की जयंती तथा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में पतंजलि विश्वविद्यालय की गुरु गोविंद सिंह शोधपीठ के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम में कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन हमें साहस, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी विद्वता, विशेष रूप से संस्कृत और धर्मशास्त्र में उनकी गहरी समझ, भारतीय सनातन, संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर को समृद्ध करती है।उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने हमें शिक्षा, परंपरा, और धर्म का समन्वय करना सिखाया। ऐसे महान व्यक्तित्व हमारी संस्कृति और सभ्यता की आधारशिला हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देते रहेंगे।मुख्य वक्ता डॉ. हरप्रीत सिंह, असोसिएट प्रोफेसर, गुरु अंगद देव वेटेनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन-दर्शन अव्याख्य है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह सत्य, साहस और धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया।गुरु गोविंद सिंह चेयर के अध्यक्ष प्रो. जे.एस. संधु ने गुरु गोविंद सिंह के नाम पर स्थापित चेयर के कार्यकलापों और उद्देश्यों को सभागार में उपस्थित लोगों से साझा करते हुए कहा कि जल्द ही इस चेयर के अन्तर्गत पीएचडी शोध कार्य शुरू किये जायेंगे।कार्यक्रम के अंत में पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता के अंतर्गत शास्त्र स्मरण में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को आचार्य बालकृष्ण ने नकद राशि, मेडल और प्रशस्तिपत्र प्रदान किये।

# देश के हर व्यक्ति को महाकुम्भ का दर्शन करना चाहिए : जया किशोरी



एजेंसी

**महाकुंभनगर** : महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर संगम में डुबकी लगाने देश दुनिया के श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे हैं। वहीं देश के सभी मत पंथ सम्प्रदायों को मानने वाले संत व आचार्य भी महाकुम्भ पहुँचे हैं। वहीं बड़ी संख्या में देश के बड़े कथावाचक भी इन दिनों मेला क्षेत्र में कथा कह रहे हैं। प्रख्यात कथा वाचक जया किशोरी भी इन दिनों महाकुम्भ में हैं। मकर संक्रान्ति पर उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। संगम में स्नान करने के बाद जया किशोरी ने पत्रकारों से कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं पहली बार कुम्भ में स्नान के लिए आई हूं। मैं चाहूंगी कि देश का हर व्यक्ति महाकुम्भ का दर्शन करने आये। उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति, धर्म और संस्कार दुनिया को दिखा रहे हैं, जिससे युवा आकर्षित हो और उनका ध्यान भगवान और भक्ति से जुड़ सके। मैं अपनी कथाओं में इस बात को कहती हूँ कि बच्चे पाश्चात्य संस्कृति की ओर इसलिए बढ़ते हैं कि हम अपनी संस्कृति को बहुत उजागर करके बताते नहीं हैं। जब हम अपनी संस्कृति व अपने धर्म के बारे में बतायेंगे तो हमारे बच्चे आकर्षित होंगे। सभी को मकर संक्रांति की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।पूर्व केन्द्रीय मंत्री व महामण्डलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने भी मकर संक्रान्ति की श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं।वहीं किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा, ÷आज हम लोग संगम तीर्थ पर हैं। महाकुम्भ का पहला अमृत स्नान है और हमें बहुत खुशी है कि हम इस स्नान के भागीदार बन रहे हैं। मकर संक्रांति की सभी को बहुत शुभकामनाएं।

# सेवा कार्य ही ईश्वर की पूजा है : मनोज सिंह

युवा समाजसेवी व पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने किया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू में कड़ाके की ठंड पड रही है। इसे देखते मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने लोगो का हाल जानने के लिए सर्द रात में निकले, इस दौरान उन्होने लोगो से मुलाकात की। नववर्ष की शुभकामना दी। उन्हें गर्म कपडे, शाल और कंबल का वितरण किया।कार्यक्रम की शुरूआत बेलवाटिका से की। उसके बाद कान्दू मुहल्ला, सेमरटांड, पंपूकल का दौरा किया।मौकै पर भावी मेयर प्रत्याशी श्री सिंह ने कहा कि राजनीति उनके लिए सेवा का भाव हैं। सेवा के मिशन को लेकर वह राजनीति में आये हैं। विरासत में हीं सेवा का संस्कार मिला हैं। सेवा के संस्कार के विरासत को वह पूरी सक्रियता के साथ आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

उन्होने कहा कि सेवा का बेहतर माहौल तैयार करने के लिए काम करना चाहिए। सभी को सामर्थय के अनुसार सेवा कार्य करना चाहिए।सही मायने में सेवा कार्य ही ईश्वर की पूजा हैं। सेवा के इस मर्म को समझने की आवश्यकता हैं। उन्होने कडाके की ठंड में लोगो को राहत मिले इसके लिए यह छोटा प्रयास कर रहे है।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को पूरे नगर निगम क्षेत्र में घर-घर जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल और शाल देकर ठंड से राहत दिलाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर किशोर कुमार, मुन्ना प्रसाद, राजू खान सहित कई लोग मौजूद थे।

अतिसंवेदनशील पाटन के चेतमा में पहुंचे वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर

# पहाड़ी क्षेत्र के गांव का विकास सरकार की प्राथमिकता : किशोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : मंगलवार को जिले के पाटन प्रखंड के चेतमा में जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों की समस्याओं को जाना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य के संसदीय कार्य एवं वित्त विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम मुख्य रूप से शामिल हुए। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। मौके पर कई तरह की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि एक समय था, जब चेतमा, बुड़ीबुका, तिलैया गांव में आम आदमी का पहुंचना मुश्किल था। आने जाने की सड़क और नक्सलियों का खतरा होने के कारण इन क्षेत्रों का विकास नहीं हो पाया, लेकिन गांव में आने जाने के लिए मिट्टी मोरम सड़क बना दी गयी है। पुलिस पिकेट स्थापित है। पहाड़ी क्षेत्र के लोगों का कैसे आर्थिक-समाजिक विकास हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम रखा गया।प्रशासन इसमें काम कर रहा है। मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया। पीने के पानी की समस्या दूर की जाएगी। यह हमारी जिम्मेवारी है। आजादी के बाद जिन इलाकों सिस्टम नहीं पहुंच पाया है, वहां पहुंचाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उद्देश्य है। जबतक लोकतांत्रिक व्यवस्था आभावग्रस्त इलाकों में नहीं पहुंचेगी, तब तक समुचित विकास नहीं हो सकता।

चेतमा को जोड़ने वाली सड़क की स्वीकृति दिला दी गयी है –वीडी राम

सांसद वीडी राम ने कहा कि चेतमा को जोड़ने वाली सड़क की स्वीकृति दिला दी गयी है। जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा।

आदिवासी बाहुल गांवों के लिए प्रधानमंत्री जन मन योजना की शुरूआत की गयी है। बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## मकर संक्रांति के दिन विधि विधान से खुले आदि बद्री मंदिर के कपाट

**गोपेश्वर** : चमोली जिले के कर्णप्रयाग विकास खंड स्थित श्री आदि बद्री मंदिर के कपाट मकर संक्रांति के पर्व पर पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं। परंपराओं के अनुसार मंदिर के कपाट वर्षभर में पौष माह के लिए बंद रहते हैं। मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही आदिबद्री में सात दिवसीय श्री आदिबदरी महाभिषेक समारोह, शीतकालीन पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास मेला और आचार्य नागेन्द्र तिवारी की ओर से श्रीमदभागवत कथा वाचन भी प्रारंभ हो गया है। मकर संक्रांति के मौके पर मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में मुख्य पुजारी चक्रधर थपलियाल ने कपाट खुलने के मौके पर अभिषेक पूजा संपन्न करवाई। जिसके बाद भगवान नारायण का श्रृंगार, भोग और पंच ज्वाला आरती के बाद मंदिर में दर्शनों की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

# उत्साह के साथ असम में मनाया गया भोगाली बिहू



एजेंसी

**गुवाहाटी** : असम की राजधानी गुवाहाटी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में परंपरा, धार्मिक रीति-रिवाज और उत्साह के साथ भोगाली बिहू का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। राज्य के विभिन्न स्थानों पर इस पर्व को अपनी सांस्कृतिक विरासत के अनुसार अनोखे अंदाज में मनाते देखा गया। बटद्रवा में भोगाली बिहू का आयोजन सत्रीया परंपरा के अनुसार किया गया। बटद्रवा के लोगों ने पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा को सजीव रखते हुए सामूहिक रूप से नाम-कीर्तन किया और भेलाघर में अग्नि प्रज्वलित कर वर्ष भर के लिए मंगल कामना की। बिहू के इस पावन अवसर पर बटद्रवा के निवासियों ने 'गोल कुंजी गोल चंदन पिंधाबोले गोल...' शीर्षक से दिहा नाम का गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शिवसागर जिले के डिमौ में भी पारंपरिक रीति से मेजी जलाने की परंपरा निभाई गई। लाचित नगर के निवासियों ने प्रातःकाल एकत्रित होकर मेजी जलाया और अग्नि की ऊष्मा ग्रहण की। इसके उपरांत महिलाओं ने घर में बने पिठा और पोनार से सभी का स्वागत किया। वहीं तामुलपुर में भोगाली बिहू का उत्सव बीटीआर के प्रमुख प्रमोद बोडो के नेतृत्व में मनाया गया। तामुलपुर जिले में यूपीपीएल के आयोजन से मटोंगा पार में मेजी प्रज्वलित की गई। प्रमोद बोडो ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा और समस्त असमवासियों को भोगाली बिहू की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस अवसर पर सभी से परंपरा को सहेजने का आग्रह किया।दक्षिण धुबड़ी जिले के चापर के बहलपुर बड़पारा द्वितीय खंड गांव में भी भोगाली बिहू का उल्लासमय माहौल रहा। गांव के निवासियों ने मेजी जलाने के बाद सामूहिक रूप से मिलकर दही, पिठा और पोनार का आनंद लिया।

# महिला हुनर हाट 2025 लकी ड्रा विजेताओं को बधाई : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में लगे हुनर हाट 2025 हर्षोल्लास और चहल-पहल के बीच संपन्न हो गया। जैसा की पूर्व में बताया गया था कि मेला में प्रवेश लकी ड्रा कूपन के माध्यम से होगा। जिसे दिखाते हुए प्रवेश पत्र की आधी प्रति लकी ड्रॉ बॉक्स में डालनी थी। जिसे लगभग सभी लोगों ने डाला। संध्या 6ः00 बजे सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं उपस्थित आगंतुकों के सामने एवं प्रतियोगिताओं के विजेता के समक्ष उपस्थित बच्चों के द्वारा उस लकी ड्रा बॉक्स से बारी बारी करके पुरस्कृत टिकट निकाली गई। इसमें प्रथम पुरस्कार टीवी के लिए टिकट संख्या 0957 निकली। द्वितीय पुरस्कार टिकट संख्या 0038 के द्वारा विक्रांत सिंघानिया को फिज मिला। हमारे मीडिया के साथी दिवाकर जी को तृतीय पुरस्कार में वाशिंग मशीन टिकट संख्या 0087 के माध्यम से प्राप्त हुई। इसके अलावा प्रथम सांत्वना पुरस्कार के रूप में रिना अग्रवाल को टिकट संख्या 0594 से मिक्सी प्राप्त हुआ। शेष तीन संतान पुरस्कार के लिए टिकट संख्या 0293 .टिकट संख्या 0084 एवं टिकट संख्या 0706 के लिए कोई भी पुरस्कार लेने के लिए अभी तक नहीं पहुंचा है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं चेंबर परिवार आपसे अनुरोध करते हैं कि जिन किसी के पास भी प्रथम पुरस्कार या शेष बचे 3 संतान पुरस्कार की टिकट है, वह कृपया सहित्य समाज चौक पर रितेश मेडिकल में आशीष भगत से फोन नंबर 933471734 पर संपर्क कर सकते हैं। टिकट दिखाकर तीन दिनों के अंदर अपना पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं द्य प्रथम महापौर ने सबों को शांतिपूर्ण ढंग से मेले को सफल बनाने के लिए पुनः बधाई दी।

## सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव की तैयारियां पूरी

**फरीदाबाद** : जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से आगामी 19 जनवरी को होने वाले हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मंगलवार को डीसी विक्रम सिंह ने तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गयी है। फरीदाबाद जिले में सात पोलिंग बूथ बनाये गए हैं। डीसी ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव वार्ड 40 फरीदाबाद की रिटर्निंग अधिकारी एवं एफएमडीए जॉइंट सीईओ गौरी मिड्ढा को सभी पोलिंग पार्टीयों के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही चुनाव निष्पक्ष और शान्ति पूर्वक करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को भी क़ानून वयवस्था सख्त रखने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि 19 जनवरी को पोलिंग तथा उसी दिन शाम को मतदान के उपरांत काउंटिंग व रिजल्ट जारी किया जाएगा।

# मध्य प्रदेश में 28 जनवरी तक हर गांव व शहर में मनाया जाएगा आनंद उत्सव




एजेंसी

**भोपाल** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मकर संक्रांति से 28 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव और शहर में आनंद उत्सव मनाया जाएगा। डॉ. यादव ने सभी ओर खुशियां बिखरने और हर चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई इस पहल में सभी प्रदेशवासियों से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण राज्य सरकार का प्रण है। लोक-संस्कृति में रची-बसी गतिविधियों का सामुदायिक स्तर पर संचालन जीवन में आनंद का संचार करता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण प्रदेश में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप कपूर ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नागरिकों में सहभागिता और उत्साह को बढ़ाने के लिए हर गांव और शहर में समूह स्तर पर परंपरागत खेल और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

उन्होंने कहा है कि आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं सहभागिता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नागरिकों की मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक उन्नति और प्रसन्नता, प्रदेश के विकास और खुशहाली के लिए आवश्यक है। आधारभूत आवश्यकताओं तथा अधोसंरचना की उपलब्धता के साथ आनंद और प्रसन्नता का संचार जीवन को परिपूर्ण बनाने के लिए जरूरी है। सांस्कृतिक आयोजन तथा खेल, व्यक्ति की मानसिक-शारीरिक और भावनात्मक सकुशलता बढ़ाने के मुख्य कारक हैं। आनंद उत्सव का आयोजन इन्हीं तथ्यों के आधार पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत होने वाली गतिविधियां, भारतीय परम्परा में आनंद की अवधारणा पर केन्द्रित होंगी।